22 नवंबर, 2024
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 34

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# एक महीना पांच दिन के बाद शांति का पल

## राजनीतिक दलों के कार्यालयों में पसरा सन्नाटा, नेता रहे रिलैक्स्ड, 23 नवंबर का इंतजार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर को झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों को एलान किया था। इसके बाद झारखंड में राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज हो गयीं। भाजपा, झामुमो, कांग्रेस, राजद, आजसू, लोजपा, माले समेत सभी राजनीतिक दलों के नेता चुनावी रणनीति बनाने में जुट गये। राज्य में दो चरणों में, 13 नवंबर और 20 नवंबर को मतदान हुआ। चुनाव की घोषणा और मतदान के बीच यानी एक महीना पांच दिन राज्य में राजनीतिक हलचल तेज रही। क्या दिन, क्या रात, सभी पार्टियां, उनके नेता और प्रत्याशी चुनाव प्रचार में खुद को झोंक दिया। राज्य में इंडी (झामुमो, कांग्रेस, राजद, माले) और एनडीए (भाजपा, आजसू, जदयू, लोजपा-आर) के बीच मुख्य मुकाबला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के कई राष्ट्रीय नेता, केंद्र सरकार के मंत्री, कांग्रेस के राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अन्य नेता, तो झामुमो से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, आजसू से सुदेश महतो, राजद से तेजस्वी यादव, लोजपा से चिराग पासवान आदि कई नेताओं का लगातार राज्य का दौरा होता रहा। भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा का तो चुनाव घोषणा के बाद से बसेरा झारखंड ही हो गया था। अब दोनों चरणों के मतदान के दूसरे दिन गुरुवार को सभी के लिए शांति का दिन रहा। क्या नेता, क्या कार्यकर्ता, अधिकारी और सुरक्षाकर्मी भी थोड़े रिलैक्स्ड रहे। अब सभी को 23 नवंबर का इंतजार है। इस दिन मतगणना होगी। किस सीट से कौन बना 'सिकंदर', यह सामने आयेगा। जनता ने हेमंत सरकार को फिर दिया मौका या भाजपा के हाथों सौंप दी सरकार, आयेगा सामने।

कुछ एजेंसियों ने राज्य में एग्जिट पोल चुनाव के बाद दिखाया है। गुरुवार को सारा दिन इसे लकेर चर्चा चली। चौक-चौराहे या अन्य जगहों पर किसकी सरकार बनेगी, इसका अनुमान लगाया जा रहा था। प्रत्याशी, नेता, कार्यकर्ता अपने-अपने हिसाब से चुनावी चर्चा में लगे रहे। झामुमो, कांग्रेस और भाजपा कार्यालय में सन्नाटा रहा। एक-दो नेता और कार्यकर्ता आते-जाते रहे। कुल मिलाकर गुरुवार का दिन आराम का था। हालांकि परिणाम को लेकर सभी की धड़कनें तेज हैं। एग्जिट पोल के बाद भले ही इंडी या एनडी गठबंधन के नेता अपनी-अपनी जीत का दावा कर रहे हैं, लेकिन वे भी 100 फीसदी आश्वस्त नहीं हैं। इसका नतीजा है कि अभी जीत के जश्न का कार्यक्रम बनना शुरू नहीं हुआ है।

## शिवराज लौटे दिल्ली, कहा मीठी स्मृतियां लेकर जा रहा

### प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत अन्य लोगों से की मुलाकात




रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय कृषि मंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सहित भाजपा पदाधिकारियों को निवास पर आमंत्रित किया। उनके साथ अनौपचारिक बैठक की। इसके बाद शिवराज सिंह चौहान भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां के कर्मियों से मिले। सभी को चुनाव में अथक परिश्रम और सहयोग के लिए धन्यवाद किया। शिवराज सिंह ने कहा कि भाजपा एक परिवार है। परिवार में कोई मंत्री रहता है, कोई मुख्यमंत्री रहता है। लेकिन सभी कार्यकर्ता एक परिवार हैं, जो एक राष्ट्र पुनरुत्थान के मिशन में लगे हुए है। चुनाव में उन्होंने ने भी दिन और रात मेहनत की है। उन्होंने कहा कि झारखंड से बड़ी मीठी स्मृतियां लेकर जा रहा हूं। ये बड़ा अद्भुत प्रदेश है। यहां बहुत संभावनाएं हैं। यहां की जनता ने बहुत स्नेह और प्यार दिया है ।

## 23 तक जोश और जज्बा बरकरार रखना है: हेमंत

### मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया



रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार एक महीने तक चुनाव प्रचार के लिए प्रदेश के विभिन्न हिस्सों का दौरा करते रहे। गुरुवार को उन्होंने रांची में शातिपूर्ण तरीके से समय बिताया। उन्होंने गुरुवार को झामुमो के सभी प्रत्याशियों और कार्यकर्ताओं के साथ ऑनलाइन बैठक की। चुनाव के बाद भी उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं की हौसला अफ्जाई की। हेमंत ने कहा कि सभी ने दिन-रात अपना खून-पसीना बहाकर कड़ी से कड़ी मेहनत की है। इसके लिए आप सभी का आभार और जोहार। फिर कहा कि अब बस 23 तारीख तक हमें कमर कस कर यही जोश और जज्बा बरकरार रखना है। भाजपा की हर साजिश को नाकाम करना है।

## दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में सभी इवीएम स्ट्रांग रूम में सील: के रविकुमार

### झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों का मतदान प्रतिशत रहा 67.74

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था में सभी इवीएम स्ट्रांग रूम में स्क्रूटनी के बाद सील कर दिये गये हैं। पहले स्तर की सुरक्षा केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के जिम्मे है। दूसरे स्तर की सुरक्षा व्यवस्था राज्य सशस्त्र बल के जवान संभाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन दो स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तीन स्तरीय हो जायेगी। तीसरे स्तर की सुरक्षा व्यवस्था राज्य पुलिस के जिम्मे होगा। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन में प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का फोकस इस बार समाज के हासिये पर खड़े लोगों को भी मतदान का हिस्सा बनाने पर था। इसके तहत सुदूर इलाके में जंगल-पहाड़ पर बसेरा करनेवाले से लेकर अलग-थलग रहनेवाले कुष्ठ पीड़ितों तक को योजनाबद्ध तरीके से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में जामताड़ा के हांसीपहाड़ी स्थित स्नेहपुर में कुष्ठ पीड़ित मतदाताओं के लिए बनाए गए विशेष मतदान केंद्र में सभी 57 मतदाताओं ने अपने मत का इस्तेमाल किया। सामुदायिक भवन के मतदान केंद्र (362 क) मिहिजाम स्थित स्नेहपुर कुष्ठ आश्रम को सहायक मतदान केंद्र के रूप में गठित किया गया था।

**महिलाओं ने ज्यादा वोट किया:** रविकुमार ने कहा कि दूसरे चरण में कुल 68.95 प्रतिशत मतदान हुआ है। पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद मतदान प्रतिशत में और इजाफा होगा। उन्होंने बताया कि दोनों चरणों के मतदान का प्रतिशत 67.74 रहा है। मतदान में पुरुषों की अपेक्षा महिला मतदाताओं ने ज्यादा मतदान किया है। वहीं शहर की अपेक्षा ग्रामीण मतदाता मतदान में आगे रहे हैं।

### आठ बजे सुबह शुरू होगी मतगणना

रविकुमार ने कहा कि राज्य के सभी 24 जिला मुख्यालयों में मतगणना केंद्र बनाये गये हैं। 23 नवंबर की सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी। 8.30 बजे से इवीएम के मतों की गिनती शुरू की जायेगी। पहले राउंड की मतगणना का रिजल्ट 9.30 बजे संभावित है।

## न्यूज रील्स

### प्रधानमंत्री मोदी को गुयाना और डोमिनिका का सर्वोच्च सम्मान



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोविड-19 महामारी के दौरान उनके महत्वपूर्ण योगदान और भारत व कैरेबियाई देशों के बीच संबंध मजबूत करने के उनके प्रयासों के लिए गुयाना और डोमिनिका द्वारा प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किये गये हैं। ये पुरस्कार मोदी के वैश्विक नेतृत्व, जलवायु अनुकूलन और विकास सहयोग में उनके योगदान को मान्यता देते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को गुयाना के राष्ट्रपति इरफान अली द्वारा देश के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया। वहीं, डोमिनिका की राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन द्वारा उन्हें 'डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर' प्रदान किया गया।

### अडाणी पर न्यूयॉर्क में धोखाधड़ी का आरोप

न्यूयॉर्क/नयी दिल्ली। अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपये की धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस का कहना है कि अडाणी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपये) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे थे। यह पूरा मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ है। 24 अक्टूबर 2024 को न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में यह केस दर्ज हुआ था। बुधवार को इसकी सुनवाई में गौतम अडाणी, उनके भतीजे सागर अडाणी, विनीत एस जैन, रंजीत गुप्ता, साइरिल कैबेनिस, सौरभ अग्रवाल, दीपक मल्होत्रा और रूपेश अग्रवाल को आरोपी बनाया गया है।

## बरकट्ठा में अलग-अलग हादसों में आठ की मौत

- कोलकाता जा रही बस पलटने से छह की मौत, दर्जनों घायल
- एक अन्य दुर्घटना में दो युवकों की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकट्ठा।** हजारीबाग जिले के गोरहर एवं बरकट्ठा थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क के कारण हर दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। अधूरी सड़कों के कारण गोरहर में गुरुवार को बड़ा हादसा हुआ। पटना से कोलकाता जा रही वैशाली नामक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृतकों में तीन महिला और तीन पुरुष शामिल हैं। मृतकों में एक की पहचान राजकुमारी प्रसाद पति मोतीचंद प्रसाद गोपालगंज बिहार निवासी एवं एक की पहचान सीजु के रूप में हुई। बाकी मृतकों की पहचान पुलिस नही कर पायी थी। हादसे में दर्जनों लोग घायल हो गये। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर, इस दुर्घटना ने स्थानीय लोगों के गुस्से को और बढ़ा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह हादसा कंपनी की लापरवाही का नतीजा है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही सड़कों की स्थिति नहीं सुधरी, तो आंदोलन किया जायेगा।

उधर, गोरहर पुल पातीतिरी मोड के पास जीटी रोड पर हुई सड़क दुघर्टना में दो युवकों की मौत हो गयी। घटना गुरुवार दोपहर की है। मृतकों की पहचान पप्पू मंडल पिता नारायण मंडल एवं मनीष कुमार पिता लखन मंडल ग्राम कोल्हू, विष्णुगढ़ निवासी के रूप में हुई। जानकारी हो कि पप्पू और मनीष मोटरसाइकिल से अपने घर से शादी में शामिल होने सलैया गांव जा रहे थे। इसी दौरान गोरहर पुल के पास अचानक बस के चपेट में आ गये, जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी।


### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने जताया शोक

रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हजारीबाग में हुई सड़क दुर्घटना पर शोक जताया है। राज्यपाल ने कहा है कि हजारीबाग के बरकट्ठा में हुए सड़क हादसे की घटना अत्यंत दुखद और हृदयविदारक है। इस दुर्घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा है कि सड़क हादसे में लोगों के मरने की खबर से मन दुखी है। परमात्मा दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विषम घड़ी सहन करने की शक्ति दें। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल और अन्य घायलों को आवश्यक सहयोग और बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट, लिखा फुर्सत के पल

### फोटो में कल्पना सोरेन दिखीं हेमंत सोरेन का बाल संवारते

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** विधानसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त हो गया है। चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन झामुमो के स्टार कैंपेनर थे। दोनों ही नेताओं ने 100 से ज्यादा चुनावी सभाओं को संबोधित किया। एक-एक दिन में दोनों नेता छह से आठ सभाओं को संबोधित कर रहे थे। गठबंधन के प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में इस कदर व्यस्त रहे कि दोनों को अपने लिए वक्त ही नहीं मिला। दोनों खुद भी चुनाव मैदान में खड़े हैं। मुख्यमंत्री बरहेट विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं, कल्पना सोरेन गांडेय विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। अब चुनाव संपन्न हो गया और मतगणना का इंतजार है, तो दोनों को आराम करने का मौका मिला। इस क्षण को मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर दो तस्वीरों को शेयर किया, और लिखा कि फुर्सत के पल। एक फोटो में हेमंत सोरने का बाल कल्पना सोरेन संवारती दिख रही हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में कल्पना सोरेन की मां भी हैं, जो कल्पना सोरेन के बालों की चंपी कर रही हैं।

YASH ENTERPRISES
Deals In :
All Types of CP Bath Fitting,
Pumps, Sanitaryware, Pipes & Fitting



J.J Road, Beside, Deepak Trading
Upper Bazar, Ranchi - 01
Mob.: 9835901322, 9709082614

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
No 1 Channel
YouTube Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 72,000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94,000 रु./प्रति किलो |



# 23 तारीख तय करेगा 24 साल के झारखंड को कौन चाहिए

## पांच साल की मेहनत का फल चाहे जिसे मिले, विकास ही सबका लक्ष्य

आजाद सिपाही विशेष

बस कुछ घंटे और। फिर दुनिया के सामने होगी 24 साल के झारखंड की सबसे बड़ी पंचायत, यानी विधानसभा के छठे संस्करण की तस्वीर। इस विधानसभा में कौन किधर बैठेगा, यह तय हो जायेगा और इसके साथ ही झारखंड की विकास यात्रा का नया अध्याय भी शुरू होगा। पांच साल की सियासी खेती में की गयी मेहनत के बाद अब फसल पक कर तैयार है और इसके काटने का समय आ गया है। कभी भारत में राजनीति की प्रयोगशाला के रूप में चर्चित इस राज्य ने सियासी मैदान में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन इतना तय है कि इसके बावजूद विकास की इसकी भूख खत्म नहीं हुई है और न इसके सपनों में जंग लगे हैं। झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता छठी विधानसभा में चुन कर आनेवाले अपने सियासी रहनुमाओं से अब यही उम्मीद लगाये बैठी है कि वे इस राज्य को विकास के रास्ते पर कितनी तेजी से आगे ले जाते हैं। आज पूरा झारखंड इस बात का हिसाब-किताब कर रहा है कि पिछले पांच साल के दौरान राज्य ने क्या हासिल किया और क्या खोया। राजनीतिक स्थिरता के एक दशक के बाद झारखंड में इस बार का चुनाव परिणाम चाहे कुछ भी हो, सत्ता चाहे जिसे मिले, एक बात तय है कि यहां के लोग अब राजनीति की पथरीली जमीन को जानने-समझने लगे हैं। विकास की अपनी भूख और आगे बढ़ने के अपने सपने को पंख देने के लिए झारखंड अब हर वह जतन करने को तैयार है, जिस पर सवार होकर सियासी ताकतें चुनावी फसल काटती हैं। झारखंड को चुनाव परिणाम का इंतजार है और साथ ही इस बात का भी इंतजार है कि उसके फैसले से विधानसभा का क्या रंग उभरता है। शायद झारखंड का यह एक मात्र ऐसा विधानसभा चुनाव है, जहां कोई भी प्रत्याशी या राजनीतिक विशेषज्ञ खुले तौर पर नहीं कह सकता कि राज्य की कमान किस ओर जाने वाली है, या कौन सा प्रत्याशी जीतने ही वाला है। इस बार की फाइट सही मायने में टक्कर वाली ही हुई है। यह झारखंड के भविष्य के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि वोटर्स ने भी इस चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। जनमानस के इन सवालों की पृष्ठभूमि में क्या हैं झारखंड की समस्याएं, कैसे विकास के रास्ते पर आगे बढ़ सकता है झारखंड, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड, यानी दुनिया के सबसे लोकतंत्र के राजनीतिक नक्शे पर 24 साल पहले 15 नवंबर, 2000 को 28वें राज्य के रूप में उभरा राज्य, जिसने इन 24 सालों में 13 मुख्यमंत्री देखे, तीन बार राष्ट्रपति शासन देखा और एक निर्दलीय विधायक को मुख्यमंत्री बनते भी देखा। कभी झारखंड का नाम आते ही जेहन में तस्वीर उभरती थी सियासी लिहाज से अस्थिर राज्य की, राजनीतिक प्रयोगशाला के रूप में चर्चित प्रदेश की, लेकिन इस राज्य के लोगों ने एक दशक पहले इस कलंक को मिटा दिया है। यह राज्य अपनी छठी विधानसभा चुनने के लिए मतदान कर चुका है और अगले कुछ घंटे में यहां के करीब 2.58 करोड़ मतदाताओं का फैसला दुनिया के सामने आ जायेगा। लेकिन झारखंड विधानसभा चुनाव का परिणाम आने से पहले यह जानना जरूरी है कि इस राज्य की सियासी तस्वीर क्या है और क्या है इसका चुनावी इतिहास।

### अब तक किसी दल को अकेले बहुमत नहीं मिला

अलग राज्य बनने के 14 साल तक झारखंड ने जो राजनीतिक अस्थिरता झेली, उसके पीछे है यहां की सत्ता का वह अंकगणित, जिसे साध कोई भी सियासी दल बहुमत के लिए जरूरी 41 के जादुई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। झारखंड विधानसभा की कुल सदस्य संख्या 81 है। इस सदन में बहुमत के लिए जरूरी जादुई आंकड़ा 41 सीटों का है। देखने में यह संख्या भले ही कम लग रही हो, लेकिन झारखंड के चुनावी समर में उतरने वाले हर दल के लिए यही संख्या किसी बहुत ऊंची चोटी से कम नहीं। कम से कम अभी तक हुए चार विधानसभा चुनावों में तो कोई भी दल इस आंकड़े तक नहीं पहुंच सका है। 2014 में भाजपा को 37 विधानसभा सीटों पर जीत मिली थी और यही यहां के चुनावी इतिहास में किसी दल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

### 2009 में चार दलों ने पार की थी दहाई की संख्या

झारखंड चुनावों के अतीत पर नजर डालें, तो अब तक केवल एक चुनाव में ऐसा हो सका है, जब चार पार्टियों को 10 या उससे ज्यादा सीटों पर जीत मिली थी। ऐसा 2009 के विधानसभा चुनाव में हुआ था, जब भाजपा और झामुमो, दोनों ही पार्टियों को 18-18 सीटों पर जीत मिली थी। तब कांग्रेस ने भी 14 और झारखंड विकास मोर्चा (जेवीएम) ने 11 सीटें जीती थीं। 2009 के विधानसभा चुनाव से पहले या उसके बाद ऐसा कभी नहीं हुआ जब तीन से ज्यादा पार्टियों की सीटें दो अंकों में पहुंची हों।




### दो चुनावों में 30 के फेर में फंसे सियासी दल

राज्य के दो चुनाव ऐसे भी रहे, जब सियासी दल 30 के फेर में फंसे। 2005 में भाजपा सबसे बड़ा दल बनकर उभरी, लेकिन सीटें उसकी 30 थीं। यही इतिहास दोहराया गया 2019 में भी, जब झामुमो सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी और उसकी सीटें भी 30 ही रहीं। 2005 में झामुमो 17 सीटें जीतकर दूसरे नंबर पर रही थी और तीसरे नंबर की पार्टी कांग्रेस के पास नौ सीटें थी। 2019 के चुनाव में भी नंबर तीन कांग्रेस ही रही, लेकिन सीटें इस बार 16 थीं।

### अब झारखंड की चुनौतियों की बात

आज केवल झारखंड ही नहीं, पूरी दुनिया उस सियासी फसल के कटने का इंतजार कर रही है, जिसे झारखंड में पिछले पांच साल में तैयार किया गया है। राज्य के मतदाताओं ने छठी विधानसभा के लिए अपना फैसला सुना दिया है और इस फैसले की जानकारी कुछ घंटे बाद दुनिया को मिल जायेगी। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि इस फसल के पौष्टिक तत्व केवल उस सियासतदानों को मिल जायेंगे, जो राज्य की सत्ता पर बैठेंगे या फिर यहां की साढ़े तीन करोड़ जनता तक भी उस पौष्टिकता को पहुंचाया जायेगा। देश के आर्थिक विकास की दौड़ में झारखंड अभी बहुत पीछे है, यह बात सभी जानते हैं, लेकिन इस पिछड़ेपन का कारण क्या है, इस पर कभी गंभीरता से विचार नहीं किया गया। चुनाव परिणाम के इंतजार में बीत रहा आज का दिन उन सवालों पर विचार करने और उन चुनौतियों से पार पाने का रास्ता तलाशने का भी अवसर है, जिसने इस राज्य के विकास की गाड़ी में ब्रेक लगा रखा है। इस बात में कोई संदेह नहीं है कि झारखंड ने इन 24 सालों में प्रगति भी की है, लेकिन वह काफी नहीं है। आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक स्तर के अलावा रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के स्तर पर अब भी बहुत कुछ किये जाने की जरूरत है।

इस चुनाव परिणाम का एक रस यह भी होगा कि इसमें उस युवा का फैसला भी नजर आयेगा, जो झारखंड में पैदा हुआ है। इस परिणाम से यह पता चलेगा कि झारखंड में पैदा हुआ वह बच्चा कितना जिम्मेवार, कितना वयस्क और कितना जागरूक बन पाया है। यह भी एक हकीकत है कि तमाम ऊंचाइयां हासिल करने के बावजूद कुछ ऐसी चुनौतियां झारखंड के सामने मुंह बाये खड़ी हैं, जिन्हें हमेशा के लिए खत्म करना अब जरूरी हो गया है। इन तमाम परिस्थितियों के बीच चुनाव परिणाम जानने की अकुलाहट से इतर एक ही बात झारखंड बार-बार कह रहा है और वह यह कि चुनाव मैदान की कड़वाहट को भूल कर अब बात राज्य-समाज के विकास की हो, आगे बढ़ने की हो और देश के विकास की दौड़ में आगे आने की हो।

# रांची में स्ट्रांग रूम की बढ़ायी गयी निगरानी
# तीन लेयर का सुरक्षा घेरा, ट्रैफिक में बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 का मतदान संपन्न हो चुका है। अब मतगणना की बारी है। राजधानी रांची सहित राज्य के सभी जिलों के मतगणना केंद्र की सुरक्षा को लेकर खास इंतजाम किए गए हैं। रांची में तीन लेयर का सुरक्षा घेरा स्ट्रांग रूम को लेकर तैयार किया गया है।

**केंद्रीय बलों की भी तैनाती :** रांची के पंडरा बाजार समिति स्थित मतगणना स्थल की सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा खुद सुरक्षा की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। 500 से अधिक जवानों और पदाधिकारियों को मतगणना स्थल की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है।

इस संबंध में रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का एसओपी चुनाव आयोग के द्वारा तय किया गया है। तय एसओपी के तहत स्ट्रांग रूम के सबसे इनर मोस्ट कॉरिडोर की सुरक्षा की जिम्मेवारी केंद्रीय बलों के हवाले है। इनर मोस्ट में उसी व्यक्ति को प्रवेश मिलेगा, जो वहां के लिए अधिकृत होगा। वहीं मिडिल कॉरिडोर झारखंड पुलिस की ईको कंपनी के हवाले है। साथ ही आउटर कॉरिडोर की सुरक्षा की जिम्मेवारी जिला पुलिस के हवाले की गई है।

इसके अलावा 500 से अधिक सीसीटीवी कैमरे स्ट्रांग रूम के बाहर और भीतर लगाए गए हैं। साथ ही साथ स्ट्रांग रूम के बाहरी हिस्से में लगातार पुलिस को पेट्रोलिंग करने की हिदायत दी गई है। मतगणना स्थल में प्रवेश करने के लिए पदाधिकारियों को तीनों जगहों पर हस्ताक्षर करना होगा।



### कंट्रोल रूम बनाया गया

रांची एसएसपी ने बताया की पंडरा में कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। जहां सीसीटीवी कैमरों से लाइव फीड को देख कर मॉनिटर किया जाएगा।मतगणना की शुरूआत से लेकर जीत का सर्टिफिकेट जारी होने तक कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा।

### रांची में काउंटिंग को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में किया गया बदलाव



विधानसभा चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। अब 23 नवंबर को पंडरा बाजार समिति में वोटों की काउंटिंग होना है। इस दिन विभिन्न प्रत्याशियों और उनके सहयोगी हजारों की संख्या में उपस्थित होंगे। चुनाव में विजयी हुए प्रत्याशी और उनके सहयोगियों द्वारा विजय जुलूस निकाली जायेगी, जिसमें काफी संख्या में आम लोगों का भीड़-भाड़ और वाहनों का आना-जाना होगा। इसे लेकर रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

#### कल ऐसी रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

- सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक पिस्का मोड़ से तिलता चौक रिंग रोड़ तक छोटे मालवाहक ऑटो ई-रिक्शा,बस का प्रवेश और परिचालन वर्जित रहेगा। इसके अलावा दोपहर दो बजे से रात के नौ बजे तक शहर में छोटे, बड़े मालवाहक वाहनों का प्रवेश और परिचालन वर्जित रहेगा।
- सुबह आठ बजे से रात्रि आठ बजे तक पिस्का मोड से पंडरा एवं काठीटॉड़ की ओर जाने वाले सभी ऑटो ई-रिक्शा, बस पिस्का मोड से बाएं मुड़कर कटहल मोड होते हुए अपने गंतव्य स्थान तक जा सकते हैं। इसके अलावा तिलता रिंग रोड से पिस्का मोड की ओर आने वाले ऑटो,ई-रिक्शा,बस तिलता चौक से बाएं या दाएं मुड़कर रिंग रोड़ से अपने गंतव्य स्थान तक जा सकते हैं।
- न्यू मार्केट चौक से पिस्का मोड़, पिस्का मोड़ चौक से तिलता चौक रिंग रोड बीच के मार्ग का उपयोग शहर में प्रवेश और बाहर जाने के लिए कम से कम करें आवश्यकतानुसार विजय जुलूस के दौरान अन्य मार्गों को कम समय के लिए डायवर्ट और बंद किया जा सकता है।

### 23 नवंबर को पंडरा में होने वाली काउंटिंग के लिए निगम ने शुरू किया सफाई अभियान



रांची (आजाद सिपाही)। 23 नवंबर की सुबह आठ बजे से झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पंडरा (रांची) में काउंटिंग होगी। रांची जिले के विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग काउंटिंग हाल की व्यवस्था की गयी है। रांची, हटिया, कांके, मांडर, तमाड़ विधानसभा सीट की मतगणना पंडरा में होगी। रांची नगर निगम अपने स्तर से पंडरा में साफ-सफाई में जुट गया है। नगर आयुक्त के निदेशानुसार निगम द्वारा 23 नवंबर को होने वाली मतगणना के मद्देनजर पंडरा स्थित वोटिंग काउंटिंग सेंटर परिसर तथा उसके आस-पास के क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही पेयजल के लिए वाटर टैंकर, चलंत शौचलय व कूड़ेदान की व्यवस्था भी की जा रही है।गौरतलब है कि राज्य भर में पहले चरण में 13 नवंबर को 43 और दूसरे चरण में 20 नवंबर को 38 सीटों के लिए मतदान हुआ था। अब 23 नवंबर को मतगणना की तैयारी है। इसे देखते सभी जिलों में मतगणना सेंटर के आसपास सुरक्षा की व्यवस्था की गयी है। साफ-सफाई का अभियान भी निरंतर चलाया जा रहा है।

**एसएसपी ने लिया जायजा :** रांची के पंडरा स्थित स्ट्रांग रूम में अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग काउंटिंग टेबुल बनाए गए हैं। एसएसपी के अनुसार पुलिस की कोशिश होगी की तय तिथि को जल्द से जल्द काउंटिंग की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। पोस्टल-बैलेट की काउंटिंग आरओ टेबुल पर होगी और संभवतः सुबह 8:30-9:00 बजे तक पहला रुझान आ जाएगा। जीत-हार के बाद किसी तरह का उपद्रव न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। एसएसपी खुद स्ट्रांग रूम परिसर का भ्रमण कर उन बारीकी से सुरक्षा का जायजा ले चुके हैं।

# मत्स्य कृषकों के सशक्तिकरण के लिए प्रयास सराहनीय : अलका



**मुख्य सचिव ने किया झारखंड पवेलियन में मत्स्य निदेशालय के स्टॉल का अवलोकन**

**केज कल्चर से मछली पालन और जलाशयों में मोती उत्पादन की विधियों से अवगत हुए लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित प्रगति मैदान में आयोजित 15 दिवसीय भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ - 2024) के झारखंड पवेलियन में मत्स्य निदेशालय का स्टॉल दर्शकों/आगंतुकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। स्टॉल पर प्रदर्शित जलाशयों में मोती की खेती और केज कल्चर से मत्स्य पालन की विधि से लोग अवगत हो रहे हैं। मत्स्य निदेशालय के अधिकारियों के मुताबिक अब तक हजारों की संख्या में लोग मत्स्य निदेशालय के स्टॉल का अवलोकन कर चुके हैं। इंडियन इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में अब तक भारत सरकार और झारखंड सरकार में पदस्थापित वरिष्ठ पदाधिकारी, राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के सचिव व अन्य अधिकारी सहित काफी संख्या में केंद्र व राज्य सरकार के अधिकारीगण स्टॉल का अवलोकन कर चुके हैं। झारखंड में केज कल्चर से मत्स्य पालन की विधि और जलाशयों में मोती उत्पादन के तरीके लोगों के लिए कौतूहल का केंद्र बना हुआ है।

गुरुवार को झारखंड की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने मत्स्य निदेशालय के स्टॉल का अवलोकन किया। उन्होंने झारखंड में मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। श्रीमती तिवारी ने मछली उत्पादन में झारखंड राज्य को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निदेशालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने विभागीय योजनाओं की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। वहीं, स्टॉल पर मौजूद मत्स्य विभाग के अधिकारियों व कर्मियों का उन्होंने उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उप मत्स्य निदेशक संजय कुमार गुप्ता, सहायक मत्स्य निदेशक (तकनीकी) रेवती हांसदा, मत्स्य प्रसार पदाधिकारी रजनी गुप्ता, एसपीएम दुर्गेश कुमार मिश्र, डीपीएम आशीष तिर्की सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। उक्त जानकारी झारखंड मत्स्य निदेशालय के मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.3 °c | 12.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.03 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.04 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 22 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# जेएमएम का दावा, जीत रहे 59 सीट : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि लंबे समय तक राज्य की जनता चुनाव में व्यस्त रही। अब साल के अंत में नयी सरकार बन कर आएगी। सुप्रियो ने कहा, गांव के मुकाबले शहर में वोटिंग कम हुई है। गांव के मुकाबले शहर के लोगों की अपेक्षाएं ज्यादा रहती हैं लेकिन जब वोट करने का समय आता है तब गायब हो जाते हैं। कहा कि ये चिंता का विषय है। उन्होंने 59 सीटों पर जीत का दावा किया है।

जेएमएम नेता ने आगे कहा, जो बुद्धजीवी ज्यादा बोलते हैं वही लोग वोट नहीं करते हैं। कहा कि चुनाव समाप्त होने के बाद कुछ प्रायोजित सर्वे भी मीडिया में आये हैं। कहा, मेरे पास जो सर्वे है इसके मुताबिक 11 जिलों में भाजपा का खाता तक नहीं खुलने वाला है। बाकी जिलों में भी जबरदस्त टक्कर होगी। कहा कि 59 सीटें जीतकर हेमंत सोरेन की सरकार वापसी कर रही है, ये तय है। सुप्रियो ने कहा, राजमहल, सारठ, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, सिमरिया, बगोदर, गांडेय, गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, चंदनकियारी, सिंदरी, निरसा, घाटशिला, जुगसलाई, जमशेदपुर, सरायकेला जैसे 59 ऐसे विधानसभा क्षेत्र ऐसे हैं जहां इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जीत रहे हैं। कहा कि तरह-तरह के सर्वे आ रहे हैं। इनका एक मकसद सट्टा बाजार को प्रभावित करना भी होता है। कहा कि 24 जिलों में से 11 जिलों में भाजपा का खाता नहीं खुलेगा। कहा कि हम दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने जा रहे हैं, ऐसा आंकड़े बता रहे हैं।

## झामुमो की प्रेस वार्ता पर भाजपा का पलटवार

# 23 नवंबर तक ख्वाबों की दुनिया में रहे झामुमो : प्रतुल शाह देव

झारखंड की सबसे भ्रष्ट सरकार को बाहर का दरवाजा दिखाया है जनता ने

**झामुमो कागज पर जीत का दावा कर रही,जमीन पर जनता ने इन्हें उखाड़ फेंका है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि 23 नवंबर की शाम जब तक परिणाम नहीं आते तब तक झारखंड मुक्ति मोर्चा ख्वाबों की दुनिया में रह सकती है। प्रतुल ने कहा यह कुछ भी दावे कर ले, छाती ठोक ले।लेकिन चुनाव परिणाम आने के बाद यह हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने की तैयारी में है।

प्रतुल ने कहा यह पहली बार हुआ है कि कोई दल दस्तावेज जारी करके यह बता रहा है कि कितने सीटों पर वह जीत दर्ज करेगी और प्रतिद्वंद्वी कितने सीट पर हारने वाले हैं। प्रतुल ने कहा कि हास्यास्पद बात है कि इस दस्तावेज में भी जहां भी झामुमो कड़ा मुकाबला दिखा रहे हैं, वह सभी कांग्रेस के हिस्से वाली सीटें हैं।यानी उन्हें अपने गठबंधन पर ही विश्वास नहीं। प्रतुल ने कहा कि भले ही वह कागजों में जीत का बड़ा दावा कर रहे हो। लेकिन हकीकत में झारखंड की जनता ने झारखंड के इतिहास की सबसे भ्रष्ट हेमंत सरकार को पूरे तरीके से खारिज कर दिया है। इस सरकार ने सिर्फ लूट ,खसोट और भ्रष्टाचार का पिछले 5 वर्षों में कार्य किया। भ्रष्टाचार ने शिष्टाचार बनाकर संस्थागत रूप ले लिया। जनता पूरे तरीके से इनकी वादा खिलाफी से ऊब चुकी थी। 23 नवंबर को इनको बाहर का रास्ता दिखाने जा रही है।प्रतुल ने कहा यह कागजों पर जीत का दावा कर रहे हैं। जमीनी हकीकत है कि जनता ने पूरे तरीके से गठबंधन को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। कोल्हान और संतालपरगना प्रमंडल जिसे यह अपना गढ़ मानते थे, वहां भी उनकी करारी हार होने वाली है। भारतीय जनता पार्टी कई उन सीटों पर भी जीत दर्ज करने जा रही है जहां उसने आजादी के बाद कभी जीत दर्ज नहीं की।बीजेपी के पक्ष में जबरदस्त माहौल था और सत्ताधारी दल को उखाड़ फेंकने का लोगों में संकल्प था। इसकी परिणीति 23 नवंबर को दिखेगी जब एनडीए गठबंधन दो तिहाई बहुमत से जीतेगा।झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाला गठबंधन अपने इतिहास की सबसे कम सीटों पर सिमट जायेगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** कार्यस्थल पर कुछ परेशानियां उत्पन्न हो सकती है। हतोत्साहित न हों-अपना काम करते रहें।

**वृष** किसी मामले को सुलझाने से संबंधित निर्णय लेने में आपको कठिनाई होगी।

**मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण, यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा।

**कर्क** नये काम में लाभ मिलेगा। गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल होगा, माता पिता का सहयोग।

**सिंह** गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।

**कन्या** परीक्षा-प्रतियोगिता में आपको प्रयासों के अनुरूप सफलता मिलेगी, नई आशाओं का उदय होगा।

**तुला** आत्मविश्वास से जिम्मेदारी पूरा कर सकते हैं, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।

**वृश्चिक** चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा।

**धनु** बौद्धिक प्रयासों में सफलता मिलेगी, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि, विरोधियों पर विजय।

**कुंभ** घर-गृहस्थी का अच्छा सुख मिलेगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति।

**मीन** रोजी-रोजगार के क्षेत्र में चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा।

# झारखंड में चुनाव प्रवास के दौरान शिवराज सिंह ने लगाये कुल 50 पौधे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय मंत्री और झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान विगत 3 वर्ष से अधिक समय से लगातार रोज एक पौधा लगा रहे हैं। वह लोगों के जन्मदिन, पुण्यतिथि स्मृति दिवस, विशेष उपलब्धियां या किसी विशेष प्रयोजन के अवसर पर जनता के साथ पौधा लगाते हैं। उन्होंने अपने इस अभियान के अंतर्गत अब तक 4000 से अधिक पौधे लगाए हैं। झारखंड प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री ने झारखंड के रांची, जमशेदपुर, नेतरहाट, देवघर, बोकारो, धनबाद सहित विभिन्न शहरों में यहां की जनता के साथ पौधारोपण किया। अनेक ऐसे अवसर भी रहे जब भोपाल या दिल्ली से पौधा लगाकर आने के बाद भी जनता के साथ झारखंड में पौधारोपण किया । शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड में विगत तीन माह के प्रवास के दौरान कुल 50 पौधे लगाए। आज झारखंड से जाते समय रांची स्थित निवारणपुर में लोगो के साथ भी उन्होंने पौधारोपण किया।

# अनूप ने सेल सुरक्षा संगठन के इडी का पदभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अनूप कुमार ने इस्पात भवन, डोरंडा, रांची में सेल सुरक्षा संगठन (एसएसओ) के कार्यपालक निदेशक (ईडी) का पदभार 21 नवंबर को संभाला। सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची और बीआईटी सिंदरी के पूर्व छात्र श्री कुमार 1991 में आईएसपी, बर्नपुर स्टील प्लांट में सेल में शामिल हुए। सेल के प्रति अपनी निस्वार्थ सेवाओं के बल पर वे 2022 में आईएसपी में कार्मिक प्रमुख बने। बाद में चासनाला में ईडी (कोलियरीज और सीसीएसओ डिवीजन) बने।

बर्नपुर, बोकारो और चासनाला में सेल में उनका योगदान बहुत बड़ा रहा है। उन्होंने लौह बनाने से शुरूआत की और 20 वर्षों तक बर्नपुर के ब्लास्ट फर्नेस में काम किया। बाद में उन्होंने रोलिंग मिलों में योगदान दिया। भारतीय नौसेना के लिए एक विशेष इस्पात उत्पाद बल्ब बार तैयार कराया, जो पहले आयातित होता था। बोकारो में उन्होंने बोकारो हवाई अड्डे के व्यापक नवीनीकरण कर भारत सरकार के प्रतिष्ठित कार्यक्रम उड़ान-क्क्र को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने उच्च कैलोरी मान के लिए प्रोपेन संयंत्र का अतिरिक्त व्यय रोककर पर्याप्त लागत नियंत्रण लागू किया। कार्मिक प्रमुख के रूप में उन्होंने संविदा कर्मियों के लिए एक नई बीमा योजना शुरू की, जिसे अन्य निजी क्षेत्र की कंपनियों ने अपनाया। सेल रांची इकाई के कर्मचारियों ने उन्हें उनके नए कार्यभार में उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बयानबाजी मामले में प्रतिवादी को किया नोटिस

**रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ बयानबाजी मामले में राजधानी के कांके थाना में दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट की एकल पीठ ने प्रतिवादी सोनू तिर्की को नोटिस जारी किया है। साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव एवं पार्थ जालान ने पैरवी की।**

# चंपाई ने भारतीय महिला हॉकी टीम को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने भारतीय महिला हॉकी टीम को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि झारखंड की बेटी सुश्री सलीमा टेटे के नेतृत्व में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतने पर भारतीय महिला हॉकी टीम को हार्दिक बधाई। हर भारतीय को आप पर गर्व है।

उन्होंने आगे लिखा है कि अपनी बेटियों को पढ़ाईये। उन्हें शिक्षा, खेल और उनकी पसंद के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर दीजिये। वे एक दिन परिवार, समाज व देश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करेंगी।

# सात धर्म बहनों ने आजीवन व्रत धारण किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गुरुवार को रांची प्रोविंस की सात धर्म बहनें आजीवन व्रत धारण कर हमेशा के लिए परमेश्वर यीशु की अधिन हो गईं। इसमें सिस्टर अंजना प्रीति खलखो, सिस्टर निशी बारला, सिस्टर किरण सांगा, सिस्टर प्रीति किस्पोट्टा, सिस्टर कुसुम एक्का, सिस्टर तारा लकड़ा और सिस्टर संध्या लकड़ा शामिल हैं। कार्यक्रम मिस्सा बलिदान से शुरू हुआ। इसकी अगुवाई रांची आर्चबिशप विसेंट किया। संत अन्ना धर्मसंघ की मदर जेनरल मेरी ग्रेस तोपनो ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर रांची आर्च बिशप विसेंट आइंद ने कहा कि कलीसिया अपने जीवन के उद्देश्यों को तलाश करते हैं। मनुष्य की इच्छाशक्ति को विकसित करता है। जब ईश्वरीय शक्ति का ज्ञान हो जाता है तब धर्म बहनें जरूरतमंद लोगों की सेवा करती हैं।

# मैथन डैम में डूबने से तीन युवकों की मौत

## जामताड़ा में भी डूबने से दो बच्चों की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद/जामताड़ा।** निरसा से मैथन डैम घूमने आये आधा दर्जन दोस्तों में से तीन किशोर नहाने के क्रम में डूब गये। घटना बुधवार शाम चार बजे के आस-पास की है। घरवालों को जैसे ही घटना का पता चला आनन-फानन में मैथन पहुंचने लगे। कोहराम एवं चीत्कार से पूरा माहौल गमगीन हो उठा. देर रात तक लड़कों का पता नहीं चल सका था। डूबे लड़कों में नयाब गद्दी (15) नया बाजार, जायद हुसैन (16) टीसी कंपाउंड, बरमसिया और युवराज सिंह (16) वासेपुर शामिल हैं। जबकि लकी, इसान आलम और तकदीस सलाम सकुशल घर लौट गये।

**बिना किसी को बताये तीन दोस्त लौट आये:** धनबाद के लड़कों का दल बुधवार की दोपहर मैथन डैम घूमने के लिए पहुंचा। सभी दोस्त डैम के नीचे हिस्सा तीन टावर के समीप नहाने के लिए उतर गये। इसी दौरान एक-एक कर तीन युवक डूब गये। जबकि तीन अन्य युवक डर कर मैथन में बिना किसी को कुछ बताये वापस धनबाद चले गये। जो युवक घर नहीं पहुंचे उनके घरवालों ने बाकी युवकों से पूछताछ की। पहले तो तीनों युवक कुछ भी नहीं बता रहे थे, बाद में दबाव डाला गया तो सारा भेद खुल गया। इसके बाद धनबाद से लोग मैथन डैम पहुंचे। तब तक रात हो गयी थी। गुरुवार सुबह से तलाशी शुरू हुई। मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने बताया कि सीआइएसएफ के जवान एवं स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को तलाश किया। तीनों शव डैम से निकाले जा चुके हैं।

### तालाब में डूबने से दो बच्चे की मौत

जामताड़ा जिले के कमाटांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत काठबरारी गांव में एक तालाब में डूबने से दो बच्चे की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बच्चों की मां तालाब किनारे कपड़ा साफ कर रही थी और इसी दौरान बच्चे उसमें डूब गये। बच्चों की मां को उस वक्त कुछ पता नहीं चला। बाद में जब उसे बच्चे नहीं दिखे तो उसने हल्ला मचाया। इसके बाद शव तालाब से बाहर निकाल गया। मृतकों में 3 साल की सरस्वती कुमारी और डेढ़ वर्ष का सोनू कुमार शामिल है। स्थानीय लोगों के अनुसार सुभाष मंडल की पत्नी सबिता देवी गांव स्थित बूढ़ा तालाब में दोपहर के समय अपने दो छोटे बच्चों के साथ स्नान करने गयी थी। वह अपने दोनों बच्चों को तालाब के मेढ़ पर बैठाकर कपड़ा साफ कर रही थी। इसी दौरान दोनों बच्चे तालाब में गिर गये और यह हादसा हुआ। इधर, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रफत अंसारी ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## झारखंड शराब व्यापारी संघ का गंभीर आरोप

# उत्पाद विभाग में अनियमितताओं का बोलबाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड शराब व्यापारी संघ ने उत्पाद विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। संघ का कहना है कि पिछले तीन महीनों से राज्य के सभी जिलों में खुलेआम ओवर प्राइसिंग की जा रही है, जिसमें 1.5% कमीशन वसूली का खेल चल रहा है। यह सब राज्य उत्पाद आयुक्त और सचिव की मिलीभगत से हो रहा है।

**विदेशी और देसी शराब का कोई लेखा-जोखा नहीं:** संघ ने यह भी गंभीर आरोप लगाए कि विगत 5 वर्षों में झारखंड में जब्त की गई विदेशी और देसी शराब का कोई लेखा-जोखा विभाग के पास नहीं है। यह शराब ट्रक के ट्रक भरकर जब्त की जाती है, लेकिन न तो विभाग के पास इसका मालखाना है और न ही इसे आज तक नष्ट किया गया। संघ का आरोप है कि इन महंगी ब्रांडों को विभाग के अधिकारियों द्वारा अवैध तरीके से बेच दिया जाता है। संघ ने मांग की है कि जब्त की गई शराब का पूरा रिकॉर्ड सार्वजनिक किया जाए और इसकी जांच होनी चाहिए।

### भ्रष्टाचार और ब्लैकलिस्टिंग का डर

संघ का कहना है कि जिन प्लेसमेंट एजेंसियों पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी का आरोप लगा है, उन्हें केवल ब्लैकलिस्ट करने की धमकी देकर अवैध तरीके से पैसे वसूले जा रहे हैं। पहले भी कुछ कंपनियों के साथ ऐसी घटनाएं हुई थीं, लेकिन उस समय ईमानदार अधिकारियों ने तुरंत कार्रवाई की थी।

### अधिकारियों और मंत्रियों का लगातार बदलना

संघ ने यह भी बताया कि पिछले तीन वर्षों में उत्पाद विभाग में 7 आयुक्त, 6 सचिव और 4 मंत्री बदले गए हैं। ईमानदार अधिकारियों को लंबे समय तक विभाग में टिकने नहीं दिया जाता, जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है।

### कंपनी के भुगतान में देरी और कमीशन का खेल

संघ ने कहा कि 4 वर्ष पूर्व के लाइसेंसधारियों का करोड़ों रुपये जेएसबीसीएल के वॉलेट में फंसा हुआ है। बिना कमीशन दिए भुगतान नहीं होता। जिनका भुगतान हो चुका है, उनके लिए भी प्रक्रिया में देरी की जाती है। कई जिलों के शराब व्यापारियों और कंपनियों का भुगतान अब तक लंबित है। पहले महीने में दो बार भुगतान होता था, लेकिन अब कई-कई महीनों तक इंतजार करना पड़ता है।

### 2021 से अब तक की खरीद-बिक्री की जांच की मांग

संघ ने राज्य के मुख्य सचिव से मांग की है कि जेएसबीसीएल के खातों की जांच 2021 से नवंबर 2024 तक केन्द्रीय एजेंसी, ईडी और सीबीआई से कराई जाए। संघ का दावा है कि इस जांच से हजारों करोड़ रुपये की हेराफेरी का खुलासा होगा।

**बैठकों के बावजूद बढ़ती अनियमितताएं:** जैसे विजन प्लेसमेंट एजेंसी जोन 10 हजारीबाग, जोन 5 खूंटी 13 करोड़, मार्शन कंपनी धनबाद 12 करोड़, बेवल प्लेसमेंट एजेंसी पूरबी सिंहभूम 18 करोड़, कई बार नोटिस दिया गया पर अभी तक रुपया जमा नहीं हुआ जेएसबीसीएल के खाते में इसके बदले उत्पाद आयुक्त से मोटा रकम का सौदा हो गया चुके एक्साइज कमिश्नर दिसंबर महीने में रेटेड होंगे इसलिए आजतक ब्लैक लिस्ट नहीं की गई ये सभी जानकारी प्राप्त सचिव को भी संघ द्वारा मिलकार अवगत करवा दिया गया है पर उनहोने भी कहा देखता हूं। ऑडिटर रिपोर्ट से खुलासा होने पर 18/11/2024 को दिनभर उत्पाद विभाग में बैठकों का दौर जारी रहा, जिसमें सभी एजेंसियों, ऑडिटर, अकाउंट / वित्त और अन्य अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में करीब 120 करोड़ रुपये की हेराफेरी सामने आई है। हालांकि, संघ ने आरोप लगाया कि इन अनियमितताओं को छिपाने की कोशिश की जा रही है और एफआईआर दर्ज नहीं होने दी जा रही है ताकि ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की जांच शुरू न हो सके।

नई शराब नीति के तहत नियम बनाया गया है उसी के तहत सभी एजेंसी को बहाल किया गया ऑडिटर को भी बहाल किया गया फिर तो इसमे ऑडिटर के ऊपर भी सवाल उठता है कि ऑडिटर इतने सालों से मंथली रिपोर्ट किउ नहीं दे रहे आज वर्षो का जांच होने से गरबरी उजागर हो रहा है ऑडिटर पर भी एफआईआर होनी चाहिए, साथ-साथ सुरक्षा एजेंसी, और पीओएस मशीन ,मैं भी गरबरिया हुई है सभी की केन्द्रीय एजेंसी से जंच होनी चाहिए एक्साइज कमिश्नर खुद शामिल हैं।

झारखंड शराब व्यवसायी संघ ने सरकार से अपील की है कि उत्पाद विभाग और,ऱु' में फैले भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाये।

## सीएनआइ चर्च में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल द्वारा 24 नवंबर 2024 दिन रविवार को नया बस स्टैंड समीप स्थित सीएनआई चर्च (डी यू मिशन) में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जायेगा। जिसमें अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। रैंडम ब्लड शुगर आरबीएस, ब्लड प्रेशर चेक और दवाइयां उपलब्ध कराया जायेगा। नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर और आरबीएस जांच मुफ्त होगा। समय सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 2:30 बजे तक शिविर संचालित रहेगा। श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि वर्तमान दौर में चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों की परेशानी और आर्थिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन समय- समय पर किया जा रहा है। विभिन्न विभाग के अनुभवी और विशेषज्ञ चिकित्सा अपनी बहुमुल्य सेवाएं देंगे। नि:शुल्क शिविर के मदद से कई जरूरतमंद को लाभ मिलेगा। इस पहल से स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को काफी राहत भी मिलेगा।

## छत से गिरने से एक महिला घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के जलवाबाद स्थित एक निर्माणाधीन घर के ऊपर से गिरकर गुरुवार की सुबह एक महिला घायल हो गयी। घायल महिला की पहचान तबस्सुम परवीन (उम्र 40 वर्ष, पति मुख्तार अहमद) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह महिला निर्माणाधीन घर के ऊपर काम को देखने गयी थी। इस दौरान असंतुलित होकर गिरकर घायल हो गयी। जिसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध महिला घायल

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र गुरुवार को ग्राम कलीडीह मोड़ के समीप एक अज्ञात मोटरसाइकिल के टक्कर एक बृद्ध महिला गंभीर रूप घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों परिजनों की मदद से घायल महिला को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए कोडरमा रेफर कर दिया गया। महिला अपने परिजनों के साथ मझने से बासोडीह की ओर आ रही थी जहां विपरीत दिशा से आ रहे मोटरसाइकिल ने अपने चपेट में ले लिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी।

## व्यवसायी ललित मोदी का निधन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** चर्चित व्यवसायी और राजलक्ष्मी वस्त्रालय के मालिक 91 वर्षीय ललित मोदी का बुधवार रात्रि निधन हो गया। कुछ दिन पूर्व वे 14 नवंबर को बाथरूम में गिर गये थे। परिजनों के द्वारा इलाज के लिए रांची ले जाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि इनका ब्रेन हेमरेज कर गया है। इलाज के बाद बुधवार को घर ले आया गया जहां मरकच्चो स्थित बड़ा अखाड़ा स्थित निवास पर रात्रि में उनका निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी द्रोपती देवी और तीन पुत्र बिनोद वर्णवाल, गोपाल वर्णवाल, महेश वर्णवाल का भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके निधन पर लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व प्रखंड प्रमुख सावित्री देवी, मुखिया रानी सिंह, रणजीत कुमार सिंह, दीपक पांडे, अशोक पांडे, पंसस नितिन चंद्र गुप्ता, गीता देवी, प्रवीन चन्द्र गुप्ता, रविशंकर सिंह, अशोक दास, भूषण मोदी, केदार मोदी, शिक्षक कपिल देव सिंह, मनोज कुमार पासवान, मोहम्मद शाकिब उर्फ गुड्डन, गोपाल शरण पांडे, संदीप पासवान, प्रभु रविदास, दिनेश दास, देव कुमार पांडे, मीरा देवी, भागवत पांडे समेत कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## छिनतई, दुर्व्यवहार और जान से मारने को लेकर मामला



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** गाली गलौज करते हुए छिनतई, दुर्व्यवहार और जान से मारने के नियत से मारपीट करने का भूक्तभोगी द्वारा बड़कागांव थाना में मामला दर्ज कराया गया है। इस संबंध में बड़कागांव थाना कांड संख्या 282/24 के तीन लोगों पर मामला दर्ज कर लिया गया है। मामला बड़कागांव स्थित अंबेडकर मोहल्ला का है। आवेदिका सोनी कुमारी पिता स्वर्गीय कामेश्वर राम ने आवेदन देते हुए कहा है कि 18 नवंबर के सुबह करीब 8:00 बजे मेरी मां मोसोमात गीता और बहन लक्ष्मी कुमारी आवास बनाने के लिए भूमि पूजन कर रही थी। इसी बीच मेरे बड़े पापा बालेश्वर राम पिता रामलाल राम उनका छोटा बेटा और अवधेश राम, बड़ी मां शकुंतला देवी हमला करते हुए लोहे का रॉड और लोहे का दाब लेकर आए और गाली गलौज करते हुए हम लोग के साथ बुरी तरह से मारपीट करने लगे। मारपीट करते हुए धमकी दे रहे थे कि यहां तुम लोग को रहने नहीं देंगे। आवेदन में सोनी कुमारी ने अवधेश कुमार द्वारा न बहन लक्ष्मी कुमारी का कपड़ा फाड़ देने, दुर्व्यवहार करने, बालेश्वर राम द्वारा लोहे का दाब से हमला कर माथा फाड़ देने, साथी ही गला दबा कर जान से मारने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। वहीं अवधेश कुमार द्वारा लोहा के रॉड से मां को हाथ तोड़ देने बड़ी मां द्वारा बहन का कान का सोने का बाली छीन लेने का भी आरोप लगाया गया है। आवेदन में कहा गया है कि किसी तरह गांव मोहल्ला के बीच बचाव के बाद थाना लाया गया और थाना के बाद इलाज के लिए बड़कागांव अस्पताल के बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हजारीबाग अस्पताल में भी अवधेश कुमार द्वारा आकर इस मामले को किसी भी थाना पुलिस में नहीं ले जाने की धमकी दी गयी। अवधेश पर आरोप है कि नहीं तो इस बार तो बच गया अगले बार जान से मार देने का धमकी दी गयी है। मेरे पिता की मृत्यु 2009 में ही हो गयी है। हम सभी परिवार किसी तरह जीवन यापन कर रहे हैं और बार-बार बड़े पापा बालेश्वर राम और उनके परिवार द्वारा धमकी और मारपीट की जा रही है जिससे हम लोग सभी परिवार डरे और सहमे हुए हैं। दर्ज मामले में बालेश्वर राम, पत्नी शकुंतला देवी और पुत्र अवधेश कुमार को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। वहीं दूसरा पक्ष बालेश्वर राम ने भी बड़कागांव थाना में आवेदन देते हुए कहां है कि मासोमात गीता देवी पति स्वर्गीय कामेश्वर राम, सोनी कुमारी लक्ष्मी कुमारी उर्फ गोली कुमारी, रोशन कुमार तीनों के पिता स्वर्गीय कामेश्वर राम सभी ग्राम बड़का गांव अंबेडकर मोहल्ला निवासी है इसके अलावा अशोक राम, बसंत राम दोनों पिता स्वर्गीय मुटक राम ग्राम गारी निवासी है प्रशांत कुमार, मनीषा देवी दोनों पूर्वडीह थाना गोला रामगढ़ के निवासी है यह सभी लोग मिलकर मेरे जमीन को हड़पने की नीयत से मुझे जान से मारने की प्लानिंग कर मेरे हिस्से का जमीन पर घर बनाने हेतु अचानक बुनियाद खोदने लगे। जिसको देख कर मैंने रोका तो उक्त सभी लोग हमको मरने लगे। जिसमें मेरा सर दो जगह फट गया और हाथ पैर में भी काफी चोट आयी है। जिसे देख मेरी पत्नी शकुंतला देवी सामने आयी तो उसे भी मारपीट करने लगे और मार कर उसका हाथ तोड़ दिया। इसके अलावा मेरी भांजी तनीषा कुमारी को भी मार कर घायल कर दिया। इसके अलावा मेरी पत्नी के चांदी के सिकरी और कान में पहने सोने का झुमका जिसका कीमत लगभग 40000 था जिसे वे लोग ले गये।

# मतगणना स्थल का जायजा लेने पहुंची डीसी, कल होगी वोटों की गिनती



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** विधानसभा चुनाव 2024 के अंतर्गत दोनों चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं। चुनाव समाप्ति के उपरांत मतगणना की तैयारीयों पर जिला प्रशासन जुट गया है। कल वोटों की गिनती होगी। इसी क्रम में गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नैंसी सहाय ने बाजार समिति मतगणना सह वज्रगृह स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने विधानसभा चुनाव को लेकर मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया और विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने वज्रगृह में इवीएम के रख-रखाव की व्यवस्था, मतगणना कक्ष,पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का दिया। मौके पर अपर समाहर्ता संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

## कोडरमा डीसी ने मतगणना केंद्र का किया निरीक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा चुनाव के तहत 23 नवंबर को मतगणना होनी है। कोडरमा जिला मुख्यालय के समीप स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज में मतगणना केंद्र बनाया गया है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा का जायजा लिया और 19 कोडरमा विधानसभा के लिए मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया और मतगणना को लेकर स्थल पर की गयी आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने मतगणना हॉल में प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने और आवश्यकतानुरूप बैरिकेडिंग किए जाने, मतगणना टेबल पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने सहित अन्य सुविधा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। मतगणना स्थल पर सुरक्षा और विधि व्यवस्था संधारण को पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन का अक्षरश: अनुपालन करते हुए मतगणना केंद्र पर आवश्यक सुविधा व व्यवस्था उपलब्ध करायें। मतगणना कर्मियों, काउंटिंग एजेंट, उम्मीदवार, लेबर, ऑफिसर आदि के आवागमन हेतु अलग-अलग बेरिकेडिंग करने, साथ ही मतगणना के दिन कार्यरत कर्मियों के लिए फूड पैकेट, पीने का पानी, ईवीएम मशीन सील करने की व्यवस्था आदि को समय से सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पार्किंग व्यवस्था सहित अन्य तैयारियों को समय से पूर्ण कर लेने की बात कही। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर मौजूद रहे।

# नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतगावां।** प्रखंड के बासोडीह में नव निर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा सह नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ को गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गयी। शिवालय में शिवलिंग के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा के साथ चार दिवसीय धर्मिक अनुष्ठान के तहत पहले दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। सैकड़ों की संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर



मंदिर परिसर से बासोडीह, राउतडीह, पचमौह, कलीडीह, टेहरो चौक होते हुए महेश्वरनाथ मंदिर के समीप सकरी नदी से कलश में पवित्र जल भरा। समलडीह दुगार्पूजा मंडप होते हुए मरचोई मोड होते हुए यज्ञवेदी में कलश को स्थापित किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने लगभग 10 किलोमीटर की पैदल यात्रा की। कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और इस दौरान भक्तिधुन व हर-हर महादेव के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजयमान होता रहा। स्थानीय समाजसेवी सुरेश वर्मा ने बताया कि शिव मंदिर का निर्माण शुरू हुआ था मंदिर का निर्माण पूर्ण हुआ। कलश यात्रा में स्थानीय जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, देववंती देवी, डॉ चंद्रिका वर्मा, चंद्रकला देवी, पंकज गुप्ता, ललन वर्मा, विकास वर्णवाल, शशिकांत वर्मा, पप्पू वर्मा, उमेश विश्वकर्मा, भोला लाल, मुन्नी देवी, प्रेमलता देवी, सरिता देवी, अनिता कुमारी, सुमन कुमारी, विक्की वर्णवाल व अन्य लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

# किसके सिर होगा कोडरमा का ताज

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** 19 कोडरमा विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद सभी 13 प्रत्याशियों की किस्मत इवीएम में कैद है। इनकी किस्मत का ताला 23 नवंबर को सुबह 8 बजे के बाद से खुलने लगेगा। किसके सिर होगा कोडरमा का ताज, कौन होगा विनर और और कौन होगा रनर, उसको लेकर धुंध बरकरार है। वहीं प्रत्याशियों के भाग्य की उल्टी गिनती के कुछ घंटे शेष रह गयी है। यहां कोई बता रहा फिर खिलेगा कमल तो कोई बता रहा लालटेन जलेगा तो कोई निर्दलीय की बता रहा जीत। बहरहाल लोगों को 23 नवंबर का इंतजार है।

**चाय की चुस्कियों और सोशल मीडिया प्लेटफार्म में भी जंग:** चाय की दुकानों में चाय की चुस्कियों के बीच चुनाव के रिजल्ट को लेकर जीत हार पर मानो जंग छिड़ी दिखाई पड़ रही है। वहीं चुनावी रिजल्ट को लेकर लोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म में भी जंग छिड़ गयी है। एक ओर भाजपा समर्थक पीएम मोदी के नेतृत्व में बटेंगे तो कटेंगे, गो- गो दीदी योजना डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए भाजपा



प्रत्याशी डॉ नीरा यादव फिर से रिकार्ड मतो से जीत कर हैट्रिक मारने की बात कह रहे हैं। वहीं इंडिया महागठबंधन से जुड़े विभिन्न दलों के नेताओं व राजद समर्थको ने 200 यूनिट फ्री बिजली, मंईयां सम्मान योजना आदि के बल पर राजद के सुभाष यादव के जीतने की बात कह रहे तो वहीं सबके बीच निर्दलीय शालिनी गुप्ता के समर्थक बदलाव के नाम पर, रोजी रोजगार पर कोई रुचि नही रखने आदि के सवालों के बीच परिवर्तन की बात कह बड़ी जीत मान रहे हैं।

**राजनीतिक विश्लेषक भी नहीं लगा पा रहे सही अनुमान :** कोडरमा की राजनीति में यह पहली बार देखने को मिल रहा कि चुनाव खत्म होने के बाद भी विश्लेषक नहीं बता पा रहे हैं कि किसकी जीत होगी और लड़ाई किनके बीच है। कोडरमा चुनाव के बाद मतगणना के दिन यानी 23 नवंबर को दो प्रमुख दलों यथा भाजपा, राजद व निर्दलीय शालिनी गुप्ता के समर्थक अपनी -अपनी जीत मान विजय जुलूस तक की तैयारी कर रहे हैं।

**सुरक्षा और व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान:** मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित की गयी है। कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है ताकि प्रक्रिया पारदर्शी और त्रुटिहीन रहे। पुलिसकर्मियों की मदद से ट्रैफिक नियंत्रण सुनिश्चित किया गया है ताकि कोई अव्यवस्था न हो। कोडरमा में 429 मतदान केंद्रों के लिए 20 टेबल बनाये गये हैं, वहीं पोस्टल बैलेट की गिनती के लिए 6 टेबल लगाये गये हैं। यहां कुल 22 राउंड में गिनती होगी।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा थाना क्षेत्र के लोकाई संत क्लेयर्स स्कूल के समीप गुरुवार को एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक घायल हो गया। घायल की पहचान डोमचांच के मसनोडीह निवासी रुक्मणी कुमार (उम्र 22 वर्ष, पिता जगदीश मेहता) के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद युवक को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां फिलहाल चिकित्सकों की निगरानी में घायल का उपचार चल रहा है।

## एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने गुरुवार को मतगणना स्थल का निरीक्षण कर पूरे इलाके का सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान एसडीओ रिया सिंह, एसडीपीओ अनिल कुमार, डीएसपी कोडरमा थाना प्रभारी सुजीत कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# 101 जोड़े का सामूहिक विवाह करायेंगे सांसद

**साल 2023 में 25 जोड़ें का कराये थे ऐतिहासिक विवाह, दूसरी बार हजारीबाग 101 जोड़े सामूहिक विवाह का बनेगा गवाह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** गुरुवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने एक अनूठी पहल की घोषणा की और आने वाले साल 2025 के जनवरी महीने में हजारीबाग के इतिहास में दूसरी बार उन्होंने सामूहिक विवाह कराने का सकारात्मक फैसला किया है। इस बार भाजपा के बैनर तले आयोजन होगा, जिसमें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के कल 101 जरूरतमंद जोड़ें का सामूहिक विवाह भव्य और ऐतिहासिक तरीके से कराकर उनका गृहस्थ बसाने के साथ



उनके रोजगार सृजन की भी चिंता की जायेगी। इस महत्ती आयोजन को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने अपने हजारीबाग स्थित सांसद सेवा कार्यालय सभागार में संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं का एक अहम बैठक आयोजित किया। जिसमें इस आयोजन को सफल बनाने को लेकर क्षेत्र के जरूरत जोड़े के चयन से लेकर उनके विवाह तक के कई प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा-परिचर्चा की गयी। इस अहम बैठक में विशेष रूप से हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, पूर्व मंत्री सह बरही विधायक प्रत्याशी मनोज कुमार यादव, प्रसिद्ध समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह, सदर बीजेपी प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव बीजेपी प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी, भाजयुमो हजारीबाग जिला अध्यक्ष राजकरण पांडेय, रामगढ़ भाजयुमो जिला अध्यक्ष कुश श्रीवास्तव सहित अन्य सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहें।

**जनता के हर सुख- दु:ख में मनीष जायसवाल रहें हैं भागीदार:** बतौर जनप्रतिनिधि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल जनता के हर सुख दुख में भागीदार बनकर खड़े रहना उनकी आदतों में शुमार है। कोरोना काल में इसकी बड़ी झलक देखने को मिली थी जब पूरे कोरोना काल के दौरान वे क्रियाशील होकर सड़क, अस्पताल और जरूरतमंद के लिए लगातार मशक्कत और सेवा कार्य करते दिखे थे। शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य सहित अन्य धार्मिक, सामाजिक आयोजनों में क्षेत्र की जनता भी बीच सहजता से उपलब्ध रहकर क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहते हैं ।

## केरेडारी-टंडवा मुख्य पथ पर 43 घंटे बाद हटा सड़क जाम



**केरेडारी(आजाद सिपाही)।** केरेडारी - टंडवा मुख्य पथ पर मसुरिया नदी के समीप मंगलवार की शाम सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत के बाद मुवाबजे और छतिपूर्ति को लेकर परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया था। मंगलवार की शाम शुरू हुआ जाम बुधवार को भी जारी रहा। वहीं गुरुवार को पुलिस प्रशासन, ट्रांसपोर्टर के प्रतिनिधियों और प्रबुद्ध लोगों के बिच स्थानीय थाने में वार्ता हुई जिसमें मृतक के परिजनों को 6 लाख रुपये मुवाबजा राशि और आश्रितों को भरण पोषण के लिए दस हजार रुपये प्रत्येक महीने दिये जाने पर सहमति बनी इसके बाद गुरुवार को 43 घंटे बाद करीब दोपहर ढाई बजे जाम हटा लिया गया और यातायात सामान्य हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया है। विदित हो की मृतक घर का एकलौता कमाऊ सदस्य था इसके असामयिक मौत से परिवार को बड़ी क्षति हुई है। इसके वृद्ध माता- पिता,पत्नी और दो बेटियों के भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गयी है। वार्ता के दौरान प्रमुख सुनीता देवी, केरेडारी सीओ रामरतन बर्णवाल, बीडीओ विवेक कुमार, थाना प्रभारी अजित कुमार, पेटो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गुरदयाल साव, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र गुप्ता और ट्रांस्पोटर के प्रतिनिधियों में मोहन गुप्ता, सदाम आलम, रितिक कुमार, सूरज कुमार और परवेज आलम सहित कई लोग शामिल थे।

## मतगणना सुपरवाइजर, सहायक और माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण संपन्न



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिलांतर्गत 19 कोडरमा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 23 नवंबर को होगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार प्रशिक्षण बागीटांड़ स्थित अभियंत्रण महाविद्यालय में मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण सत्र में उनके दायित्वों से अवगत कराया गया और अन्य महत्वपूर्ण बातें बतायी गयी। मतगणना प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी मेघा भारद्वाज ने प्रशिणार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि माइको आब्जर्वर का मुख्य कार्य सही तरीके से गिनती की प्रक्रिया का पालन करना है। उन्होने कहा कि मतगणना प्रक्रिया के दौरान सभी अधिकारियों को सतर्क रहना चाहिए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देनी चाहिए। उन्होंने मतगणना हॉल में प्रवेश और निकास की सख्त निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। माइको आब्जर्वर को निर्देशित किया कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज और रिपोर्टस समय पर प्रस्तुत करें और मतगणना केंद्र में अनुशासन बनाये रखें। उन्होंने मतगणना प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की महत्वपूर्ण जानकारी साझा की और सभी अधिकारियों से आपसी सहयोग और समन्वय की अपील की। सुदीप सहाय, अश्विनी तिवारी, मनोज चौरसिया, नरेश यादव, उमेश सिन्हा समेत अन्य मास्टर ट्रेनर ने मतगणना की विभिन्न चरणों और प्रक्रियाओं का विस्तृत जानकारी दिया। उन्होंने मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक और माइक्रो आब्जर्वर को मतगणना केंद्र में उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी दी, जिसमें वोटों की गिनती, विवाद समाधान, और रिपोर्टिंग शामिल है। उन्होंने माइक्रो ऑब्जर्वरों को मतगणना के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों और प्रक्रियाओं को समझाया कि कोई भी अनियमितता न हो सके। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, जिला शिक्षा अधीक्षक अजय कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु, सहायक प्रशिक्षण पदाधिकारी कृष्णमूर्ति और सान्निदयाल शर्मा उपस्थित रहे।

## प्राथमिक अभियुक्त गिरफ्तार

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक के द्वारा कोडरमा थाना कांड संख्या 244/24 धारा 316 (2)/318 (4) बीएनएस के कांड के उद्भेदन और अभियुक्तयों की गिरफ्तारी हेतु अनिल कु सिंह, अनु पु पदा कोडरमा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक कोडरमा को मिली गुप्त सूचना और गठित टीम के द्वारा सीसीटीवी फुटेज और अन्य सुत्रों के आधार पर छान-बीन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिक अभियुक्त चदन कुमार रजक (उम्र 30 वर्ष, पिता गुप्ता प्रसाद, सा शाहपुर, थाना शाहपुर, बिहार) को गिरफ्तार किया गया और न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जिसके पास से बुलु रंग का हुआवेई कंपनी का एण्ड्रांड मोबाईल भी बरामद किया गया। इस अभियान में पुनि सह कोडरमा थाना प्रभारी सुजित कुमार, सउनि अनुरंजन कुमार, कोडरमा थाना, सशस्त्र बल की भूमिका रही।

## बड़कागांव एनटीपीसी ने एचआइवी पॉजिटिव बच्चों को दिये 50,000 रुपये



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने बुधवार को अपनी सामाजिक विकास पहल के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, बनहप्पा, हजारीबाग में एचआइवी पॉजिटिव बच्चों को मदद प्रदान की। इस मौके पर जागृति महिला संघ अध्यक्ष तजीन फैज और संघ के अन्य सदस्य विद्यालय पहुंचे। जागृति महिला समिति ने विद्यालय प्रशासन को 50,000 रुपये की पहली किस्त का चेक सौंपा और बच्चों के लिए खेल सामग्री, स्कूली जूते और चप्पलें भी प्रदान की। इस अभियान के तहत, 2024-25 वित्तीय वर्ष में कुल 2 लाख रुपये की राशि विद्यालय को दी जायेगी। जागृति महिला संघ अध्यक्ष तनीज फैज ने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य हमेशा समाज के कमजोर वर्ग की मदद करना है। यह योगदान केवल वित्तीय सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि हम इन बच्चों को एक स्वस्थ और मजबूत जीवन के लिए आवश्यक संसाधन भी प्रदान कर रहे हैं। जागृति महिला संघ इस प्रयास के साथ हमेशा खड़ा रहेगा, ताकि ये बच्चे अपने सपनों को पूरा कर सकें और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकें। छात्रों को 'वॉटर थेरेपी' पर एक सत्र भी दिया गया, ताकि उनकी इम्यूनिटी बढ़ सके। कार्यक्रम का समापन सभी उपस्थित जनों द्वारा राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह कार्यक्रम पकरी बरवाडीह की सीएसआर टीम और डिपार्टमेंट के द्वारा आयोजित किया गया था। बनहप्पा स्थित यह विद्यालय एक सरकारी सहायता प्राप्त आवासीय विद्यालय है, जिसमें एचआइवी पॉजिटिव बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं। वर्तमान में, झारखंड के 16 जिलों से लगभग 207 छात्र इस विद्यालय में पढ़ाई कर रहे हैं।


# मांडू विस का मतगणना 23 नवंबर को, प्रत्याशियों की बढ़ी धड़कने, क्षेत्र में जीत-हार पर हो रही है चर्चा

**जेपी पटेल चौथी बार बनेंगे विधायक या मांडू में होगा बदलाव !**

अमरजीत कुमार

**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया है। इस दौरान विधानसभा के 65.43 प्रतिशत मतदाताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल, आजसू पार्टी के निर्मल महतो, जेएलकेएम पार्टी के बिहारी महतो समेत 18 प्रत्याशियों का फैसला ईवीएम मशीन में कैद कर दिया है। आगामी 23 नवंबर को मतगणना के दिन फैसला होगा। जिसमें जेपी पटेल चौथी बार जीत का परचम लहरायेंगे या मांडू में बदलाव देखने को मिलेगा। इसकी चर्चा जोरों पर है। मतगणना का 24 घंटे शेष बचा है। वहीं, प्रत्याशियों की दिल की धड़कने बढ़ने लगी है। इधर, चुनाव के बाद पार्टी के समर्थक, नेता और कार्यकर्ता समेत आमजन जीत-हार के गणित बैठाए जा रहे हैं। इसकी चर्चा कमोबेश हर चौक-चौराहे पर चाय की चुस्कियों के साथ की जा रही है। लेकिन पहली बार इस चुनाव में खड़े जेएलकेएम प्रत्याशी को लोग कम नहीं आंक रहे, बल्कि इंडिया और एनडीए गठबंधन प्रत्याशियों की सीधी टक्कर जीत-हार में बड़ी भूमिका में है। चर्चा है कि जेपी पटेल चौथी बार अपनी बादशाहत बरकरार रखेंगे या भाजपा के भरोसे खड़े निर्मल महतो के सर पर जीत का सेहरा बंध पायेगा। जिसकी चर्चा लोगों के बीच काफी जोर शोर से है। ऐसे में त्रिकोणीय मुकाबला में जेपी पटेल, निर्मल महतो व बिहारी महतो की जीत-हार के कयास पर ही धूंध छा जा रहा है। इस त्रिकोणीय मुकाबले में बिहारी महतो को अधिक मत प्राप्त होने की स्थिति में एनडीए गठबंधन को नुकसान उठाना पड़ सकता है। जिसका सीधा लाभ इंडिया गठबंधन के जेपी पटेल को मिल पायेगा हालांकि मतगणना के दिन साफ हो जायेगा कि किस प्रत्याशी की जीत और किसकी हार होगी।







बता दें कि 2011 विस उपचुनाव में भाजपा समर्थित झामुमो से, 2014 को झामुमो से और 2019 में भाजपा के बैनर से मांडू सीट पर जेपी पटेल ने हैट्रिक लगाकर जीत दर्ज किया है। जबकि 2024 में कांग्रेस पार्टी से खड़े है। बहरहाल इस चुनाव में जेपी पटेल चौथी बार अपनी बादशाहत बरकरार रख पायेंगे या भाजपा के भरोसे खड़े आजसू पार्टी समर्थित प्रत्याशी तिवारी महतो मांडू सीट पर कब्जा कर पायेगी। जबकि जेएलकेएम प्रत्याशी बिहारी महतो जयराम के भरोसे मांडू में ऐतिहासिक करिश्मा करेगा। आगामी 23 नवंबर को देखने को मिलेगा कि किसकी जीत और हार हुई।

# बिरसा परियोजना से मशीन हटाये जाने का विस्थापित समिति करेंगे विरोध

**विस्थापित समिति उरीमारी ने बैठक कर प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन की दी चेतावनी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**उरीमारी।** उरीमारी स्थित विस्थापित कार्यालय में गुरुवार को विस्थापित समिति उरीमारी बिरसा परियोजना की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता विस्थापित नेता दसई मांझी और संचालन दिनेश करमाली ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बिरसा परियोजना के रोड़ सेल में प्रतिमाह 30 हजार टन कोयले का आफर देने की मांग प्रबंधन से की। जिससे यहां के विस्थापितों को ज्यादा से ज्यादा रोजगार मुहैया हो सके। मौके पर विस्थापित नेता दसई मांझी ने कहा कि विस्थापित सीसीएल प्रबंधन को अपनी सारी जमीन दे चुके है। लेकिन यहां के विस्थापितों के पास रोड़ सेल के अलावा दूसरा कोई रोजगार नहीं है। ऐसे में रोड़ सेल में पर्याप्त कोयला नहीं मिला तो विस्थापितों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी। उन्होंने आगे कहा कि बिरसा परियोजना में कोयले की उत्पादन के लिए पर्याप्त मशीनें नहीं है इसलिए प्रबंधन से नई मशीन देने की मांग की है। वहीं उन्होंने कहा है कि बिरसा परियोजना से दूसरे परियोजना में मशीन भेजने की चर्चा चल रही है। जिसका विस्थापित समिति उरीमारी पुरजोर विरोध करती है। यदि बिरसा परियोजना से कोई भी मशीन दूसरे परियोजना में भेजा गया तो समिति प्रबंधन के आर पार की लड़ाई लड़ेगी। किसी भी परिस्थिति में हमलोग बिरसा परियोजना की मशीन को बाहर नहीं जाने देंगे। मौके पर कार्तिक मांझी, सुखू मांझी, सुरेश मुर्मू, खेपन मांझी, जुगल करमाली, कृष्णा सोरेन, तालो हांसदा, शिकारी टुडू, बिनोद सोरेन, मनोज सिंह, परमेश्वर सोरेन, हेमलाल बेसरा, गुदल प्रजापति, संतोष प्रजापति, पूरन टुडू, सुरेंद्र करमाली, दिनेश प्रजापति, सुरेश प्रजापति, टिंकू करमाली, गुली प्रजापति आदि मौजूद थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का किया गया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हंटरगंज/ चतरा।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सभी उप स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मलेरिया, आंख, बुखार, शुगर, बीपी, यछमा, कुपोषित बच्चों और महिलाओं में होने वाला विभिन्न बीमारियों की जांच की गयी। संबंधित बीमारियों का मुफ्त में दवा दी गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वेद प्रकाश द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह 21 तारीख को स्वास्थ्य केंद्र और सभी उप स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया जाता है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोग उप स्वास्थ्य केंद्र में अपने बीमारी से संबंधित जांच करवा सके और फ्री में दवाई ले सकें। बहुत से लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दूर रहने के कारण अपना स्वास्थ्य जांच नहीं करवा पाते हैं और गंभीर बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। आयुष्मान कार्ड से होने वाले लाभ की भी जानकारी उपस्थित मरीजों को दिया गया। शिविर में काफी संख्या में मरीज उपस्थित होकर स्वास्थ्य जांच कराया। इस मौके पर डॉ विभा कुमारी, डॉ सैफी आलम, डॉ के के शाहा, बीपीएम संजय सिन्हा, रंजन वर्मा, फार्मासिस्ट शिवेंदु कुमार, राजेश कुमार, अरविंद कुमार के अलावा काफी संख्या में स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# छात्राओं को दी गयी सेनेटरी पैड




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** लायंस क्लब भुरकुंडा के तत्वावधान में वन जिला वन एक्टिविटी अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत गुरूवार को राजकीय मध्य विद्यालय रीवर साईड भुरकुंडा में निःशुल्क सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी ने विद्यालय के 50 छात्राओं और शिक्षिकाओं के बीच सेनेटरी पैड का वितरण कर किया। मौके पर क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी ने छात्राओं को कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, विजय वर्णवाल, डॉ एमके मंजुल, विजयंत कुमार, दीनबंधु सिंह, सूबेदार एचएन यादव, निर्मल अग्रवाल, प्रमोद शर्मा, रेणु जायसवाल, रेखा मंजुल, सीमा यादव, सरिता देवी सहित क्लब के दर्जनों लोगों का विशेष योगदान रहा।

# सड़क दुर्घटना के बाद थाना में उपद्रव, 32 नामजद और 60 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी



**प्रतापपुर/चतरा (आजाद सिपाही)।** बुधवार की रात प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित रामपुर में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रतापपुर थाना पहुंचकर थाना में उपद्रव मचाया। थाना प्रभारी कासिम अंसारी गुरुवार को प्रेस प्रतिनिधियों को बताया कि सैकड़ों ग्रामीण उग्र हो गये और थाना परिसर में उपद्रव किया। उग्र भीड़ ने पुलिस कर्मियों के साथ मारपीट किया, पुलिस वाहन को क्षतिग्रस्त किया गया, और थाना में रखें कुर्सी टेबल को तोड़कर आग लगा दी गयी। इसके अलावा रखे गये दस्तावेजों को भी लूटने का प्रयास किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रतापपुर थाना कांड संख्या 127/24 के तहत 32 नामजद और 60 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

# नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ सदर अस्पताल के सौजन्य से गुरूवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर में नेत्र सहायक निर्मल कुमार ने 80 लोगों के आंखो की जांच की। जांच के दौरान आठ लोगों में मोतियाबिंद के मरीज पाये गये। बताया गया कि मोतियाबिंद के मरीजों को रामगढ़ सदर अस्पताल में नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा। शिविर में दर्जनों मरीजों के आंखो की जांच कर नि:शुल्क चश्मा भी दिया गया। शिविर को सफल बनाने में जिला अंधापन नियंत्रण समिति के जिला परियोजना प्रबंधक अभयजीत कुमार, भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय कुमार, पंसस दीपक कुमार भुइयां, उप मुखिया संजीत राम, रूपा देवी, पम्मी देवी, कवित्री देवी, सीमा देवी, विक्रम कुमार, सहिया साथी रेखा देवी का सराहनीय योगदान दिया।

# जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार को पितृ शोक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** रामगढ़ जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार के पिता सुरेंद्र प्रसाद के निधन से पूरे जिले में शोक की लहर है। रामगढ़ जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार के पिता सुरेंद्र प्रसाद 82 वर्ष का गुरूवार की सुबह 9 बजे रांची हरमु स्थित शुक्ला कॉलोनी आवास में निधन हो गया। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। स्व. सुरेंद्र प्रसाद अपने पीछे एक पुत्र, तीन पुत्री सहित भरापुरा परिवार छोड़कर गये है। उनके निधन पर चिकोर पैक्स अध्यक्ष शैलेश कुशवाहा सहित सहकारिता विभाग ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। वहीं शोक संवेदनाओं का तांता लगा हुआ है।

# भूतपूर्व सैनिकों, वीरनारियों और आश्रितों के लिए लगाया गया शिविर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ छावनी में स्थित पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में गुरुवार को झारखंड और बिहार सब एरिया आउटरीच के तहत भूतपूर्व सैनिकों और वीरनारियों व उनके आश्रितों के कल्याण के लिए 11 से 19 नवंबर तक पॉलीक्लिनिक रांची, देवघर, मुंगेर, भागलपुर और खगड़िया जिलों में एक आउटरीच कार्यक्रम चलाया गया। इसी आउटरीच कार्यक्रम में झारखंड और बिहार के इन पांच जिलों के भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसमें पेंशन संबंधित, अभिलेख कार्यालय की विसंगतियों को दूर किया गया। समाधान दल ने प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया। इस शिविर में आए भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों का समाधान दल ने आभार जताया।




# हार्ट अटैक से एक व्यक्ति की मौत

**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उरैली गांव निवासी स्वर्गीय भरत मिस्त्री का 40 वर्षीय पुत्र विनोद मिस्त्री की मौत गुरुवार को हृदय गति रूक जाने से हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक स्वस्थ था। वह सुबह उठकर शौच क्रिया से निवृत्त होने के बाद कुर्सी पर बैठकर चाय पी रहा था। इसी दौरान उसे एकाएक सीने में दर्द हुआ और वह मूर्छित होकर जमीन पर गिर गया। आनन-फानन में उसे हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया। मृतक ने अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र और तीन पुत्री को छोड़ गया है। उसकी एक बेटी दिव्यांग भी है। मृतक घर का इकलौता कमाऊ व्यक्ति था। इस घटना से पूरे गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# सड़क हादसे में दो युवक घायल

**गोला (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ बोकारो मुख्य मार्ग धमनाटांड़ के समीप गुरुवार शाम को सड़क दुघर्टना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों युवकों को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवकों की गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। बताया गया कि गोला थाना क्षेत्र के चोकाद गांव निवासी आकाश महतो उम्र 18 वर्ष पिता दिनेश महतो व प्रवीण महतो उम्र 18 वर्ष पिता विक्रांत महतो दोनों दोस्त ड्रीम योगा बाइक पर सवार होकर गोला से घर जा रहे थे। इस बीच बोकारो की ओर से आ रहे बोलेरो ने बाइक को अपने चपेट में ले लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

# तख्त श्री पटना साहिब के लिए रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब से साध-संगत रवाना

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ गुरुद्वारा साहिब से सैकड़ों सिख साध-संगत गुरुवार को तख्त श्री पटना साहिब के लिए रवाना हुए। रामगढ़ के बरकाकाना स्टेशन से वंदे भारत ट्रेन से सिख संगत रवाना हुए हैं। रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा ने बताया कि गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की ओर से रामगढ़ के लगभग सैकड़ों संगत को तख्त श्री हरमंदिर साहिब पटना ले जाया जा रहा है। बता दे कि यह कमेटी अपने 3 साल के कार्यकाल में संगत को पांचो तख्त के दर्शन करवा चुकी है। यह पांचवा तख्त है श्री हरमंदिर साहब दर्शन रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी करवा रही है। ऐसा पहली बार हुआ है कि अपने 3 साल के कार्यकाल में यह कमेटी रामगढ़ के सिख संगत को पांचो तख्त के दर्शन करवा रही है। साथ ही यह कमेटी करतारपुर साहिब के भी दर्शन करवा चुकी है। तख्त श्री हरमिंदर साहिब पटना जाने वाले गुरजीत सिंह सलूजा, इंद्रपाल सिंह छाबड़ा, ऋषि सोनी, बनी गांधी, विक्रम कोहली, चरणजीत कौर, यश छाबड़ा, जिगर छाबड़ा, कशिश छाबड़ा आदि रवाना हुए।

# 23 को सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र की वोटों की होगी मतगणना

**इवीएम/भीभी पैट मशीन को विहित प्रक्रिया के तहत सीलिंग किये जाने के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/ पर्यवेक्षक/कर्मी को दिया गया प्रशिक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को संपन्न निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान की मतगणना का कार्य चतरा कॉलेज चतरा में 23 नवंबर को किया जायेगा। इसके सफल संचालन हेतु की जा रही है। मतगणना कार्य के सफल संचालन हेतु आज जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार इवीएम/भीभी पैट मशीन को विहित प्रक्रिया के तहत और संबंधित कंट्रोल यूनिट/बैलेट पेपर और साविधिक/असाविधिक पैकेट को निर्धारित बक्सा में सीलिंग किये जाने हेतु विधानसभावार प्रतिनियुक्ति पदाधिकारी/ पर्यवेक्षक / कर्मी को मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण 10 बजे पूर्वाह्न से 1 बजे अपराह्न तक सभी संबंधित को दिया गया। वहीं इसी प्रशिक्षण भवन हॉल में 2 बजे से मतगणना हेतु मतगणना स्थल पर, मतगणना संबंधी कार्य और अन्य मतगणना संबंधी विभिन्न कार्य किये जाने हेतु प्रतिनियुक्त मतगणना पदाधिकारी / पर्यवेक्षक/कर्मियों को मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।




**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 6138 date 29.10.2024, I. Manjoor Alam Ansari, Aadhaar No. 4407 7504 0462, S/O Md. Husen, aged about 39 years, by faith-Islam, resident of Village Kaswagarh, P.O.-I.E.L Gomia, P.S.-I.E.L. Gomia, Dist.-Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows: 1 That, my Nationality is Indian. 2. That, my actual and correct name is MANJOOR ALAM ANSARI as per my AADHAAR card number-4407 7504 0462. 3. That, in my Bank Account of Bank of India, Gomia Branch vide A/C No. 481110110014792 my name has been registered as MANJUR ALAM which is required to be corrected as MANJOOR ALAM ANSARI 4. That, MANJOOR ALAM ANSARI and MANJUR ALAM both are same and one person i.e. myself. 5. That, I want that my name should be rectify as MANJOOR ALAM ANSARI in place of MANJUR ALAM in said account. 6. That, this affidavit is being made for the concerned officers as per the requirement.

# घुटती सांसों का सवाल

लगातार तीसरे दिन बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर सीवियर यानी गंभीर श्रेणी में रहा। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्राइवेट सेक्टर कंपनियों के लिए निर्देश जारी किया कि 50 फीसदी वर्कफोर्स को वर्क फ्रॉम होम की सुविधा दे दी जाये। कई और भी कदम उठाये गये हैं, लेकिन वे सब आपातकालीन और तात्कालिक उपायों की ही श्रेणी में आते हैं। हवा में प्रदूषण का बेहद खतरनाक स्तर भले दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में देखा जा रहा हो, यह समस्या यहां तक सीमित नहीं है। उत्तर भारत के बड़े इलाके में लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। इसी सप्ताह दिल्ली के साथ-साथ लखनऊ और पटना को देश के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में माना गया। यूं भी विश्व की पांचवीं सबसे बडी इकॉनमी की राजधानी अगर दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर के रूप में देखी जा रही है और वर्षों की कोशिशों के बाद भी स्थिति जस की तस दिख रही है तो इसे एक स्थानीय समस्या नहीं माना जा सकता। सबसे बड़ी बात तो यह है कि न तो इस समस्या का स्वरूप अनजाना है, न इसके कारण अज्ञात हैं और न ही इससे बचाव के उपायों को लेकर किसी तरह की अनभिज्ञता है। हवा में प्रदूषण की कितनी मात्रा वाहनों के धुएं से आती है, कितनी इंडस्ट्री से निकलने वाले उत्सर्जन से, कितनी इस क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्यों से और कितनी आसपास के राज्यों में पराली जलाये जाने से- इसे लेकर थोड़ा-बहुत अंतर भले ही अलग-अलग स्टडीज में देखा गया हो, इसमें कोई दो राय नहीं कि हवा की गुणवत्ता बिगाड़ने में इन सबका सम्मिलित योगदान है। लिहाजा, धीरे-धीरे इन कारकों को नियंत्रित करने वाले ठोस कदम अगर नहीं उठाये जा रहे तो इसके पीछे इच्छा शक्ति की कमी को ही जिम्मेदार मानना होगा। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि आम लोग भी इसे एक मौसमी समस्या मान कर चल रहे हैं। यही कारण है कि न तो यह चुनावी मुद्दा बन पाता है और न ही निर्वाचित प्रतिनिधि इसे गंभीरता से लेकर हल करने की जरूरत महसूस करते। बयानबाजी के जरिए एक-दूसरे पर दोषारोपण करके काम चला लिया जाता है। याद रखना चाहिए कि दिल्ली एनसीआर देश का सबसे समृद्ध इलाका है। यहां की प्रति व्यक्ति आय बाकी पूरे देश से ढाई गुना ज्यादा है, लेकिन क्वॉलिटी ऑफ लाइफ का जहां तक सवाल है, तो पिछले साल यानी 2023 में इस क्षेत्र के लोगों को मॉडरेट और बेहतर हवा वाले 200 दिन ही मिले। ऐसे में डर है कि प्रफेशनल्स की बिरादरी दिल्ली को पनिशमेंट पोस्टिंग न मानने लग जाये।

**हवा में प्रदूषण की कितनी मात्रा वाहनों के धुएं से आती है, कितनी इंडस्ट्री से निकलने वाले उत्सर्जन से, कितनी इस क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्यों से और कितनी आसपास के राज्यों में पराली जलाये जाने से- इसे लेकर थोड़ा-बहुत अंतर भले ही अलग-अलग स्टडीज में देखा गया हो, इसमें कोई दो राय नहीं कि हवा की गुणवत्ता बिगाड़ने में इन सबका सम्मिलित योगदान है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**बीते 7 नवंबर को यहां खेले गये एक फुटबॉल मैच में इसराइली टीम भारी अंतर से हार गयी थी। जब निराश इसराइली प्रशंसक स्टेडियम से बाहर निकले, तब फिलिस्तीन समर्थकों ने अपनी गाड़ियों में सवार होकर उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर मारना-पीटना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर इसकी कई वीडियो वायरल हैं, जिसमें यहूदियों को पीटते, उनका चाकुओं से पीछा करते और सार्वजनिक-निजी संपत्ति को तोड़ते हुए देखा जा सकता है।**

# इस नफरत का स्रोत क्या है?

बलबीर पुंज



बीते दिनों यूरोपीय देश नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में यहूदियों को फिलिस्तीन समर्थकों द्वारा निशाना बनाया गया। सदियों से यहूदी मजहबी कारणों से ईसाइयत और इस्लाम के निशाने पर हैं। इसी तरह हिंदुओं के उत्पीड़न का भी काला इतिहास है। इन सबके सैंकड़ों नहीं, बल्कि हजारों उदाहरण और प्रमाण मौजूद हैं। आखिर मजहब के नाम पर व्यक्ति द्वारा अन्य इंसानों को प्रताड़ित करने के पीछे कौन-सी मानसिकता या विचारधारा है?

आखिर एम्सटर्डम में क्या हुआ था? बीते 7 नवंबर को यहां खेले गये एक फुटबॉल मैच में इसराइली टीम भारी अंतर से हार गयी थी। जब निराश इसराइली प्रशंसक स्टेडियम से बाहर निकले, तब फिलिस्तीन समर्थकों ने अपनी गाड़ियों में सवार होकर उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर मारना-पीटना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर इसकी कई वीडियो वायरल हैं, जिसमें यहूदियों को पीटते, उनका चाकुओं से पीछा करते और सार्वजनिक-निजी संपत्ति को तोड़ते हुए देखा जा सकता है। कुछ यहूदी अपनी जान बचाने के लिए स्थानीय इमारतों में घुसते और नहर में कूदते भी नजर आये। मामले में 62 लोगों की गिरफ्तारी हुई है, जबकि 10 घायल हैं। नीदरलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा, यह एक भयानक यहूदी विरोधी हमला है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। मैं बेहद शर्मिंदा हूं कि 2024 में नीदरलैंड में ऐसा हो सकता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी यहूदियों पर हमले को शर्मनाक और घृणित बताया है।

**हिटलर की अगुवाई में ईसाई बहुल जर्मनी में 1933-1945 के बीच यहूदियों पर भयंकर अत्याचार हुआ था।**

यूरोप में यहूदी-विरोधी हिंसा में काफी वृद्धि हुई है। अकेले नीदरलैंड में वर्ष 2022-23 के बीच यहूदियों पर हमलों में 245 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हमास के हमले के बाद ब्रिटेन में 550 यहूदी-विरोधी घटनाएं दर्ज हुई हैं। फ्रांस भी इससे अछूता नहीं है। क्या इस बवाल की जड़ें केवल 7 अक्टूबर 2023 को फिलिस्तीन समर्थक हमास जिहादियों द्वारा इसराइल पर घातक आतंकवादी हमले के बाद इसराइल की अब तक जारी जवाबी सैन्य कार्रवाई (बहुपक्षीय), जिसमें 40 हजार से अधिक लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है, तक ही हैं? सच तो यह है कि यहूदियों को हालिया कारणों से ही नहीं, बल्कि मजहबी कारणों से भी सतत उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। विश्व विख्यात इनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका के अनुसार, पहली शताब्दी में ईसाइयत के विस्तार के बावजूद अधिकांश यहूदी उसे मजहब के रूप में अस्वीकार करते रहे। इसके परिणामस्वरूप, चौथी शताब्दी तक ईसाइयों ने ईसा मसीह और चर्च को अस्वीकार करने के कारण यहूदियों को अलग समुदाय मानना शुरू कर दिया।

जब ईसाई चर्च रोमन साम्राज्य में प्रभावशाली हुआ, तब उसने रोमन सम्राटों को यहूदी विरोधी कानून बनाने के लिए प्रेरित किया। इनका उद्देश्य ईसाई प्रभुत्व को चुनौती देने वाले किसी भी खतरे को समाप्त करना था। इस कारण यहूदी यूरोपीय समाज में हाशिए पर धकेल दिये गये। इस चिंतन का भयावह रूप मध्यकाल में भी दिखा। वर्ष 1466 में तत्कालीन पोप पॉल-2 के निर्देश पर क्रिसमस के दिन रोम में यहूदियों को सरेआम निर्वस्त्र करके घुमाया गया था। कालांतर में यहूदी पुजारियों (रब्बी) को जोकर के कपड़े पहनाकर उनका जलूस निकाला जाने लगा। 25 दिसंबर 1881 को पोलैंड के वारसॉ में 12 यहूदियों को उन्मादी ईसाइयों ने निर्ममता से मौत के घाट उतार दिया, तो कई महिलाओं का बलात्कार तक किया। इस प्रकार की प्रताड़ना के असंख्य उदाहरण हैं। यहूदी-विरोधी अभियानों ने सदियों तक यूरोप में यहूदियों के लिए असुरक्षा, उत्पीड़न और हिंसा का माहौल बनाया, जो चर्च के समर्थन से यूरोपीय समाज और संस्कृति में गहराई तक समा गयी, जिसने आगे चलकर 20वीं शताब्दी में तानाशाह एडोल्फ हिटलर जनित होलोकॉस्ट का रूप लिया।

हिटलर की अगुवाई में ईसाई बहुल जर्मनी में 1933-1945 के बीच यहूदियों पर भयंकर अत्याचार हुआ था। इसे प्रारंभ में चर्च का मुखर समर्थन प्राप्त था। एक आंकड़े के अनुसार, तब लगभग 60 लाख यहूदियों (15 लाख बच्चों सहित) की हत्या कर दी गयी थी। यहूदियों को जड़ से मिटाने के अपने मकसद को हिटलर ने इतने प्रभावी ढंग से अंजाम दिया कि दुनिया की एक तिहाई यहूदी आबादी खत्म हो गयी। चूंकि हिटलर का जन्म एक ईसाई परिवार में हुआ था, तो क्या उसे नरपिशाची रूप से यहूदियों के नरसंहार की प्रेरणा सदियों तक चले यहूदी-विरोधी अभियानों से मिली थी? बात यदि भारतीय उपमहाद्वीप की करें, तो वर्ष 712 में अरब आक्रांता मोहम्मद बिन कासिम ने सिंध पर हमला करके भारत में इस्लाम के नाम पर मजहबी दमन का सूत्रपात किया था। उसी मानस से प्रेरित होकर कालांतर में गजनी, गौरी, खिलजी, तैमूर, तुगलक, बाबर, औरंगजेब, टीपू सुल्तान आदि ने यहां की मूल सनातन संस्कृति और प्रतीकों को क्षत-विक्षत किया और ऐसा उनके मानसपुत्रों द्वारा आज भी हो रहा है।

इन्हीं जिहादियों की प्रेरणा से भारत के एक तिहाई क्षेत्र पर इस्लाम का कब्जा (पाकिस्तान-बंगलादेश) है, जहां इस्लाम-पूर्व संस्कृति के ध्वजवाहकों (हिंदू, सिख और बौद्ध) के लिए कोई स्थान नहीं है। यही नहीं, जब उत्तर-भारत में इस्लामी प्रचार-प्रसार के नाम पर मजहबी शासकों का आतंकवाद चरम पर था, तब 16वीं शताब्दी में दक्षिण-भारत में जेसुइट मिशनरी फ्रांसिस जेवियर ईसाईयत के प्रचार के लिए भारत पहुंचे थे। उस समय जेवियर ने गोवा इंक्विजीशन के जरिए गैर-ईसाइयों के साथ उन सीरियाई और मतांतरित ईसाइयों के खिलाफ भी हिंसक मजहबी अभियान चलाया था, जो रोमन कैथोलिक चर्च का अनुसरण नहीं कर रहे थे। मजहबी मतांतरण का यह कुचक्र अब भी जारी है।

क्या कारण है कि स्वघोषित सभ्य-सुसंस्कृत लोग बड़ी बेशर्मी के साथ घृणा के नायकों को गौरवान्वित करते हैं? यह उपयुक्त ही है कि कोई भी हिटलर का नाम नहीं रखता और उसे गाली का पर्याय माना जाता है। लेकिन क्या स्टालिन-लेनिन जैसे नामों के प्रति भी वैसा तिरस्कार का भाव नहीं होना चाहिए, जिन्होंने अपने शासन के दौरान लाखों मासूमों को उनसे असहमति रखने के कारण मौत के घाट उतार दिया था? देश में एक प्रसिद्ध फिल्मी घराने ने अपने बेटे का नाम तैमूर रखा है।

वर्ष 1398 में तैमूर ने भारत पर हमला इसलिए किया था, क्योंकि उसकी शिकायत थी कि तत्कालीन इस्लामी आक्रांता स्थानीय हिंदुओं का वैसा दमन नहीं कर रहे हैं, जैसा एक काफिर के लिए अपेक्षित है। आखिर यह कौन-सी विचारधारा है, जो एक मानव को वीभत्स राक्षस बना देती है?

## देश-विदेश की खबरें

# राष्ट्रपति ने उत्कल केसरी डॉ हरेकृष्ण महताब की 125वीं जयंती समारोह का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नयी दिल्ली में उत्कल केसरी डॉ हरेकृष्ण महताब की 125वीं जयंती समारोह का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ हरेकृष्ण महताब एक दूरदर्शी नेता थे। वे जानते थे कि केवल कायिक विकास ही पर्याप्त नहीं, बल्कि सांस्कृतिक जागरूकता भी आवश्यक है। डॉ महताब एक प्रख्यात लेखक थे और उन्होंने लेखन के साथ ही ओड़िशा में एक स्वस्थ, सांस्कृतिक वातावरण निर्मित किया। उन्होंने ओड़िशा के कला, साहित्य और संगीत को बढ़ावा देने में विपुल योगदान दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि ओड़िशा के मुख्यमंत्री रहते डॉ हरेकृष्ण महताब के कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य हुए। उन्होंने महानदी पर बहुउद्देश्यीय बांध परियोजना के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। हीराकुंड और अन्य परियोजनाओं से ओड़िशा बिजली उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बन गया। ओड़िशा विधानसभा, राज्य सचिवालय, राज्य संग्रहालय, विभिन्न अकादमियों और नंदनकानन चिड़ियाघर की स्थापना में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ महताब ने राज्य में खेलों के विकास को भी काफी महत्व दिया। उनके मार्गदर्शन में ही कटक में बाराबती स्टेडियम का निर्माण हुआ। तत्कालीन बॉम्बे प्रांत के राज्यपाल के अपने कार्यकाल में उन्होंने कई लोक कल्याणकारी कार्य किये, जिसके कारण उस समय के वृह्द अविभाजित बॉम्बे प्रांत के लोगों से उन्हें काफी सम्मान मिला।

राष्ट्रपति ने कहा कि डॉ हरेकृष्ण महताब ने देशभक्ति को ही देश के विकास का आधार माना। उन्होंने अपने वक्तव्यों और लेखों द्वारा लोगों को राष्ट्रवादी विचारों से अभिप्रेरित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि डॉ हरेकृष्ण महताब का नेतृत्व कौशल और राष्ट्रवादी विचार हमेशा हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे।

प्रदूषण से दिल्ली में फूल रहा दम

# केंद्र सरकार के कर्मचारियों के ऑफिस आने का समय बदला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली में बढ़े प्रदूषण के मद्देनजर अपने कर्मचारियों के लिए अलग-अलग कार्य समय की घोषणा की। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कर्मचारियों से यह भी कहा गया है कि वे पुलिंग वाहन का इस्तेमाल करें और वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। जारी आदेश में लिखा गया है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण के गंभीर से भी अधिक स्तर को देखते हुए, केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संगठनों को सलाह दी जाती है कि वे दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित कार्यालयों के संबंध में अलग-अलग समय अपनायें। आदेश में आगे लिखा है, कार्यालय सुबह 9 बजे से शाम 5.30 बजे तक और सुबह 10 बजे से शाम 6.30 बजे तक खुले रह सकते हैं।

**दिल्ली सरकार पहले कर चुकी घोषणा :** इससे पहले दिल्ली सरकार ने घोषणा बुधवार को घोषणा की है कि अब सरकारी दफ्तरों में 50 फीसदी कर्मचारी घर से काम करेंगे और 50 फीसदी कार्यालय आयेंगे। राजधानी में जैसे जैसे प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है सरकार की ओर से चीजों को लेकर प्रतिबंध लगाये जा रहे हैं। ग्रेप-4 पहले ही लागू हो चुका है। स्कूल-कॉलेजों को बंद कर दिया है। अब कर्मचारियों के स्वास्थ्य को देखते हुए घर से काम करने के लिए कह दिया गया है।

**गुरुग्राम में भी वर्क फ्रॉम होम की सुविधा :** वहीं गुरुग्राम में भी बढ़ते एक्यूआइ को देखते हुए मंगलवार को जिला प्रशासन ने वर्क फॉर होम के लिए एडवाइजरी जारी कर दी। उपायुक्त की ओर से जारी इस एडवाइजरी में कॉर्पोरेट और निजी क्षेत्र की कंपनियों से कहा गया है कि 50 फीसदी कर्मचारियों को घर से ही काम करने की अनुमति दी जाये। उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों की भौतिक उपस्थिति पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है।

# इजराइली पीएम नेतन्याहू के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**गाजा में युद्ध पर इंटरनेशनल कोर्ट का आदेश**

**पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट का नाम भी शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय क्रिमिनल कोर्ट (आइसीसी) ने गुरुवार को अरेस्ट वारंट जारी किया है। नेतन्याहू के खिलाफ गाजा में युद्ध अपराध (वॉर क्राइम) का आरोप है। इस मामले में इजराइल के पूर्व रक्षा मंत्री योव गैलेंट और हमास के पूर्व कमांडर मोहम्मद दाइफ के खिलाफ भी वारंट जारी हुआ है।

आइसीसी ने कहा कि गाजा में भुखमरी और फिलिस्तीनियों के खिलाफ अत्याचारों के लिए नेतन्याहू और गैलेंट को जिम्मेदार ठहराये जाने के लिए ठोस आधार है। वारंट में मोहम्मद दाइफ को इजराइल में 7 अक्टूबर को बड़े पैमाने पर हत्याओं, बलात्कार और लोगों को बंधक बनाकर साथ ले जाने का आरोप है। हालांकि इजराइल ने दावा किया था कि उसने जुलाई में एक हमले में मोहम्मद दाइफ का मार दिया है। आइसीसी यूक्रेन में वॉर क्राइम के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी कर चुका है।

**इजराइल ने आरोपों को खारिज किया :** इजराइल ने आइसीसी के क्षेत्राधिकार को खारिज करते हुए गाजा में युद्ध अपराधों से इनकार किया है। इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री नफ्ताली बैनेट ने नेतन्याहू और गैलेंट के खिलाफ वारंट जारी करने की आलोचना की है। इजराइल के प्रमुख विपक्षी नेता यायर लिपिड ने इस आदेश की निंदा करते हुए इसे आतंकवाद के लिए इनाम करार दिया।

**आइसीसी के पास गिरफ्तारी की पावर नहीं :** आइसीसी ने यह वारंट जारी तो कर दिया है, लेकिन उसके पास संदिग्धों की गिरफ्तारी की शक्तियां नहीं हैं। वह सिर्फ उन देशों में अपने अधिकार का इस्तेमाल कर सकता है, जिन्होंने इस कोर्ट की स्थापना करने वाले समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

# पाकिस्तान में पैसेंजर वैन पर हमला, 50 की मौत

**मृतकों में छह महिलाएं भी शामिल, दस की हालत गंभीर**

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा में शिया मुसलमानों को ले जा रहे यात्री वाहन पर बंदूकधारियों ने हमला कर दिया, जिसमें 50 लोगों की मौत हो गयी। इनमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। हमले में 20 लोग भी घायल हुए हैं। यह हाल के वर्षों में सबसे घातक हमला माना जा रहा है। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह हमला कुर्रम जिले में हुआ है, जो खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का हिस्सा है। इस जिले में हाल ही में शिया और सुन्नी मुसलमानों के बीच सांप्रदायिक घटनाएं बढ़ी हैं। पुलिस के मुताबिक हमलावरों ने उन यात्री वाहनों पर गोलियां चलायीं, जो परचिनार से पेशावर की ओर जा रहे थे। पुलिस अधिकारी अजमत अली ने बताया कि मरने वालों में छह महिलाएं भी शामिल हैं और दस यात्री अस्पताल में गभीर हालत में भर्ती हैं।

**राष्ट्रपति जरदारी ने की हमले की निंदा, कार्रवाई का दिया आदेश**

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने हमले की निंदा की और पीड़ितों के परिजनों के प्रति संवेदना जतायी। उन्होंने आदेश दिया कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। पाकिस्तान में शिया मुसलमानों की आबादी करीब 15 फीसदी है, जबकि देश में सुन्नी मुसलमान बहुसंख्यक हैं।

# रूस ने इंटरकांटिनेंटल मिसाइल से हमला किया

**यूक्रेन ने किया दावा : हमले अस्त्राखान इलाके से किये गये**

एजेंसी

**कीव।** यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस ने उसके निप्रो शहर पर गुरुवार सुबह इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइल (आइसीबीएम) से हमला किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये हमले अस्त्राखान इलाके से किये गये। हालांकि रूस ने आइसीबीएम मिसाइल से हमले की पुष्टि नहीं की है। अस्त्राखान और निप्रो के बीच की दूरी 700 किमी है।

अमेरिकी न्यूज चैनल एबीसी न्यूज ने पश्चिमी देशों के अधिकारियों के हवाले से कहा है कि यूक्रेन हमले को बढ़ा-चढ़ा कर बता रहा है। ये हमला रूस ने किसी सामान्य क्रूज या बैलिस्टिक मिसाइल से किया है। इसके लिए आइसीबीएम का इस्तेमाल नहीं हुआ है। इससे पहले बुधवार को यूक्रेन ने ब्रिटेन की स्टॉर्म शैडो क्रूज मिसाइल और मंगलवार को अमेरिकी एटीएसीएमएस मिसाइल से हमला किया था।

यूक्रेन की एयर फोर्स ने यह भी दावा किया कि आइसीबीएम के अलावा रूस ने 7 केएच-101 क्रूज मिसाइल से भी हमले किए। इनमें से 6 मिसाइलों को मार गिराया गया। रूस ने यूक्रेन पर किंजल हाइपरसॉनिक मिसाइल भी दागीं। रूस ने पिछले महीने कहा था कि अगर नाटो देशों के हथियारों का इस्तेमाल उसकी जमीन पर होता है, तो इसे तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत समझा जायेगा।

# दिल्ली हाइकोर्ट ने आबकारी नीति मामले में केजरीवाल के खिलाफ सुनवाई पर रोक लगाने से किया इनकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मुकदमे की कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 से जुड़ी अनियमितताओं के एक मामले में आरोपी हैं।

न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने मामले में आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय से जवाब मांगा। अब इस केस की सुनवाई 20 दिसंबर को होगी।

**केजरीवाल ने ईकोर्ट में दी थी चुनौती :** केजरीवाल ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को 20 नवंबर को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी।

**इस आधार पर दी थी चुनौती :** केजरीवाल ने हाईकोर्ट से इस आधार पर ट्रायल कोर्ट के आदेश को रद्द करने का निर्देश देने की मांग की कि विशेष न्यायाधीश ने पूर्व मुख्यमंत्री के खिलाफ अभियोजन के लिए किसी मंजूरी के अभाव में आरोपपत्र पर संज्ञान लिया। वह कथित अपराध के समय एक लोक सेवक थे। 12 नवंबर को हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में एजेंसी की शिकायत पर उन्हें जारी समन को चुनौती देने वाली केजरीवाल की एक और याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा था। हाईकोर्ट ने आपराधिक मामले में इस स्तर पर ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया था।

# मतगणना परिसर में प्रवेश के लिए होंगे कड़े नियम, संबंधित लोगों को दी गयी जानकारी

## अभ्यर्थी, अभिकर्ता तथा कर्मियों के लिए अलग-अलग रंग के होंगे परिचय पत्र

- परिचय पत्र धारक दो स्तर की तलाशी के उपरांत ही जा पायेंगे अंदर
- हॉल में प्रवेश के बाद बाहर नहीं जायेंगे गणन अभिकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विधानसभा निर्वाचन के क्रम में मतगणना का काम 23 नवंबर को किया जाना है। गढ़वा में मतगणना के लिए निर्धारित बाजार समिति परिसर में प्रवेश के लिए कड़े नियम रहेंगे।

80 गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि मतगणना दिवस पर कोई भी अधिकृत व्यक्ति अपना परिचय पत्र दिखाकर ही परिसर के अंदर प्रवेश कर पायेगा।

**अलग-अलग रंगों के हैं परिचय पत्र :** निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता के लिए सफेद रंग का पहचान पत्र, मतगणना कर्मियों के लिए गुलाबी रंग का जबकि मतगणना अभिकर्ताओं के लिए पीले रंग का पहचान पत्र दिया जा रहा है। मतगणना परिसर में प्रवेश के दौरान पहले चेक पॉइंट पर ही परिचय पत्र मांगा जायेगा, आधिकारिक तौर से जारी परिचय पत्र दिखाने के उपरांत प्रवेश दिया जायेगा।

**गणन अभिकर्ताओं को वाहन अंदर ले जाने की अनुमति नहीं :** प्रत्याशियों को बाजार समिति परिसर में उनके लिए निर्धारित वाहन पड़ाव स्थल तक अपना वाहन ले जाने की अनुमति होगी। किंतु अभ्यर्थियों के गणन अभिकर्ताओं को परिसर के अंदर वाहन लाने की अनुमति नहीं होगी। बल्कि वे चाहें तो अपना वाहन बाजार समिति के सामने रोड की दूसरी तरफ स्थित मैदान



में पार्क कर सकते हैं। निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारी, सरकारी कर्मचारी और विशिष्ट व्यक्तियों के वाहन मतगणना परिसर के अंदर चेकिंग पॉइंट 'सी' के पहले निर्धारित स्थल पर पार्क किये जायेंगे। गणन अभिकर्ताओं को बाहर जाने की नहीं होगी। अनुमति गणन अभिकर्ता एक बार अपने मतदान हाल में जाकर अपना स्थान ग्रहण कर लेंगे, उसके उपरांत उन्हें बाहर जाने की अनुमति सामान्यतया नहीं होगी। उनसे अपेक्षा होगी कि वे मतगणना पूरी होने के बाद ही वहां से बाहर जायेंगे। गणन अभिकर्ता अपने साथ मोबाइल या किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट नहीं ले जायेंगे। उन्हें मतगणना कक्ष के अंदर पानी बोतल ले जाना भी अनुमन्य नहीं होगा।

**दो लेवल पर होगी तलाशी :** प्रवेश के समय राज्य सशस्त्र बल तथा केंद्रीय बलों द्वारा अपने-अपने स्तर से तलाशी ली जायेगी। तलाशी के समय मिले माचिस, लाइटर, हथियार आदि के अलावा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जब्त कर लिया जायेगा। नियम विरुद्ध आचरण करने वालों को न केवल प्रवेश से रोक दिया जायेगा, बल्कि उन पर कार्रवाई भी की जायेगी।

**आरओ टेबल पर अभ्यर्थी या उसके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकेंगे :** संजय कुमार ने बताया कि मतगणना हॉल में स्थित निर्वाची पदाधिकारी की मेज के निकट अभ्यर्थी उपस्थित रह सकते हैं। वे चाहें तो अपने प्रतिनिधि के रूप में अपने निर्वाचन अभिकर्ता या प्रतिनियुक्त गणन अभिकर्ता को भी अपने बदले उपस्थित रख सकते हैं। किंतु यहां स्पष्ट किया गया कि निर्वाची पदाधिकारी टेबल पर अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता या मतगणना अभिकर्ता में से कोई एक ही व्यक्ति एक समय में उपस्थित रह सकेंगे।

**ईवीएम तथा पोस्टल बैलट दोनों की मतगणना हेतु बनाये गये हैं अलग-अलग कक्ष :** संजय कुमार ने बताया कि ईवीएम और पोस्टल बैलट दोनों प्रकार के मतों की गणना के लिए पृथक-पृथक कक्षों में व्यवस्था की गई है, इसलिए प्रत्याशियों के गणन अभिकर्ता दोनों कक्षों में मौजूद रहेंगे।

# टेंपो दुर्घटना में चालक की मौत

- मृतक सुनील विश्वकर्मा अपने पीछे पत्नी कविता तथा दो लड़की और एक लड़का रागिनी को छोड़ गया
- टेंपो चलाकर करता था अपने परिवार का भरण पोषण



स्पीड रोड पर बिजली पोल रखकर बनाया गया ब्रेकर जहां टेंपो एक्सीडेंट हुआ।

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** डंडई मेराल मुख्य पथ पर बाना हाई स्कूल के समीप टेंपो दुर्घटना में चालक सुनील विश्वकर्मा 32 वर्ष पिता छेदी विश्वकर्मा की मौत हो गयी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुनील टेंपो लेकर मेराल से अपने घर बाना जा रहा था। इसी बीच बाना हाई स्कूल के मुख्य द्वार के सामने मुख्य सड़क पर बिजली पोल पर मिट्टी डालकर बनाये गये ब्रेकर पर टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया और सुनील टेंपो के नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। घटना की सूचना पर मेराल पुलिस ने अहले सुबह शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार सुनील बहुत ही गरीब युवक था, जो जमीन बेचकर एक वर्ष पूर्व टेंपो लिया था। टेंपो चला कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। लेकिन स्पीड रोड पर बिजली खंभा पोल रखकर मिट्टी डालकर बनाये गये बेतरतीब ब्रेकर के कारण दुर्घटना के शिकार हो जाने से उसकी मौत हो गयी। सुनील अपने पीछे पत्नी कविता तथा दो लड़की और एक लड़का रागिनी लगभग 12 वर्ष ज्योति 9 वर्ष और एक 6 वर्ष का बेटा सत्यम कुमार को छोड़ गया जो बेसहारा हो गये। दुर्घटना के बाद शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को सांत्वना देने पहुंचे सनेश विश्वकर्मा, आदेश विश्वकर्मा, राजेश प्रजापति, कृष्ण ठाकुर, वीरेंद्र विश्वकर्मा, अवधेश विश्वकर्मा सहित लोगों ने बताया कि बाना स्कूल के सामने मुख्य मार्ग में बिजली पोल रखकर ब्रेकर नहीं बनाया गया होता, तो सुनील के साथ ऐसा दुर्घटना नहीं होता।

इधर बाना मुख्य मार्ग पर बिजली पोल का खंभा रखकर ब्रेकर बनाये जाने के संबंध में पूछने पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक आसिफ शेख ने बताया कि विगत 6 नवंबर को मोटरसाइकिल के चपेट में आने के कारण वर्ग 10 की छात्रा चांदनी कुमारी पिता गिरजा सिंह की सर में चोट लगने के कारण घायल हो गयी थी, जिसका इलाज अभी भी रांची में चल रहा है।

उनके द्वारा ग्रामीणों के साथ मेराल थाना और अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा को हाई स्कूल के सामने मुख्य सड़क पर ब्रेकर बनाये जाने को लेकर लिखित आवेदन दिया है। कोई कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों के साथ मिलकर मुख्य सड़क पर बिजली खंभा पोल रखकर मिट्टी डालकर के ब्रेकर बनाया गया है। ब्रेकर बनवाने का उनका मुख्य उद्देश्य सिर्फ दुर्घटना को रोकना है।

## डीजे बजाने की रोक पर लचिला रुख अपनाने की मांग



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला प्रशासन द्वारा डीजे बजाने पर रोक लगाये जाने के बाद डीजे संचालकों ने प्रशासन से गुहार लगायी है। डीजे संचालकों ने कहा है कि जिले में कुल 400 डीजे संचालक है। जिसमें आधे से ज्यादा लोगों का मुख्य व्यवसाय यही है। खेती किसानी में फायदा नहीं होने के कारण 100 से ज्यादा लोग बड़े ऋण लेकर जमीन बेचकर ये धंधा अपनाएं है। शादी का सीजन कल गुरुवार से प्रारंभ है। जो 15 दिसंबर तक होगा। जिसकी बुकिंग 2 माह पूर्व से ही होना शुरू हो जाता है। डीजे संचालकों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि हमें कुछ सहूलियत की अपेक्षा है। न्यायालय के आदेश का हम सभी के मन में सम्मान है। परंतु इस व्यवसाय को बदलने हेतु कुछ समय देने की जरूरत है। वरना ऐसे ने बहुत सारे लोग भुखमरी के कगार पे आ जायेंगे। इस विनती को गंभीरतापूर्वक लेते हुए जिले के सभी डीजे संचालकों के परिजनों तथा इनसे जुड़े कई परिवारों के समूह को अपने जीविकोपार्जन के लिए दूसरे व्यवसाय में जाने के लिए 15 दिसंबर तक पड़ोसी राज्यों उत्तर प्रदेश अथवा छत्तीसगढ़ के तर्ज पर रात्रि 10 बजे तक निर्धारित मानकों के अनुरूप डीजे के संचालन हेतु रियायत देने की कृपा की जाय। जिले के उपायुक्त होने के नाते गढ़वा के लाखों जनमानस की भावना को आप ध्यान में रखते हुये फिलहाल के लिए थोड़ी राहत रियायत करेंगे। आवेदन देने वालों में दयाशंकर गुप्त, निकू, एकराम अंसारी, सहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## बिलासपुर ग्राम स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में असफल लूट कांड का हुआ खुलासा

# घटना में शामिल चार आरोपी गिरफ्तार

## उनके पास से तीन देसी कट्टा, एक पिस्टल और लूट कांड में प्रयोग बाइक जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**बंशीधर नगर।** स्थानीय पुलिस ने 20 दिन पूर्व थाना क्षेत्र के सीमावर्ती बिलासपुर ग्राम स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में असफल लुट कांड का खुलासा करने का सफलता हासिल किया है। घटना में शामिल चार आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा तीन देशी कट्टा, एक पिस्टल और लुट कांड में प्रयोग बाइक भी जब्त किया है। गुरुवार को स्थानीय थाना में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि पिछले माह 23 तारीख को बिलासपुर स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में लुट की घटना का



प्रयास किया था। उन्होंने बताया कि इस दौरान संबंधित शाखा प्रबंधक के साथ मारपीट करने का मामला के बाद बंशीधर नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज किया था। प्राथमिकी के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक टीम गठित किया गया, जिसके बाद अनुसंधान प्रारंभ करते हुए धुरकी थाना क्षेत्र के कदवा ग्राम निवासी पंकज पासवान, बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के सिंहपुर ग्राम निवासी शिव कुमार राम, चिनिया थाना क्षेत्र के चीनिया ग्राम निवासी विनय कुमार सिंह, उतर प्रदेश के गोंडा जिला के मानिकपुर थाना क्षेत्र के बनकसिया ग्राम निवासी दिव्यांश शुक्ला उर्फ सूरज शुक्ला को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि चारों आरोपियों ने घटना में संलिप्तता स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि इस घटना में रंका एसडीपीओ रोहित कुमार सिंह तथा छत्तीसगढ़ के गांधीनगर पुलिस की भूमिका अहम रहा। उन्होंने बताया कि छापेमारी दल में मेरे अलावे पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, पु अवर निरीक्षक जितेंद्र कुमार, अनुज कुमार सिंह, संजय पासवान, पुलिस जवान कौशल कुमार द्विवेदी, अनिल कुमार राजा, बिकास कुमार तिवारी का नाम शामिल है।

# डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड के लातदाग स्थित डीएवी लीला वचन पब्लिक स्कूल में बुधवार को निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा की अध्यक्षता में अभिभावक मीट का आयोजन हुआ। बैठक में विद्यालय एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं नामांकन में त्रुटि के संबंध में विशेष चर्चा हुई। बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए निदेशक श्री विश्वकर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के चहुंमुखी विकास के प्रति अपने इस योगदान को सदैव प्रथम स्थान पर रखते हुए, समय-समय पर आयोजित होने वाली शिक्षक-अभिभावक बैठक में अवश्य भाग लें। आपका आगमन हमारा मनोबल और बढ़ाएगा, साथ ही आपके सुझाव हमें व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने में सहायक होगा। बैठक में प्राचार्य मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष पारसनाथ विश्वकर्मा, शिक्षक रिजवान अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, नागेंद्र ठाकुर, सूफिया, नाहिद, अमिता कुमारी शाहिद बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल थे।

## नशीली दवाओं के लत और मादक द्रव्यों के सेवन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के अनुषांगिक इकाई नेहरू युवा केंद्र गढ़वा जिला युवा अधिकारी कंचन कुमारी के नेतृत्व में रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित आरके प्लस टू उच्च विद्यालय के सभागार में युवा क्लब के कार्यकर्ताओं के साथ-साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में नशीली दवाओं की लत और मादक पदार्थों के सेवन पर जागरूकता शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रंका थाना के एसआई प्रदीप कुमार केशरी, एनवाईसी के जिला पदाधिकारी कंचन कुमारी, सीआरपी संजय प्रसाद, चिकित्सा पदाधिकारी गोरखनाथ पांडेय, प्रिती सिंह, तरूण विश्वास, प्रधानाध्यापक अमित कुमार और एनवाईसी स्वयंसेवक अमरेंद्र कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। एसआई प्रदीप कुमार केशरी ने कहा कि नशा नाश का कारण होता है। नशा के कारण घर परिवार का खुशहाल जीवन नरक बन जाता है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोरखनाथ पांडेय ने कहा कि आज देश के अधिकतर युवा नशा के चपेट में आकर अपना जीवन लीला समाप्त कर रहा है। कार्यक्रम में सीआरपी संजय प्रसाद, एनवाईसी के जिला पदाधिकारी कंचन कुमारी आदि ने विचार व्यक्त किया जबकि संचालन अमरेंद्र कुमार ने किया।

## डीएवी भवनाथपुर में नये चेयरमैन हुआ स्वागत



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर टाउनशिप में डीएवी भवनाथपुर के नये चेयरमैन श्याम उज्जवल मेधा का स्वागत किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने नये चेयरमेन को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर दिया सजाओ प्रतियोगिता और रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को चेयरमैन ने पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय के चेयरमैन श्याम उज्जवल मेधा मुख्य अतिथि के रूप में बच्चों के बीच पुरस्कार रूप प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए विद्यालय की सराहना की और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डीएवी विद्यालय केवल शिक्षा प्रदान नहीं करता बल्कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में अच्छे संस्कार भी भरने के लिए बहुत ही सुंदर तरीके से दैनिक प्रार्थना सभायें और साप्ताहिक हवन भी करता है। इससे बच्चों में एकाग्रता और आध्यात्मिकता का विकास होता है। अतःआप सभी शिक्षकों के बताये गये दिशा निर्देश का पालन करते हुए अपने जीवन के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। इस मौके पर ओपी सिंह, संजय राय भट्ट, शौकत अली, सूरज सिंह, प्रवीण पांडे, अनिल द्विवेदी, गणेश त्रिवेदी सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# आरके पब्लिक स्कूल में विज्ञान मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड अंतर्गत अधौरा में स्थित आरके पब्लिक स्कूल में गुरुवार को विज्ञान मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने निरीक्षण कर किया। मेला में बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रदर्श लगाये गये थे। निरीक्षण के दौरान स्कूल के निदेशक श्री पांडेय ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किये गये विज्ञान संबंधित मॉडल को देख काफी प्रसन्न हुये तथा बच्चों का जमकर उत्साहवर्द्धन किया।

उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा एक से बढ़कर एक प्रदर्श लगाया गया जो बहुत ही सराहनीय है। विज्ञान मेला जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जाने से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है। बच्चों की सोचने और समझने की शक्ति विकसित होती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य लक्ष्मीकांत ओझा ने बताया कि हमारे जीवन में विज्ञान का बहुत ही योगदान है। लेकिन हमारे उपयोग विधि पर निर्भर करता है। विज्ञान एक अच्छा कार्यकर्ता भी है तथा एक खतरनाक मालिक भी है। उन्होंने बच्चों के प्रदर्श की जमकर सराहना की। मेला में बेहतर प्रदर्श लगाने के लिये इशिका गुप्ता और अंश प्रताप देव प्रथम, ऋतिक राज द्वितीय तथा सत्यम कुमार ने तृतिय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में कक्षा शिशु से दूसरी तक के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर ओमप्रकाश चौबे, संतोष प्रताप देव, विद्यालय के शिक्षक अमर कुमार, प्रशांत चौबे, रविकांत चौबे, राहुल सोनी, अखिलेश पाडेय, प्रतिभा कुमारी, प्रीति देवी, प्रीति देव, सुप्रिया पांडेय, सुप्रिया चौबे, पूजा सोनी, दिव्या रानी, गार्गी जायसवाल समेत बड़ी संख्या में बच्चों के अभिभावक मौजूद थे।

## जलमीनार पिछले एक माह से खराब, मरम्मत के लिए कोई पहल नहीं



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय परिसर में स्थित जलमीनार पिछले एक माह से खराब पड़ा है, जिससे प्रखंड कार्यालय और अस्पताल आने जाने वाले आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने कहा कि प्रखंड प्रशासन सहित संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराकर बनाने का आग्रह किया गया। बावजूद अभी तक जल मीनार की मरम्मत के लिए पेयजल विभाग की तरफ कोई पहल नहीं की गयी। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम ने बताया कि मुझे जानकारी नहीं थी, उसको हम देखवाते हैं।

# अंजलि शाश्वत वैश्विक पहचान बनाये ऐसी मैं कामना करता हूं : राज्यपाल

- जहां के संन्यासी भी बनते विश्व विजेता हैं, वो विश्वगुरु मेरा भारत ब्रह्म ज्ञान प्रणेता है : अंजलि शाश्वत

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** विश्व के सबसे बड़े काव्य मंच 'राष्ट्रीय कवि संगम' द्वारा दिल्ली में 15, 16 व 17 नवंबर 2024 को आयोजित '18वीं दस्तक युवा पीढ़ी की' नामक कार्यक्रम में विभिन्न प्रांतों से एक युवा कवि/कवयित्री को चयनित कर बुलाया गया था, जिसमें झारखंड प्रांत से नवादा (गढ़वा) की अंजलि शाश्वत को अपने प्रांत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ।

उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविख्यात कवि




डॉक्टर कुमार विश्वास, विशिष्ट अतिथिद्वय स्वामी चिदानंद सरस्वती व दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर योगेश सिंह, राष्ट्रीय कवि संगम के संरक्षक डॉक्टर हरिओम पंवार, राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल, उपाध्यक्ष अशोक बत्रा, महामंत्री महेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

**युवा सांसद झारखंड-2023 अंजलि शाश्वत ने अपनी कविता :** 'राम ही अर्चना राम वरदान हैं...' तथा 'ब्रह्मज्ञान प्रणेता' की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उपरांत अतिथियों द्वारा अंगवस्त्र, प्रशस्ति-पत्र तथा प्रतीक चिह्न प्रदान कर अंजलि शाश्वत को सम्मानित भी किया गया। वापसी पर झारखंड के महामहिम राज्यपाल संतोष गंगवार ने अंजलि शाश्वत को आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि कवयित्री अंजलि शाश्वत भारतीय संस्कृति को पल्लवित-पुष्पित करते हुए अपनी प्रतिभा के बल पर वैश्विक पहचान बनाये, ऐसी मैं कामना करता हूं। संस्कार भारती गढ़वा जिला इकाई की सहमंत्री अंजलि शाश्वत ने कहा कि गढ़वा जैसे शहर जहां पर काव्य या कला को लेकर कोई विशेष माहौल नहीं है वहां से विश्व के सबसे बड़े काव्य मंच 'राष्ट्रीय कवि संगम' तक पहुंचना ही मेरे लिए बहुत बात है। इसके लिए मैं उन सभी बड़ों और साथियों की आभारी हूं जो वहां तक पहुंचने में मेरे सहायक बने।

**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**

Declaration about criminal cases as per the judgment dated 25th September 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundantion & ors. Versus Union of India & Anr.
Name and address of candidate :- **Tirth Nath Aakash** S/o Kamdeo Mahto, Resident of 1079, Jagriti Nagar, Ambedkar Nagar, Tupkadih, P.O. Tupkadih, P.S. Jaridih, District Bokaro (Jharkhand)-827010.
Name of political party : **Independent.**
Name of Election: **Jharkhand Legislative Assembly, 2024.**
Name of constituency:-**35 Bermo**
I, **TIRTH NATH AAKASH**, a candidate for the above mentioned election, declare for publication information the following details about my criminal antecedents:-
(A) Pending Criminal Cases :-

(A) Pending Criminal Cases

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of case (s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence (s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Sri S. Mahto J.M.F.C. Ranchi | Chutia P.S. Case No. 31/2024 | Pending | 353 of I.P.C. |
| 2. | C.J.M. Sahebganj | Borio(J) P.S. Case No. 206/2021 | Pending | 66 'C', 'D', 'E' of I.T. Act 384, 500, 504, 506, 120 'B' 34 I.P.C |
| 3. | Sri A/Srivastav J.M.F.C. Ranchi | Cyber Crime P.S. Case No.15/2017 | Pending | 153,295, 295 'A', 298, 469 501, 502, 504, 506, I.P.C. |

(B) Details about case of conviction for criminal offences

| Sl. No. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of office(s) punishment imposed | Maximum Punishment imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | NA | NA | NA |
| 2 | NA | NA | NA |
| 3 | NA | NA | NA |

Tirath Nath Aakash

## 20 पीस चौपहल और चिरान स्टैंड जब्त



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निरहू चरहु गांव में लकड़ी माफिया के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। वन विभाग की टीम की ओर से लकड़ी माफियाओं के विरुद्ध की गयी कार्रवाई से लकड़ी माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। वनकर्मियों ने 20 पीस चौपहल और चिरान स्टैंड को जब्त किया है। जिसकी अनुमानित लागत 50 हजार रुपये बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार लोहरदगा वन प्रमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि किस्को क्षेत्र में लकड़ी माफिया सक्रिय हैं। इसको लेकर टीम का गठन किया गया। डीएफओ के निर्देश पर फोरेस्टर प्रदीप साहू की अगुवाई में वनकर्मियों ने चरहु गांव में छापेमारी अभियान चलाया। जिसमे चरहु स्थित इलियास अंसारी के आंगन से 50 हजार कीमत के चौपहल बरामद किया गया है। अपराधियों के विरुद्ध वन विभाग के द्वारा कानूनी कर्रवाई की जा रही है। इस संदर्भ में टीम के सदस्यों ने बताया कि विभाग की ओर से लकड़ी माफियाओं के विरुद्ध आगे भी इसी तरह लगातार कार्रवाई किया जाता रहेगा। टीम में प्रदीप साहू, अनूप शहदेव, विक्की कुमार मेहता, नवीन चौहान, रमेश भगत, हीरा उरांव और होमगार्ड जवान शामिल थे।

## छठ पूजा जागरण समिति ने जताया आभार

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** छठ पूजा जागरण समिति ने जिले के तमाम सनातन धर्मावलंबियों को शांतिपूर्ण रूप से भजन संध्या कार्यक्रम संपन्न कराने में सहयोग प्रदान के लिए धन्यवाद दिया है। समिति के अध्यक्ष तुषार आरव और सचिव दीपक साहू ने संयुक्त रूप से भजन संध्या कार्यक्रम को शांतिपूर्वक और हर्षोल्लास के साथ संपन्न करने के लिए उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला पुलिस कप्तान हरीश बिन जमां, जिला पुलिस प्रशासन, सभी पूजा पंडालो के पदाधिकारी और सदस्यों, स्वास्थ्य टीम, पुलिस प्रशासन, नगर प्रशासक, विभिन्न धार्मिक समितियां के सदस्यों, आयोजन समितियों, धार्मिक संगठनों से जुड़ी महिलाओं सहित पूरे लोहरदगावासियों का आभार प्रकट किया है। कहा कि समिति आगे भी निसंदेह, निस्वार्थ अपने कर्तव्यों और जिम्मेवारियों का निर्वाह्व करता रहेगा। पिछले एक माह से चल रही आयोजन की तैयारी सभी के सहयोग से सफल हो सकी है। आयोजन के दौरान विघ्न उत्पन्न न होने देने की जिम्मेवारी लेने वाले सदर थाना पुलिस के प्रति आभार प्रकट किया जाता है।

## ग्रामीणों ने बड़ा अजगर सांप पकड़ा



**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा के पझरी गांव में गुरुवार को ग्रामीणों ने सुबह एक विशाल अजगर सांप को देखा और भंडरा थाना को इसकी जानकारी दिया। भंडरा थाना के एसआई पप्पू गुप्ता ने पझरी गांव पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से अजगर सांप को पकड़ा और इसकी सूचना वन विभाग को दिया। सूचना पर वन विभाग की टीम ने अजगर सांप को कब्जे में लेकर सुरक्षित वनक्षेत्र में छोड़ दिया है।

# काउंटिंग की तैयारी में जुटा प्रशासन मतगणना के लिए 16 टेबल बनाये गये

23 नवंबर की सुबह आठ बजे से शुरू होगी गिनती

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार विधानसभा चुनाव के तहत 23 नवंबर को होने वाले मतगणना की तैयारियों को लेकर 21 नवंबर 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतगणना की प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पॉलिटेक्निक कॉलेज में बने मतगणना केंद्र में 23 नवंबर की सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलट से हुए मतदान की गिनती की जायेगी। इसके बाद 8:30 बजे से इवीएम के माध्यम से हुए मतदान की गिनती होगी। इवीएम से हुए मतदान की गिनती के लिए लातेहार और मनिका विधानसभा क्षेत्र के लिए 16-16 टेबल लगाया जायेगा। वहीं, पोस्टल बैलेट के मतों की गिनती के लिए 10-10 टेबल लगाया जायेगा।

उपायुक्त ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों व कर्मियों को ससमय उपस्थित रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतगणना कक्ष में किसी भी प्रकार के मोबाइल या इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की अनुमति नहीं होगी।

उपायुक्त ने मतगणना केंद्र में सुरक्षा-व्यवस्था को पुख्ता बनाने संबंधित आवश्यक निर्देश दिया। मतगणना प्रक्रिया में शामिल सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया के पूर्व प्रशिक्षण देने से संबंधित जानकारी लेते हुए सभी अधिकारियों से मतगणना प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन आयोग के सभी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए समय पर मतगणना प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। मतगणना के लिए उपयोग में आने वाले स्टेशनरी सामग्रियों की उपलब्धता व गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सरकारी योजनाओं का झांसा देकर एक लाख रुपये की ठगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले में साइबर ठगी का मामला सामने आया है। सरकारी योजनाओं का झांसा देकर युवक से साइबर ठगों ने 01 लाख रुपए की ठगी की है। पीड़ित युवक ने लोहरदगा एसपी से न्याय की गुहार लगायी है। जिले के भंडरा थाना क्षेत्र के भीठा गांव निवासी ओम प्रकाश साहू नामक युवक को साइबर ठगों ने निशाना बनाया है। ठगों ने युवक को फोन कर झारखंड सरकार के योजनाओं का लाभ दिलाने और खाता में सरकारी राशि के पैसे डालने की बात कहकर बैंक खाता का ओटीपी ले लिया जिसके बाद एक लाख रुपये युवक के खाते से निकाल लिये। पीड़ित युवक ओमप्रकाश साहू ने लोहरदगा एसपी को लिखित आवेदन देकर गुहार लगाते हुए कहा की उसके मोबाइल नंबर पर एक अज्ञात नंबर 9771564004 से कॉल आया और झारखंड सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कही गयी। साथ ही खाता में पैसे डालने के लिए केवाइसी की बात कह ओटीपी मांगा गया और खाते से इलाज के लिए रखे 01 लाख रुपए की ठगी कर ली गयी। युवक ने लोहरदगा एसपी हारिस बिन जमां से आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है।

# लोगों के अंदर विधिक जागरूकता को लेकर अलख जगाना उद्देश्य : राजेश कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा प्रखंड अंतर्गत मुरकी तोडार पंचायत भवन में गुरुवार को नालसा, नई दिल्ली और राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देशानुसार और झालसा, रांची एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लोहरदगा राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से लोगों के अंदर विधिक जागरूकता को लेकर अलख जगाना है। जिससे लोगों की विधिक संबंधी समस्या का समाधान हो सके। उन्होंने कहा कि एक जागरूक समाज के रहने के नाते हमारा दायित्व है कि हम सभी लोगों की मदद करें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह जैसे कुप्रथा के कारण आज समाज पीछे चला जा रहा है। लोगों को इस कुप्रथा के प्रति जागरूक होकर इसका विरोध करना चाहिए। वहीं उन्होंने बाल यौन अपराध के बारे बताते हुए कहा कि इस तरह की घटना को अंजाम अपने परिवार या आस पास के लोग के द्वारा ही की जाती है। इसलिए मामले को लेकर लोग सतर्क रहें। साथ ही इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले लोगों का विरोध करें। वहीं उन्होंने टेक्नोलॉजी का सही उपयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से हर प्रकार की जानकारी तुरंत प्राप्त की जा सकती है। वहीं मध्यस्थ सह अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव ने डालसा द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न थानों, सभी प्रखंड कार्यालयों, सदर अस्पताल, जेजेबी, सीडब्ल्यूसी, सखी वन स्टॉप सेंटर में पीएलवी की नियुक्ति की गयी है। जिनके द्वारा लोगों को विधिक जानकारी दी जाती है। साथ ही उनके द्वारा लोगों की मदद भी की जाती है। वहीं मध्यस्त सह अधिवक्ता मोमिना खातून ने डायन बिसाही, शिक्षा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, सरकार द्वारा बच्चियों के विकास के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दहेज लेना और देना दोनों अपराध है।

## सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की मौत

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार सेन्हा थाना क्षेत्र के एनएच 143 ए लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर छोटी मस्जिद सेन्हा के समीप मोटरसाइकिल के जोरदार टक्कर से साइकिल सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उसी मोटरसाइकिल से घायल अवस्था मे ग्रामीणों के सहयोग से इलाज हेतु सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ अनुज रोशन मिंज ने जांचोपरांत मृत घोषित किया। मृतक वृद्ध की पहचान अरु डांड टोली निवासी स्वर्गीय बुधवा उरांव के 60 वर्षीय पुत्र सोमा उरांव के रूप में किया गया है। घटना की सूचना थाना प्रभारी अजित कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर एएसआइ जमशेद खान दलबल के साथ अस्पताल पहुंच शव को कब्जे में लेकर घटना का लिया जायजा, पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दिया।

# सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/ लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के मुस्लिम मुहल्ला स्थित छोटी मस्जिद के समीप अनियंत्रित हो कर मोटरसाइकिल बिजली खंभा से जा टकराया। जिसमे सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल गये। घायलों को 108 एंबुलेंस के मदद से सदर अस्पताल में कराया गया। बताया जाता है कि दुर्घटना के पश्चात मोटरसाइकिल जेएच 01 सी आर 0684 पर सवार तीनो लड़का गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान अलग अलग थाना क्षेत्र के रूप में किया गया। सेन्हा थाना क्षेत्र के कोयनार टोली निवासी धर्मा उरांव के पुत्र पंकज उरांव तथा झखरा जितिया टोली निवासी स्वर्गीय मनोज उरांव का पुत्र विजय उरांव जो फिलहाल में नानी घर कोयनार टोली में रहता था। तीसरा घायल लड़का का पहचान गुमला जिला अंतर्गत घाघरा थाना क्षेत्र के गोया निवासी प्रदीप उरांव का पुत्र मनोज उरांव के रूप में किया गया है। सभी घायलों को इलाज हेतु 108 एंबुलेंस की मदद से सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान पंकज उरांव एवं विजय उरांव की स्वास्थ्य स्थिति को चिंताजनक बताते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया। वही प्राप्त जानकारी के अनुसार रांची रिम्स में इलाज के दौरान पंकज उरांव की मौत हो गयी। जबकि विजय उरांव का स्वास्थ्य स्थिति चिंताजनक बताया जा रहा है।

## कोल्हान की खबरें

# कांग्रेस की समीक्षा बैठक में पूर्वी से डॉ अजय कुमार की जीत का जगा विश्वास

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कोऑपरेटिव कॉलेज में ईवीएम मशीन की निगरानी के दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश साहू कांग्रेस नेताओं के साथ समीक्षा बैठक की। गुरुवार को बैठक में महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नलिनी सिन्हा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय यादव, इंटक नेता अरुण सिंह,युवा कांग्रेस पूर्वी विधानसभा अध्यक्ष नीरज कुमार, समसेर आलम, केसर आलम, रीता गुप्ता, संतोष गुप्ता, यस सिंह, संध्या दास,नमृता सिंह, कुणाल यादव, गोविंद दास, पूर्वीदत्ता,मनीष चंद्रवंशी समेत कई नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे। राकेश साहू ने कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय कुमार की ऐतिहासिक जीत पर भरोसा जताते हुए कहा डॉ अजय कुमार 15,000 से अधिक मतों से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने कहा यह जीत केवल डॉ अजय कुमार के लिए नहीं, बल्कि पूरे झारखंड प्रदेश के लिए गर्व का विषय होगी। उन्होंने कहा चुनाव प्रचार के दौरान जनता ने डॉ अजय को अपार समर्थन और आशीर्वाद दिया। मौके पर बबलू सोनकर, जावेद जमाल, प्रभात बकाला, धर्मा राव, सुरेंद्र शर्मा, बलदेव सिंह, लल्लन यादव, रजनी बंसल, रश्मि बंसल, जावेद, सागर साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोंका कमार करमाली की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** कोंका कमार करमाली संघर्ष समिति के द्वारा बारीडीह गोल चक्कर में वीर शहीद बिरसा मुंडा के सेनापति कोंका कमार करमाली की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा मे बिरसा सेना के संस्थापक प्रमुख बलराम कर्मकार, विशु लोहार मंगल कालिंदी के पीए रायमुल बानरा, राजु लोहारा, श्याम सिंह सरदार,भरत कर्मकार, मंगल वोयपाई, प्रहलाद लोहारा, रवि सिंह सरदार, सुनिल सोरेन, गोविन्द कर्मकार, पूर्वी प्रत्याशी कृष्णा लोहार, जागो संगठन के कार्यकारिणी अध्यक्ष रमेश, सन्नी सामद सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे। मौके पर सभी ने बारी बारी से श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। झारखंड जनतांत्रिक महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष सह जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा के प्रत्याशी कृष्णा लोहार ने कहा कि कोंका कमार करमाली ने आदिवासी अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका जीवन आदिवासी समुदाय के लिए प्रेरणा स्रोत है। आज भी उनकी विरासत जीवित है। झारखंडी समाज उनके योगदान को याद करता है। उन्होंने कहा कमार समाज का योगदान झारखंड में हुए तमाम जन आंदोलन में रहा है। लेकिन उन्हें इतिहास में उचित जगह नहीं मिला है। आज भी ऐसे कई गुमनाम नायक हैं जिनका नाम भी हमलोग नहीं जानते हैं। ऐसे ही वीर शहीदों को खोज कर निकालना और उन्हें समाज में फिर से एक बार स्थापित करना हम लोगों का कर्तव्य है। झारखंड में जो जन आंदोलन हुआ उन सभी में कमार समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

हम झारखंडी जनमानस को उनके अधुरे सपना को साकार करने के लिए उनके दिखाए पथ पर चल कर लड़ाई लड़ कर अपना अधिकार लेंगे।

# किसानों को दिया गया उन्नतशील बीज



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** राज्य भर में रबी फसलों की बुआई की शुरूआत हो गई है। बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के किसानों ने फसलों की बुआई भी शुरू कर दी है। वहीं अधिकांश किसान बुआई की तैयारी में लगे हुए हैं। इसी बीच किसानों को रबी की फसलों की बुआई के लिए प्रोत्साहित करने के लिए निशुल्क बीज मुहैया प्रखंड कृषि कार्यालय में गुरुवार को किया गया है। इस वर्ष किसानों को दलहन और गेंहू मक्का फसलों के बीज व कीटनाशक दवा मुफ्त में वितरित की जा रही है। हालांकि राज्य सरकार द्वारा निशुल्क बीज वितरण की योजना तब कारगर साबित हो रही है। जब किसानों को सही वक्त पर बीज उपलब्ध हो पा रहे है, क्योंकि अक्सर देखा गया है कि फसलों की बुआई का समय खत्म होने के बाद किसानों तक बीज पहुंचता है।

# एक हजार केएलडी का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के कदमा प्रोफेशनल फ्लैट्स स्थित सी ब्लॉक में टाटा स्टील यूआइएसएल के द्वारा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन समारोह आयोजित की गयी। गुरुवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि टाटा स्टील कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी,समानित अतिथियों में टाटा स्टील यूआईएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा, टाटा स्टील कॉर्पोरेट सर्विसेज के प्रमुख प्रणय सिन्हा, टाउन इंफ्रास्ट्रक्चर एंड लॉजिस्टिक्स के प्रमुख वरुण बजाज, जल एवं अपशिष्ट जल सेवाओं के महाप्रबंधक संजीव कुमार झा और जुस्को श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष रघुनाथ पांडेय शामिल हुए। मौके पर अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से अत्याधुनिक 1000 केएलडी पैकेज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन कर सतत शहरी बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। इस अवसर पर कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष चाणक्य चौधरी ने कहा यह उन्नत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट पर्यावरणीय स्थिरता और जल प्रबंधन के प्रति टाटा स्टील यूआईएसएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।अपशिष्ट जल को कुशलतापूर्वक उपचारित करने के लिए डिजाइन किया गया। पीएसटीपी विभिन्न उद्देश्यों के लिए उपचारित जल को पुनर्चक्रित करने और पुनः उपयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जिससे पर्यावरणीय प्रभाव कम होगा और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होगा। यह संयंत्र इलाके के निवासियों की सीवेज उपचार आवश्यकताओं को पूरा करेगा। जिससे स्वच्छ और स्वस्थ रहने वाले वातावरण को बढ़ावा मिलेगा। मौके पर टाटा स्टील यूआइएसएल के प्रबंध निदेशक रितु राज सिन्हा ने कहा टाटा स्टील यूआईएसएल के द्वारा शहरी क्षेत्र में स्वच्छ और स्वस्थ रहने के लिए अत्याधुनिक 1000 केएलडी पैकेज्ड सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन किया गया। यूआइएसएल प्रबंधन के द्वारा सतत बुनियादी ढांचे में मानक स्थापित करना जारी है।

# काशीडीह में वारी एनर्जी सोलर पावर शोरूम का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के काशीडीह बागान एरिया में मोदी इलेक्ट्रॉनिक्स जमशेदपुर के द्वारा वारी एनर्जी सोलर पावर शोरूम का शुभारंभ किया गया। गुरुवार को उद्घाटन समारोह में मुख्य अथिति एएसआइए के अध्यक्ष इंदर अग्रवाल, सम्मानित अतिथि में सिंहभूम चेंबर ऑफ कॉमर्स अध्यक्ष विजय आनंद मूनका,भाजपा नेता अभय सिंह, रामकृष्ण चौधरी, वारी एनर्जी के झारखंड हेड कुंदन कुमार सहित अन्य शामिल हुए। मौके पर अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर शोरूम का उद्घाटन किया गया।

जानकारी देते हुए अमित मोदी ने कहा मोदी इलेक्ट्रॉनिक्स सोलर ऊर्जा में अपनी नई फ्रेंचाइजी का शुभारंभ की है। हमारा लक्ष्य है बेहतर भविष्य के लिए सोलर ऊर्जा में स्विच करने की दिशा में कदम बढ़ाना। ताकि पर्यावरण को कम कार्बन डाइऑक्साइड और स्वस्थ जीवन प्रदान कर सके। साथ ही बिजली बिल के लागत पर बचत का लाभ प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा वारी एनर्जीज लिमिटेड भारत में एक अग्रणी सौर ऊर्जा कंपनी है। जो सोलर पीवी मॉड्यूल, सोलर इनवर्टर, लिथियम-आयन बैटरी, सोलर थर्मल तथा सोलर एवं औद्योगिक केबल भी बनाती है। वारी भारत में सोलर पीवी मॉड्यूल बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी है। जिसकी क्षमता 12 गीगावाट है। भारत में इसकी चार सोलर माड्यूल प्लांट हैं। वारी रूफटॉप सोलर समाधान प्रदान करती साथ ही एक स्वतंत्र बिजली उत्पादक भी है। प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत, ग्राहकों को 78,000 रुपये तक की सब्सिडी प्राप्त होगी। यह योजना न केवल पर्यावरण की रक्षा में मदद करेगी, बल्कि ग्राहकों को उनके बिजली बिलों पर भी बचत करने में मदद करेगी। श्री मोदी ने कहा फ्रेंचाइजी के माध्यम से जमशेदपुर और आसपास के क्षेत्रों में सोलर ऊर्जा की आवश्यकता को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। साथ जुड़कर, आप न केवल अपने बिजली बिलों पर बचत करेंगे, बल्कि आप पर्यावरण की रक्षा में भी योगदान करेंगे।

# जर्जर स्पीड ब्रेकर दुर्घटना को कर रहा है आमंत्रित



आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पोकला गेट रेलवे क्रासिंग के समीप बने स्पीड ब्रेकर हुआ जर्जर, दुर्घटना को आमंत्रित कर रही है। जानकारी के मुताबिक पोकला गेट रेलवे क्रासिंग के समीप खूंटी-सिमडेगा मुख्य पथ पर बना स्पीड ब्रेकर के इर्दगिर्द सड़क पूरी तरह से उखड़ गयी है।जिसके कारण स्पीड ब्रेकर के दोनों भागों पर गड्ढा बन चुका है।इसके अलावे स्पीड ब्रेकर के उपर किसी भी तरह का कोई निशान नहीं लगा हुआ है। जिसके वजह से उक्त स्थान पर यदि कोई भी दोपहिया वाहन या फिर चार पहिया वाहन काफी तेजी के साथ पहूंचती है तो वहां पर जोरदार तरीके वाहन उछलकर टप्पा खाने लगती। इसलिए वहां पर अक्सर दुर्घटना की संभावना बनी हुई रहती है। स्थानीय ग्रामीणों की बात माने तो वहां पर अब तक दर्जनों बाइक और स्कूटी चालक गिर कर जख्मी हो चुके हैं। हालांकि इसका आंकड़ा आपको न अस्पताल में मिलेगा और न थाने में क्योंकि दुर्घटना होने के बाद बाइक चालक पुलिस के झमेले में नही पड़ना चाहते हैं। जिसके कारण अक्सर दुर्घटना होने के बाद दो पहिया वाहन चालक वहां से किसी तरह भाग कर किसी निजी अस्पताल में जाकर अपना इलाज कराते हैं। ग्रामीणों की मांग है कि पोकला गेट रेलवे के जर्जर स्पीड ब्रेकर और सड़क को यथाशीघ्र मरम्मत की जाये अन्यथा वहां पर कभी भी बड़ी सड़क दुर्घटना घट सकती है।

# गुमला के चौक-चौराहों पर चुनाव परिणाम की चर्चा, लोग हैं उत्सुक

**मतगणना का समय नजदीक आते ही प्रत्याशियों की बढ़ गयी हैं धड़कने**

सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव का मतदान 13 नवंबर को शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त हो गया। लेकिन प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की बेचैनी लगातार बढ़ रही है। गुमला जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों गुमला, सिसई और बिशुनपुर में राजनीतिक समीकरणों का विश्लेषण किया जा रहा है। हालांकि स्पष्ट नतीजे अभी सामने नहीं आ रहे हैं। जिससे प्रत्याशी हार-जीत का सही आकलन करने में असमर्थ हैं।

**गुमला विधानसभा में मिसिर कुजूर के वोट पर टिकी हैं सभी की नजरें**

गुमला विधानसभा सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय हो न हो। मिसिर कुजूर के वोट पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। भारतीय जनता पार्टी के सुदर्शन भगत, झारखंड मुक्ति मोर्चा के भूषण तिर्की और निर्दलीय उम्मीदवार मिसिर कुजूर के बीच मुकाबला है।

सुदर्शन भगत को टिकट मिलने के बाद भाजपा से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले मिसिर कुजूर ने सबके समीकरण बिगाड़ दिये हैं। अपने जनाधार और लोगों से जुड़ाव के कारण कुजूर ने भाजपा और झामुमो दोनों के वोटों में सेंध लगायी। कई मतदान केंद्रों पर उन्हें अप्रत्याशित वोट मिलने की खबरें भी आ रही हैं। भाजपा के लिए यह नुकसान भले बड़ा हो। लेकिन झामुमो के विधायक भूषण तिर्की को भी जनता की नाराजगी झेलनी पड़ी।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झामुमो को टिकट देने के कारण असंतोष रहा। हालांकि कांग्रेस कार्यकर्ता गुमला में अपनी मजबूती का दावा कर रहे हैं और सुखदेव भगत की लोकसभा में जीत को अपनी बात के समर्थन में पेश कर रहे हैं। बावजूद इसके गठबंधन के भीतर आपसी तालमेल की कमी ने कांग्रेस और झामुमो को कमजोर कर दिया। गुमला के मतदाता इस बार जातीय समीकरण और व्यक्तिगत छवि के आधार पर मतदान करते दिखे। जिससे नतीजों के पूवार्नुमान और कठिन हो गये हैं।

**सिसई विधानसभा : भाजपा का दावा, झामुमो को चुनौती**

सिसई विधानसभा में भाजपा और झामुमो के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। भाजपा के प्रत्याशी अरुण उरांव अपनी मृदु छवि और प्रभावशाली व्यक्तित्व के कारण मजबूत दावेदारी पेश कर रहे हैं। वहीं झामुमो के जिग्गा सुसारन होरो ने भी पूरे दम खम के साथ चुनाव लड़ा है और मजबूती से जीत का दावा कर रहे हैं।

भाजपा का मानना है कि अरुण उरांव को हर वर्ग का समर्थन मिला है, और सिसई में साइलेंट वोट का फायदा भी उन्हें हो सकता है। जीग्गा सुसारण होरो को मंईयां सम्मान योजना और बिजली की व्यवस्था को दुरूस्त कराने का काम भी अच्छा खासा वोट दिलाया है। सिसई में महिला वोटरों के झुकाव का भी नतीजे पर असर पड़ने की संभावना है।

**बिशुनपुर विधानसभा : समीर उरांव के लिए कठिन चुनौती**

बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के समीर उरांव और झामुमो के चमरा लिंडा के बीच कड़ा मुकाबला है। इस क्षेत्र में समीर उरांव का पैतृक घर होने के बावजूद, लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन ने चिंता बढ़ायी थी। झामुमो से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले जगन्नाथ उरांव ने गठबंधन के वोटों को बांट दिया है, जिससे भाजपा को लाभ होने की संभावना है। बिशुनपुर क्षेत्र में अनुसूचित जनजाति और इसाई वोटरों का झुकाव हमेशा निर्णायक भूमिका निभाता है। भाजपा ने अपने प्रचार अभियान में स्थानीय मुद्दों, जैसे जल संकट और सड़क निर्माण, को प्राथमिकता दी है। वहीं, झामुमो के चमरा लिंडा ने परंपरागत वोट बैंक पर भरोसा किया है। इस क्षेत्र में मतदाताओं की चुप्पी को साइलेंट वोट का संकेत माना जा रहा है, जो किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी परिणाम पलट सकता है।

**नतीजों पर टिकी सभी की निगाहें**

गुमला के इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मुकाबला बेहद रोचक है। साइलेंट वोट और बगावत के कारण वोटों का बिखराव मतगणना को और रोमांचक बना रहा है। सभी दल 23 नवंबर को होने वाली मतगणना का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ने मनाया आदिवासी गौरव दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नवडीहा में आदिवासी गौरव दिवस धूमधाम से मनाया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वनवासी कल्याण केंद्र के संरक्षक कृपा प्रसाद सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए संरक्षक कृपा प्रसाद सिंह ने कहा कि 15 नवंबर से 22 नवंबर तक तय तिथि के तहत कार्यक्रम कराया जा रहा है। इसी निमित्त 20 नवंबर को विद्या मंदिर नवडीहा में सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुआ। वहीं मौजूद विद्यालय के प्रधानाचार्य पारसनाथ नंद ने कहा कि छोटानागपुरिया और आदिवासियों की संस्कृति सभ्यता को बचाना इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इसके पूर्व बच्चों द्वारा स्वतंत्रता सेनानी के स्वरूप को दशार्या गया। वही बच्चों द्वारा मरदाना झूमर, बच्चियों के द्वारा डमकच, एकांकी गीत की प्रस्तुति ढोल मांदर के साथ की गई। इस मौके पर मुख्य रूप से मौजूद लोगों में खेदु नायक, प्रमोद नाथ, धनुराम उरांव, देवव्रत सिंह, फाल्गुनी सिंह, राजेश भगत, जलेश्वर भगत, रवि उरांव, शशिलता नाथ, अनीता नंद, खुशी कुमारी सहित कई लोग अभिभावक एवं बच्चे बच्चियों मौजूद रहे।

# गुमला में छह बाइक के साथ पांच चोर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला पुलिस ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। साथ ही पांच चोर को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से छह अलग-अलग मंहगी कंपनियों का बाइक भी बरामद किया है। गिरफ्तार चोरो में महात्मा उरांव व नितेश उरांव दोनों ग्राम कोटाम, थाना गुमला, सुरज कुमार साहू ग्राम शिवनगर, थाना गुमला, अभय उरांव और मुकेश उरांव दोनो ग्राम हिरही थाना व जिला लोहरदगा शामिल है।



एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव व सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शहर के शांति नगर में छापा मारा। जहां किराए के मकान में रहकर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले महात्मा उरांव और नितेश उरांव को पुलिस ने गिरफ्तार किया। साथ ही उनके पास से चोरी के 3 बाइक बरामद की। पूछताछ में दोनों ने बताया कि तीनों बाइक का रजिस्ट्रेशन कार्ड शिवनगर निवासी सूरज कुमार को बनाने के लिए दिया गया है। सूरज एडिट कर डुप्लीकेट ऑनर कार्ड बना देता था। जिसके बाद वे लोग बाइक की बिक्री के किये ओएलएक्स का इस्तेमाल करते थे। फिर ओएलएक्स में ग्राहकों को झांसे में लेकर बाइक की बिक्री कर देते थे। इससे उन्हें मोटी कमायी होती थी। इसके अलावा दोनो ने पुलिस को यह भी जानकारी दी कि चोरी का अन्य बाइक लोहरदगा निवासी अभय उरांव और मुकेश उरांव के पास है। फिर पुलिस ने लोहरदगा व शिवनगर में छापामारी कर तीनो यथा अभय, मुकेश व सूरज को गिरफ्तार किया। चोरी का बरामद सभी बाइक गुमला, लोहरदगा और रांची से चोरी की गयी है। कुछ बाइक को बिक्री भी कर दिया गया है। गिरफ्तार सभी चोरो ने तीन बाइक बिक्री किये जाने की बात कही है। बिक्री किये गये बाइक का पता लगाया जा रहा है। एसडीपीओ ने कहा कि सभी बाइक को चोरी किये जाने के बाद उसका फर्जी कागज शिवनगर निवासी सूरज साहू कंप्यूटर में एडिट कर बनाता था। इसके एवज में उसे मोटी रकम मिलती थी। फिर फर्जी कागजात व बाइक का फोटो को को ऑनलाइन मार्केटिंग डछ में डालकर ग्राहकों को फंसाया जाता था। ग्राहक के फंसते ही उसे बेच दिया जाता था। सभी मंहगी बाइको की चोरी की जाती थी। पुलिस अभय व मुकेश के पास से भी चोरी के 3 और बाइक सहित मोबाइल फोन भी बरामद की है। वही बताते चले की बाइक चोर गिरोह का पकड़ा गया एक चोर कोडरमा का एक सिपाही का बेटा है। जिसका नाम अभय है। पूछताछ में महात्मा और सूरज ने पुलिस को बताया कि वे लोग चोरी के बाइक का असली नंबर प्लेट हटाकर उस नंबर को मोबाइल से सर्च करके बाइक में लगा देते थे तथा जो नंबर चोरी के बाइक में लगाते थे उस नम्बर का बाइक मालिक के पास रहता था। सिर्फ बाइक मालिक का नाम और पता रजिस्ट्रेशन कार्ड में फर्जी तरीके से उतार दिया जाता था। छापामारी दल में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार सिंह गुमला थाना, पुअनि मुनेश तिवारी, पुअनि राजेन्द्र मण्डल, पुअनि हिमांशु शेखर सिंह, हवलदार रमेश राम, आरक्षी औरंगजेब खान एवं थाना के सशस्त्र बल जवान शामिल थे।

# हत्या के आरोप में तीन नाबालिग गिरफ्तार

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** हत्या के आरोपी 3 नाबालिग को घाघरा पुलिस ने गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेजा। थानेदार तरुण कुमार ने बताया कि बीते 9 नवंबर की रात देवाकी काना टोली निवासी 16 वर्षीय नाबालिग दुर्गा लोहरा जो बाराडीह में अपने नानी के घर में रहता था और गांव के बगल वाले गांव की एक युवती से प्रेम प्रसंग था। युवती के भाई ने दोनों को साथ में देखा जिसके बाद कहां सुनी हुई। युवती के भाई के अलावा तीन अन्य युवक मिले और मृतक दुर्गा को शराब पीने का बहाना करके गोया नदी की ओर ले गए और गला दबाकर हत्या कर दिया। जिसके बाद छानबीन किया जिसमें तीन नाबालिक व एक बालिक हालमाटी निवासी अंकित उरांव का नाम सामने आया। अंकित ने न्यायालय में सरेंडर कर दिया। जिसके बाद तीनों नाबालिक को न्यायिक हिरासत में गुरुवार को भेज दिया गया।

# जांच अभियान में 55 वाहनों से 1.02 लाख रुपये की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला शहर में लगातार हो रही बाइक की चोरी और अपराध नियंत्रण को लेकर एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव के नेतृत्व में वाहन जांच अभियान चलाया गया। सर्वप्रथम शहर के थाना चौक में वाहनों की जांच की गयी। वहीं ट्रिपल राइट, बिना हेलमेट, कागजात की जांच की गयी। इस क्रम में जब्त वाहनों से तत्काल जुर्माना वसूला गया। इसके बाद टीम कार्तिक उरांव कॉलेज के पास पहुंची जहां वाहनों की जांच की गयी। जांच के क्रम में 55 वाहनों से कुल 1 लाख 2 हजार जुर्माना वसूला गया। सीडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा टीनएजर शहर में काफी तेज



गति से वाहन चलाते हैं जिससे दुर्घटना भी होती है और मौतें भी होती है। वहीं शहर में लगातार बाइक चोरी की घटना बढ़ रही है स्कूली विद्यार्थी भी तेज रफ्तार से बाइक चलाते हैं। वही पुलिस ने बुधवार को चोरी की 6 बाइक बरामद किया और 5 आरोपी को जेल भेजा है। सीडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने कहा बीच-बीच में वाहन जांच अभियान चलाया जायेगा। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार गोप, मंटू रवानी भी मौजूद थे।

# सिसई में रोड पर अतिक्रमण करने को लेकर 12 वाहनों का चालान कटा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** सिसई पुलिस के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना रोड के 12 वाहन के विरुद्ध रोड पर अतिक्रमण करने को लेकर फाइन काटा गया है। इस बाबत थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह व पुलिस अवर निरीक्षक आशीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सिसई के सार्वजनिक मार्ग को अवरूद्ध करने यथा थाना रोड,मेन रोड व बसिया रोड स्थित कई दुकानदारों के द्वारा आए दिन रोड पर अपने दुकानों का सामान को बाहर निकाल कर रख देते हैं। इसके अलावा जगह जगह पर कई टेम्पु व बड़े वाहनों को रोड पर खड़ा करके चले जाते हैं। जिस वजह से अक्सर सिसई मुख्यालय के प्रमुख मार्गों मेन रोड, थाना रोड व बसिया रोड पर जाम लगा रहता है और लोगों व राहगीरों को भारी कठिनाई कि सामना करना पड़ता है। इसकी शिकायत अक्सर मिलती रहती है। पुलिस एक्ट 34 ए के तहत 12 लोगों कृष्णा साहु पोढ़ा नागफेनी, तिलेश्वर उरांव मुर्गू करंजटोली, राजू साहु समल सोगड़ा, मुन्ना गोप बरगांव नदी टोली, प्रदीप सोरेन कुंजाली नवा टोली, जसवंत मिंज अंबेरा, सतन उरांव चितामनकुरा, महेश यादव अटरिया फोरी,प्रदीप इंदवार सोलेंगबीरा भरनो ,राजकुमार उरांव डहुडीह सिसई, केदार उरांव नगर, प्रेम प्रकाश लोहरा सोगड़ा से 50 - 50 रुपये का चालान काटा गया है। वहीं सभी दुकानदारों व अनावश्यक रूप से रोड पर वाहन खड़ा करने वालों पर उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई करने की हिदायत दी गयी है।

# बाइक से गिरकर दो घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के महूगांव मोड़ के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर चूंदरी कठियाटोली निवासी हरि महतो और दिलु महली गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के बाद चिकित्सक ने हरी महतो को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार दोनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर झखरा के चमडू बाजार से वापस घर चूंदरी कठिया टोली लौट रहे थे। इसी क्रम में महूगांव मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से सड़क पर ही दोनों गिर गये। जिससे दोनों घायल हो गये।

# मतगणना के दिन सिमडेगा कॉलेज रास्ता आम लोगों के लिए रहेगा बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव 2024 के लिए सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र का मतगणना 23 नवंबर को सिमडेगा कॉलेज में बने मतगणना केंद्र में होगा। मतगणना के दिन मतगणना के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने सिमडेगा कॉलेज रूट में आम लोगों के वाहनों का प्रवेश वर्जित किया है।


सिमडेगा प्रशासन ने मतगणना दिवस पर बाजार टांड़ की तरफ से सिमडेगा कॉलेज जाने वाले मार्ग को आम लोगों के वाहन के लिए बाधित किया है। इस रूट से सिर्फ चुनाव संबंधित वाहनों का सिमडेगा कॉलेज तक परिचालन होगा। आम लोग सीधे एमएच के रास्ते अपने गंतव्य तक जायेंगे। इसी तरह भट्ठी टोली सिमडेगा कॉलेज मोड़ के पास एनएच से सिमडेगा कॉलेज तक सिर्फ चुनाव संबंधित वाहनों का प्रवेश होगा। आम लोग एनएच का प्रयोग करेंगे। मतरामेता की तरफ से कोढ़ी चौक के पास से कॉलेज तक आम लोगों के वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा, यहां से सिर्फ चुनाव संबंधित वाहनों का प्रवेश होगा। आम लोग खैरन टोली या टुकूपानी के तरफ से एनएच एनएच का प्रयोग करेंगे।

सिमडेगा कॉलेज के पूर्व की तरफ गेट नंबर 01 से सिर्फ विशिष्ट अधिकारियों का वाहन कॉलेज परिसर में प्रवेश होगा, तथा गेट के बांई तरफ इन वाहनों का पार्किंग होगा। सिमडेगा कॉलेज के पश्चिम दक्षिण की तरफ गेट नंबर 02 से केवल उम्मीदवार, चुनाव संबंधित कर्मी और मीडिया कर्मी का वाहन कॉलेज परिसर में प्रवेश होगा, इन वाहनों का पार्किंग गेट के बाईं तरफ होगा। इसके अलावा काउंटिंग एजेंट और खास पब्लिक के वाहनों का पार्किंग गेट नंबर 02 के बाद मतरामेटा रोड की तरफ कॉलेज के पीछे कॉलेज की चारदीवारी के बाहर होगा। आपातकालीन सेवा इस रूट पर जारी रहेगी

# एनसीसी कैडेटों ने पर्यावरण संरक्षण जागरूकता रैली निकाली

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** एनसीसी 76वें स्थापना दिवस के अवसर पर चलाये जा रहे एनसीसी सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को ट्रूप संख्या 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण हेतु एक जागरूकता रैली निकाली जो नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी है। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल आरडी शर्मा ने इस कैंपेन के लिए कैडेटों को बधाई दी। डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू ने कहा कि पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व बनाये रखने के लिए



पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है। सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड ऑफिसर अभिजीत झा ने बताया कि यह रैली शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी और इस दौरान कैडेटों ने लोगों को सिंगल यूजर प्लास्टिक की जगह क्लाथ बैग का इस्तेमाल करने की सलाह दी। कैडेटों ने इस अवसर पर कलाकृतियुक्त बैग्स वितरित किये। इस एक्टिविटी में कैडेट खुशी कुमारी, एंजेलिना मिंज, अरहान अफ्जा, सूर्यांश केसरी, अनीसा कुमारी, समृद्धि कुमारी, अनिमेष कुमार शाही, रत्नेश केसरी, पलक कुमारी सिंह, स्वाति कुमारी, रानी उरांव, जानवी भारती, अनुष्का कुमारी, अल्फी बहार, आर्यन कुमार सिंह, शिव कुमार गुप्ता, लक्ष्मीकुमारी, नूपुर कुमारी, अभिज्ञान प्रकाश, शफी परवेज, अभय कुमार साहू, प्रीतम उरांव, सुधांशु कुमार, रीतू कुमारी, सौम्या कच्छप, स्मृति कुमारी ने भाग लिया।

# 26 को मनाया जायेगा बंदई पर्व

**बसिया (आजाद सिपाही)।** खडिया समिति बसिया के द्वारा आगामी 26 नवंबर दिन मंगलवार को कोनबीर सरहुल अखाड़ा में धूमधाम से बंदई पर्व मनाने का तैयारी जोर शोर से की जा रही है। खडिया समिति बसिया की ओर से तमाम बांधवो एवं सभी खोडहा दल को शामिल होकर सहयोग करने की अपील किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए समिति के सदस्य रितूवा कुल्लू ने बताया कि सभी खोड़हा दल निर्धारित रजिस्ट्रेशन शुल्क समिति को देकर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें,समाज के सभी परिवार से सहयोग की अपील भी की गयी है।

# सिमडेगा में नप ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा शहरी क्षेत्र को सुंदर और जन सुलभ व्यवस्थित बनाने के लिए नगर परिषद निरंतर प्रयत्नशील है। इसी के मद्देनजर शहरी क्षेत्र में यातायात सुलभता के उद्देश्य से डीसी अजय कुमार सिंह के निर्देश पर नगर परिषद द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर परिषद के कार्यपालक अधिकारी समीर बोदरा, सिटी मैनेजर आकाश डेविड और कर्मियों ने बुधवार को शहर के बस स्टैंड, महाबीर चौक और झुलन सिंह चौक के आसपास के क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त किया। इस दौरान नगर परिषद क्षेत्र में अवैध रूप से कब्जा कर व्यवसाय कर रहे लोगों के दुकान को हटाते हुए सामानों



को जब्त किया गया। जिसे बाद में फाईन जमा करवाकर वापस कर दिया गया। साथ हीं सभी व्यवसायियों को सख्त हिदायत दी गयी कि दुबारा अतिक्रमण कर दुकान नहीं लगायें। दुबारा अतिक्रमण करने पर नगर परिषद दण्डात्मक कार्रवाई करेगी। बता दें कि एनएच और अन्य सड़क किनारे के दुकानदार बेहतरीब तरीके से अपने प्रतिष्ठान के इर्द-गिर्द सामान फैलाकर रखते हैं। जिससे अक्सर पैदल चलने के हाथ साथ मार्केटिंग के लिए बाजार आने वाले लोगों को पार्किंग की भी समस्या हो जाती है। ऐसे में सड़क पर वाहन खड़ी कर खरीदारी करनी पड़ती है जिससे अक्सर जाम जैसी स्थिति पैदा होने लगती है। शहरी क्षेत्र में इसी समस्या को देखते हुए प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए यह कार्रवाई की है। नगर परिषद ने व्यवसायियों से अपील की है कि अपने प्रतिष्ठानों के सामानों के सलीके से दुकान की सीमारेखा के अंदर रखें।

### मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी आरओ- पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# काउंटिंग के दौरान छोटी से छोटी गलती भी नहीं होनी चाहिए: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो चुका है। अब मतगणना की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसे लेकर डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने सभी आरओ व मतगणना से जुड़े अन्य पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ गुरुवार को बैठक की। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने मतगणना को लेकर की जाने वाली तैयारियों के संबंध में पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गयी। बैठक में मतगणना केंद्र के अंदर और बाहर सुरक्षा व्यवस्था, मतगणना एजेंट एवं मतगणनाकर्मियों के लिए प्रवेश द्वार, बैरिकेटिंग, पार्किंग व्यवस्था, मतगणना कर्मियों के लिए पहचान पत्र, पेयजल की व्यवस्था, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी का अधिष्ठापन सहित अन्य विषय पर चर्चा की। उन्होंने स्ट्रांग रूम से काउंटिंग हॉल तक ईवीएम के परिवहन को लेकर मैनपावर को चिन्हित करने की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी के टी-शर्ट पर नंबरिंग करने की बात कही। कहा कि काउंटिंग हॉल में किसी भी तरह का इलेक्ट्रॉनिक गैजेट यथा- मोबाइल आदि लेने जाना पूर्ण प्रतिबंधित है। इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कर्मियों के खाने-पीने की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही। कहा कि प्रत्येक राउंड के बाद रिजल्ट की घोषणा की जानी है अतः माईकिंग का उच्चतम गुणवत्ता का रखने पर बल दिया। कहा कि काउंटिंग में किसी प्रकार की छोटी गलती भी ना हो, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि सभी कर्मी प्रातः 7 बजे काउंटिंग स्थल पहुंचे यह भी सुनिश्चित होना चाहिये। इसके अलावे उन्होंने पोस्टल बैलेट व ईटीबीपीएस की काउंटिंग के लिए भी सारी व्यवस्थाएं को तयसमय पर दुरुस्त कर लेने की बात कही। इस अवसर पर पांचो आरओ, सभी एआरओ सहित विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारी मौजूद रहे।


चुनाव से संबंधित मुद्दों को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा करते डीसी शशि रंजन।

## शुभ कार्यों का आरंभ केक-फीता काटकर नहीं, पौधा लगाकर करें: डॉ कौशल किशोर


**भीषण गर्मी, प्रदूषण और भीषण जल संकट से मुक्ति पाना है तो लोगों को पर्यावरण धर्म को भी अपनाना ही होगा : अमित कुमार जायसवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता


पौधा लगाते व शपथ दिलाते पर्यावरणविद डॉ कौशल व पार्षद अमित।

**मेदिनीनगर।** छतरपुर अनुमंडल के इटकदाग पंचायत के सुगरी गांव में मुखदेव यादव के श्राद्ध पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम दुगोला गायन मुकाबला का शुभारंभ विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल, रामजतन यादव और छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगाकर किया। इस अवसर पर ट्री मैन डॉ कौशल ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्हें पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाई। कहा कि लोग अपने धर्म के साथ ही पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्रों को अपनाते हुए किसी भी कार्यक्रम की शुरुआत केक और फीता काटकर करना छोड़ दे। अगर उसके स्थान पर लोग एक-एक पौधा लगाएं तो एक साल में करोड़ों पेड़ों का इजाफा हो जाएगा। जिससे करीब दो वर्षों के भीतर भीषण गर्मी व जल संकट के साथ ही प्रदूषण से भी आजादी मिल सकती है। वहीं, छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित जायसवाल ने कहा कि देश को भीषण गर्मी, प्रदूषण और भीषण जल संकट से मुक्ति पाना है तो लोगों को पर्यावरण धर्म को भी अपनाना ही होगा। क्योंकि दूसरा कोई विकल्प नहीं है। वहीं, बिहार से आये व्यास गुड्डू हलचल और झारखंड के व्यास अखिलेश यादव ने अपनी गायिकी से लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस मौके पर हुटुकदाग पंचायत के मुखिया राजेंद्र सिंह, चिरु पंचायत के मुखिया पति प्रमोद यादव, डाली पंचायत के पूर्व उप मुखिया अफजाल अंसारी, स्व मुखदेव यादव के पुत्र रामजतन यादव, कामेश्वर यादव, राम रतन यादव, जगदीश यादव, रिश्तेदार, प्रभु यादव, भोला यादव, कर्म देव यादव, पोता विजय यादव, पप्पू यादव, उदय यादव, अंजन यादव, सोनू यादव, सनोज यादव, रविंदर यादव और विजेंद्र यादव शामिल थे।

## हुसैनाबाद कृषि तकनीकी सूचना केंद्र से चना बीज की हुई चोरी



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** कृषि तकनीकी सूचना केंद्र के हुसैनाबाद कार्यालय में किसानों के बीच वितरण के लिए रखे गए चना के बीज चोरी हो गयी है। इस संबंध में केंद्र के सहायक तकनीकी प्रबंधक जय गोविंद यादव ने हुसैनाबाद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने आवेदन में बताया है कि बुधवार की शाम करीब पांच बजे अपने कर्मियों के साथ कार्यालय बंद कर घर चले गए थे। गुरुवार की सुबह जब कर्मियों के साथ कार्यालय पहुंचे और ताला खोला तो देखा की खिड़की टूटी हुई है। कार्यालय का एक दरवाजा भी टूटा है और उसमें रखा बीज गायब है। कुल 11 क्विंटल 40 किलो चना बीज चोरी हुआ है, जिसकी कीमत एक लाख आठ हजार 870 रुपए है। उन्होंने थाना प्रभारी से मामले की जांच कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

## कार में छिपाकर बिहार ले जायी जा रही 30 कार्टून अवैध देशी शराब जब्त

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** दंगवार ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर अवैध देशी शराब जब्त किया है। इस संबंध में दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम देवरी कला से एक सफेद रंग की कार में अवैध देशी शराब भरकर तस्कर दंगवार के रास्ते बिहार जाने की फिराक में हैं। उक्त सूचना के सत्यापन के लिए वरीय पदाधिकारी को सूचित किया गया। साथ ही सशस्त्र बल के साथ ओपी से जपला की ओर जाने का निर्देश दिया गया। जैसे ही ग्राम नदियाइन के पास पुलिस पहुंती तो देखा कि उक्त गाड़ी सड़क के किनारे खड़ी है। उसकी जांच के क्रम में पाया कि वाहन का गेट एवं पिछे की डिक्की खुली हुई है। जिसके बाद दो स्वतंत्र साक्षी के समक्ष उक्त वाहन में लदे कार्टन की गणना करने पर 30 कार्टन निकले जिसमें से एक को खोलने पर 25 पारदर्शी प्लास्टिक की बोतल जिस पर टनाका देशी शराब लिखा था। इस तरह 225 लीटर देशी टनाका शराब को वाहन सहित जब्त कर दंगवार ओपी में लाया गया। ओपी प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में हुसैनाबाद थाने में कांड संख्या 237/2024 के तहत बुदवार को को भादवि की धारा 274, 275, 292 बीएनएस एवं 47 (ए) उत्पाद अधिनियम के तहत कार के मालिक, चालक एवं अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।



## शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े लोग कभी सेवानिवृत्त नहीं होते: सोमा खंडौत

**सेवानिवृत पर जनता उच्च विद्यालय के लेखपाल को दी गयी विदाई**



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय में स्थित प्लस 2 जनता उच्च विद्यालय में गुरुवार को विदाई समारोह आयोजित हुआ। जिसमें सेवानिवृत लेखपाल सीताराम मेहता को सम्मान पूर्वक विदाई दी गई। इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत नप के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खण्डेत ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं, विदाई समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य भोला राय व संचालन बिनोद कुमार चौरसिया ने किया। इस अवसर पर सोमा खंडौत ने कहा कि सरकारी नौकरी में योगदान और कार्यकाल पूरा होने पर सेवानिवृत एक सामान्य प्रक्रिया है। जिससे सभी को गुजरना पड़ता है। लेकिन शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग कभी सेवानिवृत नहीं होते। बल्कि उन्हें समाज को जागृत करने की एक नई जवाबदेही अपने कंधों पर लेनी होती है। उन्होंने सीताराम मेहता के लंबी जीवन की कामना की। वहीं, सेवानिवृत लेखपाल ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले अनुभवों को साझा किया। कहा कि विश्रामपुर के लोगों ने जो स्नेह और सम्मान दिया है, उसे जिंदगी भर भुलाया नहीं जा सकता। प्राचार्य भोला राय ने सीताराम मेहता के कार्यकाल की जमकर सराहना की। इस मौके पर जेबी उच्च विद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार सिंह, देवेश पाल, अनिल कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, मनीष कुमार, अभिषेक कुमार, मुंसफ रजा, रिजवान अहमद, लाल सिंह, हिमांशु विश्वकर्मा, मो इरफान साजिद, मोड़ु अरसद हुसैन आदि मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच गरम वस्त्र का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से नगर पंचायत के कुम्हार टोला आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को गर्म वस्त्र उपलब्ध कराया गया है। पूर्व वार्ड पार्षद सुहैल आलम व आंगनबाड़ी सेविका दमयंती देवी ने संयुक्त रूप से वस्त्र वितरण किया। सुहैल आलम ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले अधिकतर बच्चे गरीब परिवार से आते हैं। सरकार ने इन्हें गर्म वस्त्र उपलब्ध कराकर सराहनीय कार्य किया है। गर्म वस्त्र मिलने से बच्चे सुबह ठंड के मौसम में भी आंगनबाड़ी केंद्र आसानी से आ सकेंगे। मौके पर आंगनबाड़ी सहायिका गुड़िया देवी के अलावा अन्य लोग मौजूद थे।

## सड़क निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल पर ग्रामीणों में आक्रोश, काम को रुकवाया

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला-बीमोड़ मुख्य पथ से गोदरमा गांव होते हुए उरसुला तक बन रहे तीन किलोमीटर लंबी सड़क कालीकरण कार्य में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। जिसे देख गुरुवार को ग्रामीण आक्रोशित हो गये। ग्रामीणों ने सड़क पर हंगामा करते हुए काम को बंद करवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्राक्कलन की अनदेखी करते हुए कालीकरण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है। घटिया सामग्री से निर्माण किया जा रहा है। जिससे सड़क बनते ही उखड़ जा रही है। ग्रामीणों ने कहा कि इसकी शिकायत संबंधित विभाग के अधिकारी व डीसी से करेंगे। हंगामा करने वालों में उदेश्वर यादव, अमीन अंसारी, सलीम अंसारी, महमुद अंसारी, रहमान अंसारी, महबूब आलम और हजरत अंसारी आदि शामिल है।



## वाहन जांच के दौरान कटे 27,750 के चलान

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के छह मुहाने एवं शहर थाना गेट पर पुलिस ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दो पहिया वाहन के कुछ चालक बिना लाइसेंस और हेलमेट के गाड़ी चलाते पाये गये, जिन्हें जब्त कर शहर थाना परिसर लाया गया है। इस दौरान 17 बाइक को चालान के लिए पलामू जिला परिवहन कार्यालय में भेजा गया है। गुरुवार को जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 16 दो पहिया वाहन का चालान 17000 हजार रुपया और पांच टेंपो सवारी गाड़ी व ई रिक्शा मिलाकर चालान काटी गयी, जिसका कुल राशि 10,750 रुपया है। इस तरह कुल चालान की राशि 27750 रुपये वसूले गये।

स्पोर्ट्स

भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी शुक्रवार से शुरू होने जा रहा है, जिसकी कप्तानी तेज गेंदबाद जसप्रीत बुमराह करेंगे। वहीं नियमित कप्तान रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट से कप्तानी करेंगे।

## कोयला लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर क्षेत्र के महुगांवा अंतर्गत मंगरदाहा घाटी में गुरुवार को घना कोहरा होने के कारण अनियंत्रित होकर एक ट्रक पलट गया। हालांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं हुआ। जानकारी के मुताबिक इस दिन घना कोहरा था। चालक ने बताया कि कोयला लादकर वह गढ़वा से डाल्टनगंज जा रहा था। धुंध ज्यादा होने के कारण सामने से आ रही गाड़ी को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर ट्रक का पहिया सड़क में बने गड्ढे में गिर गया। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।




# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी आज से, बुमराह करेंगे कप्तानी

### रोहित शर्मा 24 को ऑस्ट्रेलिया पहुंचेंगे, दूसरे टेस्ट से करेंगे टीम की कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी शुक्रवार से शुरू होने जा रही है। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। भारतीय टीम की नजरें ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतने पर लगी होंगी, जबकि पैट कमिंस की अगुआई वाली कंगारू टीम भी पलटवार के लिए तैयार होगी। भारत ने 2018-19 और 2020-21 दौरों पर ऑस्ट्रेलिया को हराया था। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच इस बहुप्रतिष्ठित टेस्ट सीरीज का इंतजार दोनों टीमों के प्रशंसकों को रहता है। 2018 से पहले भारत ने ऑस्ट्रेलिया में कभी टेस्ट सीरीज नहीं जीती थी, लेकिन पिछले दो दौरों पर वह कंगारू टीम पर हावी रही है। दूसरी ओर, टेस्ट और वनडे में भारत के नियमित कप्तान रोहित शर्मा 24 नवंबर को ऑस्ट्रेलिया पहुंचेंगे। वह पर्थ में टीम से जुड़ेंगे, लेकिन टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं होंगे। वह दूसरे टेस्ट मैच से टीम की कप्तानी संभालेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक रोहित ने इस बारे में बीसीसीआइ को सूचित कर दिया है। रोहित की गैरमौजूदगी में पहले टेस्ट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम के कप्तान होंगे। वहीं केएल राहुल ओपनिंग कर सकते हैं। रोहित के अलावा बाकी भारतीय टीम 10-11 नवंबर को ही ऑस्ट्रेलिया पहुंच चुकी है।

**दूसरी बार पिता बने रोहित**

टीम इंडिया के टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित दूसरी बार पिता बने हैं। उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने 15 नवंबर की देर रात बेटे को जन्म दिया है। रोहित ने अपने बच्चे के जन्म के लिए टीम इंडिया से ब्रेक लिया था। बताते चलें कि रोहित ने 13 दिसंबर 2015 को रितिका सजदेह से शादी की थी। 30 दिसंबर 2018 को रितिका ने बेटी समायरा को जन्म दिया। समायरा अब 5 साल की हो चुकी है। दूसरी ओर टीम इंडिया के बैटर केएल राहुल भी जल्द ही पिता बनने वाले हैं। उन्होंने बॉलीवुड एक्ट्रेस आथिया शेट्टी से पिछले साल जनवरी में शादी की थी। रिपोर्ट्स के अनुसार, राहुल जनवरी 2025 में पिता बन सकते हैं। इसी साल जनवरी में विराट कोहली भी दूसरी बार पिता बने थे। उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने बेटे अकाय को जन्म दिया।

**ऑस्ट्रेलिया में 5 टेस्ट खेलेगी टीम इंडिया**

टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया में 32 साल बाद 5 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने गई है। सीरीज का पहला मैच शुक्रवार से पर्थ में खेला जाएगा, टीम फिर 6 दिसंबर से एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट खेलेगी। सीरीज का पांचवां और आखिरी टेस्ट 3 जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा।

## आयुष्मान आरोग्य शिविर में 150 मरीजों की हुई जांच

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वाधान में हरिहरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरुवार को आयोजित आयुष्मान आरोग्य मासिक शिविर में 150 मरीजों को जांच कर मुफ्त दवा दी गई। इस दौरान सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद के नेतृत्व में डॉ राजेश कुशवाहा, डॉ दवेंद्र कुमार, डॉ तोहिद और डॉ अनीश कुमार ने विभिन्न गांवों से आए मरीजों का इलाज किया। सीएचसी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ गोपाल प्रसाद ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में प्रत्येक महीने 21 तारीख को मासिक शिविर का आयोजन कर सर्दी, खांसी, बुखार, टाइफाइड मलेरिया आदि से ग्रस्त मरीजों को चिकित्सीय लाभ दिया जा रहा है। शिविर में स्वास्थ्य कर्मी विक्रांत कुमार, इमरोज अंसारी, संजीत सिन्हा, ओमप्रकाश आदि मौजूद थे।



### छह विधानसभा की इवीएम और पोस्टल बैलेट की काउंटिंग के लिए बनाये गये 200 टेबल

# धनबाद में मतगणना के लिए लगाये जायेंगे एक हजार मतगणनाकर्मी

## बाजार समिति प्रांगण में ही बनाये गये हैं स्ट्रांग रूम और काउंटिंग हॉल

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को मतदान खत्म हो चुके हैं। धनबाद जिले के सभी छह विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहे मतदाताओं की किस्तम इवीएम में बंद हो गयी है। अब जिला प्रशासन 23 नवंबर को होने वाली मतगणना की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है। मतगणनाकर्मियों की सूची तैयार कर ली गयी है। उनकों प्रशिक्षण भी दे दिया गया है। अधिकारिक सूत्रों की मानें तो जिले की सभी छह विधानसभा सीटों काउंटिंग के लिए एक हजार मतगणनाकर्मियों की जरूरत पड़ेगी। इसमें सुरक्षित मतगणनाकर्मियों की संख्या में शामिल है। छह विधानसभा की इवीएम और पोस्टल बैलेट की काउंटिंग के लिए 200 टेबल बनाए गये हैं। बाजार समिति प्रांगण में ही स्ट्रांग रूम और काउंटिंग हॉल बनाये गये हैं। इवीएम और पोस्टल बैलेट पेपर दोनों की काउंटिंग होगी। इसके लिए प्रत्येक टेबल पर तीन-चीन मतगणनाकर्मियों की तैनाती की गयी है। इनमें एक-एक पर्यवेक्षक और दो काउंटिंग कर्मी होगें।

### अलग-अलग बने हैं काउंटिंग हॉल

काउंटिंग के लिए अलग-अलग काउंटिंग हॉल बनाये गये हैं। एक हॉल में एक विधानसभा क्षेत्र की काउंटिंग होगी। जबकि पोस्टल बैलेट पेपर की गिनती के लिए अलग से हॉल बनाये गये हैं। सिंदरी, निरसा, धनबाद और झरिया विधानसभा सीटों के पोस्टल बैलेट पेपर की गिनती एक ही हॉल में होगी। जबकि टूंडी और बाघमारा विधानसभा क्षेत्र की गिनती एक हॉल में होगी। पोस्टल बैलेट पेपर की गिनती के लिए एक-एक विधानसभा क्षेत्र के लिए चार-चार मतदानकर्मियों की तैनाती की गयी है।

# चेक बाउंस मामले में छह महीने की सजा और दो लाख जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेनुघाट।** व्यवहार न्यायलय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति ने चेक बाउंस मामले में दोषी पाये जाने पर गांधीनगर निवासी राकेश कुमार भाटिया को छह महीने की सजा और दो लाख रुपए जुर्माना की सजा सुनाई है। बताते चलें कि वाद के परिवादी संजय कुमार ने तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम न्यायालय में 2020 में एक परिवाद पत्र दाखिल किया था, जिसमें बताया था कि उसकी और अभियुक्त राकेश भाटिया की पहले से दोस्ती थी। जिस कारण दोस्ती में ही तीन लाख 26 हजार रुपए 16 अगस्त 2016 को दिया ता। अभियुक्त राकेश कुमार भाटिया ने 14 मई 2019 को एक लाख 75 हजार और 14 जून 2019 को 26,200 रुपए लौटाया था। शेष 1.25 लाख रुपए के बदले अभियुक्त ने परिवादी संजय कुमार को दो चेक दिया था। पर चेक को जब बैंक में जमा किया गया तो वह बाउंस हो गया। जिसकी जानकारी अभियुक्त को दी थी पर उसने पैसा नहीं लौटाया। इस पर संजय ने अभियुक्त राकेश कुमार भाटिया के विरुद्ध न्यायालय में चेक बाउंस का मुकदमा दाखिल किया। न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्ष की अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने अभियुक्त राकेश कुमार भाटिया को दोषी पाते हुए छह महीने की सजा सुनाई। लगे हाथ दो लाख रुपये जुर्माना भी लगाया। उधर, सजा सुनाये जाने के बाद अभियुक्त राकेश भाटिया के अधिवक्ता ने न्यायालय में सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करने का आवेदन दिया। जिसके बाद राकेश भाटिया को जमानत पर छोड़ दिया गया। परिवादी संजय कुमार की ओर से अधिवक्ता रमेंद्र कुमार सिन्हा और रतन कुमार सिन्हा ने बहस की।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत किया गया पौधरोपण



आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह/बेरमो।** मेरा युवा भारत नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं केंद्रीय खेल मंत्रालय के सौजन्य से आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति की ओर से गुरुवार को सुरही में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। समाजसेवी भुनेश्वर महतो ने कहा कि मेरा युवा भारत, नेहरू युवा केंद्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत नावाडीह प्रखंड के विभिन्न हिस्सों से एक हजार पौधा रोपण किया जाना है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम एक अद्भुत पहल है, जो पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के प्रति सम्मान को जोड़ती है। इस कार्यक्रम का आयोजन आपके समुदाय में एक सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। मौके पर लक्ष्मण गुप्ता, हसमत अंसारी, मुकेश साव, चन्द्रदेव ठाकुर, गुड़िया देवी और अनु कुमारी आदि उपस्थित थे।

# बराकर नदी का बालू बना चोरों का चारागाह, तस्करों की चांदी





आजाद सिपाही संवाददाता

**निरसा।** चिरकुंडा स्थित बराकर नदी इन दिनों बालू चोरो का चारागाह बना हुआ है। चिरकुंडा के ही बालू माफिया अजय और मनोज की जोड़ी ने कथित रूप से स्थानीय पुलिस के संरक्षण में दिन के उजाले में ही जेसीबी-ट्रैक्टर लगाकर बालू की चोरी कर रहे हैं, जिसे मां कल्याणी नामक एक कारखाने में लाकर बेखौफ होकर मशीन से अलग-अलग साइज कर बोरियों में भर कर विभिन्न राज्यों में भेज कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। बतातें चलें कि लंबे समय से चिरकुंडा के बराकर बालू घाट की नीलामी नहीं हुई हैं। इसके बावजूद रोजाना माफिया हजारों टन बालू नदी से निकाल कर बेच रहे हैं। वहीं, आमलोगों को पुलिस का दौंस दिखाकर चुप करा देते हैं। माफिया बालू सहित बालू के पत्थर भी बेचते हैं। चर्चा है कि इस अवैध काम के ऐवज में चिरकुंडा पुलिस को एक मोटी रकम दी जाती है। साथ ही इस थाना क्षेत्र में अगर कोई भी अवैध काम करना है तो इस बालू माफिया से ही मिलना होगा। चिरकुंडा थाना प्रभारी रामजी राय ने कहा कि यह खनन विभाग का मामला है। इसमें वे कुछ भी नहीं कहेंगें। उधर, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मामला संगीन है। हमारे संज्ञान में ऐसी कोई बात नहीं है। जांच करने के बाद ही पता चल पाएगा। उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

# गोबर उठाने के दौरान हाइटेंशन तार के संपर्क में आने से बच्ची झुलसी

**निरसा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के जोगीतोपा गांव स्थित मैदान में गुरुवार को गोबर उठाने के दौरान हाईटेंशन बिजली के तार के संपर्क में आने से 10 वर्षीय बच्ची झुलस गई। उसकी पहचान खुशबू साहनी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की मदद से बच्ची को गंभीर अवस्था में डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा कि गांव के वृंदावन साहनी की पुत्री खुशबू इस दिन सुबह 8 बजे गोबर उठाने के लिए मैदान में गयी थी। वह हाथ में एक डंडा व टोकरी लिये गोबर उठा रही थी। तभी जमीन से 4 फीट की ऊंचाई पर लटक रहे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आकर वह गंभीर रूप से झुलस गई। ग्रामीणों ने बताया कि जमीन से मात्र चार फीट की ऊंचाई से उच्च धाराप्रवाह वाली बिजली के तार गुजरने से हमेशा भय का माहौल बना रहता है। मवेशियों को चराने वाले लोगों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है। वहीं, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष राखोहरी दास की सूचना पर विधायक अपर्णा सेनगुप्ता गांव पहुंचीं और पीड़ित परिवार व बच्ची से मिलकर हालचाल जाना। साथ ही बिजली विभाग के कनीय अभियंता से फोन पर बात कर पोल व तार को बदलने को कहा है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धिपत्र /सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– BCD/EE/ HAZARIBAG/ 43 /2024-25 ,PR संख्या– 339978 Building(24-25)_D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 340223 Building(24-25)#D


# दीक्षांत समारोह के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** विनोद बिहारी कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) धनबाद के दूसरे दिक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए गुरुवार से ऑनलाइन आवेदन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तारीख 31 दिसंबर है। डिग्री सर्टिफिकेट के लिए 650 रुपये जमा करने होंगें। आवेदन के साथ ही मैट्रिक पास का सर्टिफिकेट, कोर्स मार्क्सशीट यूजी, पीजी, बीएड, एमएड, एलएलबी, एमबीबीएस के साथ ही हिंदी लिखा हुआ आधार कार्ड की कॉपी भी संलग्न करनी होगी।

# गोमो-पटना रूट पर 45 दिनों तक बाधित रहेगा रेल परिचालन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गोमो-पटना रूट पर 45 दिनों के लिए रेल परिचालन बाधित होने जा रहा है। ऐसे में बिहार को दक्षिण भारत से जोड़ने वाली तीन ट्रेनों के मार्ग में बदलाव करने का फैसला लिया गया है। इन ट्रेनों को धनबाद-प्रधानखंटा-झाझा-पटना के रास्ते चलाई जाएगी। दरअसल, गोमा-पटना रूट पर गया स्टेशन का पुनर्विकास कार्य किया जा रहा है। इस वजह से ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ने वाला है। बताते चलें कि गया स्टेशन का पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है। इसी के मद्देनजर गया स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 06 एवं 07 पर 24 नवंबर 2024 से सात जनवरी 2025 तक (45 दिनों) का ब्लॉक लिया जाएगा। इस कारण गया स्टेशन से खुलने/पहुंचने और गुजरने वाली ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। इस कारण पटना-सिकंदराबाद स्पेशल, हैदराबाग-पटना स्पेशल और सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन का मार्ग बदला जा रहा है।

### धनबाद के रास्ते चलेंगी ये ट्रेनें

**गाड़ी संख्या 03253 पटना-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन का परिचालन 25 नवंबर से छह जनरवी 2025 तक परिवर्तित मार्ग वाया पटना-झाझा-प्रधानखंटा-धनबाद के रास्ते किया जाएगा। वहीं, गाड़ी संख्या 07255 हैदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन का परिचालन 27 नवंबर से एक जनरवी 2025 तक परिवर्तित मार्ग वाया धनबाद-प्रधानखंटा-झाझा-पटना के रास्ते किया जाएगा। जबकि गाड़ी संख्या 07256 सिकंदराबाद-पटना स्पेशल ट्रेन का परिचालन 29 नवंबर 2024 से 03 जनरवी 2025 तक परिवर्तित मार्ग वाया धनबाद-प्रधानखंटा-झाझा-पटना के रास्ते चलेगी।**

### कोडरमा से होकर चलने वाली इन ट्रेनों का भी बदल जायेगा मार्ग

- गाड़ी संख्या 18623 इसलामपुर-हटिया एक्सप्रेस का परिचालन 23 नवंबर से 02025 6 जनवरी 2025 तक पटना-इसलामपुर-तिलैया-पैमार-बंधुआ के रास्ते किया जाएगा।
- गाड़ी संख्या 18624 हटिया-इसलामपुर एक्सप्रेस का परिचालन 23 नवंबर 2024 से 06 जनरवी 2025 तक बंधुआ-पैमार-तिलैया-इसलामपुर-पटना के रास्ते किया जाएगा।

बता दें कि गया स्टेशन पर 45 दिनों के लिए ब्लॉक लिए जाने के कारण कई अन्य ट्रेनों का भी परिचालन प्रभावित होगा। इसके तहत कुल 13 ट्रेनें रद्द रहेंगी। 9 गाड़ियों का रूट बदलने का फैसला लिया गया है। वहीं, 18 ट्रेनों को आंशिक समापन/प्रारंभ कर चलाई जाएगी।




**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



**अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–55 वर्ष, रंग–सॉवला, ऊँचाई–5 फिट 3 ईंच, पहनावा–उजला फुल सफेद रंग का टी शर्ट एवं नीला रंग हाफ पैंट, बाल–सफेद व काला, आगे की तरफ बाल उड़ा हुआ, ललाट के पास मस्सा।**

उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव लोअर बाजार थाना अन्तर्गत दिनांक–13.10.2024 को कॉटा टोली पुल के नीचे से बरामद किया गया। जिसके संबंध लोअर बाजार थाना यू0डी0 काण्ड सं0–11/2024, दिनांक–13.10.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, रॉंची। –9431706139
थाना प्रभारी लोअर बाजार, रॉंची। –9431706171

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 340236 Police(24-25)#D


### चुनाव संपन्न होने के बाद भी नहीं छोड़ा मिलने-जुलने का सिलसिला

# जिसका काम ही पहचान, उसे नहीं होती थकानः डॉ लंबोदर महतो

**प्रोजेक्ट विद्यालय में जाकर छात्राओं को भी पढ़ाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गोमिया।** आमतौर पर थकान व व्यस्तता होने पर लोग आराम करना चाहते हैं। लगातार चुनावी अभियान के दौरान पदयात्रा, जनसंपर्क व जनसंवाद करने और मतदान के बाद आराम करना तो जरूरी हो जाता है। पार गोमिया के एनडीए समर्थित आजसू प्रत्याशी डॉ लंबोदर महतो चुनावी थकान व व्यस्तता को पीछे छोड़ते हुए गुरुवार को पेटरवार प्रखंड अंतर्गत सदमा कलां पंचायत के चंद्रपुरा गांव के अपने आवास से पहले सुबह टहलने निकल गए और आसपास के गांवों में जाकर बड़े बुजुर्गों से मिलकर आशीर्वाद लिया। छोटों को स्नेह दिया। साथ ही कई लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना व कुशल क्षेम भी पूछा। इसके बाद आवास लौटकर स्नान और पूजा पाठ की। इसके बाद आवास में विभिन्न इलाकों से आए लोगों से बारी-बारी से मिले और फीड बैक लिया। साथ ही असम से आए भाजपा नेताओं से भी मिले। इस बीच बारी-बारी से समाचार पत्रों को पढ़ा। दोपहर एक पेटरवार के ही प्रोजेक्ट बालिका प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में जाकर करीब एक घंटा पढ़ाया। इसके बाद पेटरवार चौक आकर समाधान केंद्र में गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की मौजूदगी में एनडीए के नेताओं, कार्यकर्ताओं व समर्थकों के बीच चुनाव अभियान व मतगणना के बाद मिल रहे संकेत व रूझान को लेकर मंत्रणा की। डॉ लंबोदर महतो के चेहरे पर तनिक भी थकान का भाव देखने को नहीं मिला। यहां से निकल कर देर शाम तक लोगों से मिलते रहे। इस बीच कहा कि गोमिया विधानसभा क्षेत्र के गोमिया, पेटरवार व कसमार की जनता का अपार प्रेम व स्नेह हमें मिला है। समस्त जनता का आभारी हूं। साथ ही एनडीए घटक दल के लोगों के साथ वैसे सभी लोगों का भी मैं आभारी हूं जिन्होंने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से अपना अपना मुझे सहयोग व समर्थन दिया है।

# एलकेजी के लिए ऑनलाइन आवेदन की अवधि समाप्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)। डिनोबली सीएमआरआइ में एलकेजी के लिए ऑनलाइन आवेदन की अवधि गुरुवार को समाप्त हो गयी। वहीं, नर्सरी के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 को ही समाप्त हो चुका है।**


**कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ............................/ दिनांक ............................/

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 29.10.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर कॉलेज रोड पर सिसई कॉलेज मोड़ के पास से 06 पीस पाकर बोटा, 03 पीस आम बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0– अज्ञात को जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.12.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.340237 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D

# शराब और नशीली दवाओं के व्यापार पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाये जायेंगे : मंत्री पी हरिचंदन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** खनन विभाग के बाद आबकारी विभाग सबसे अधिक राजस्व देने वाले विभागों में से एक है। राज्य सरकार का लक्ष्य अगले दो वर्षों के भीतर राज्य से सभी प्रकार के अवैध मादक पदार्थों को कारोबार को रोकना है। कानून, लोक निर्माण और आबकारी मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने विभागीय समीक्षा बैठक में भाग लेते हुए कहा कि इसके लिए राज्य सरकार कानून में आवश्यक बदलाव लाने जा रही है, जिसमें दोषियों के खिलाफ कड़ी सजा और जुमार्ना लगाया जायेगा। मंत्री हरिचंदन ने निर्माण सौध में आबकारी विभाग के जिला अधीक्षक स्तर के अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि राज्य और जिला स्तर के आबकारी अधिकारियों के इमानदार काम के कारण अतीत में हुए कई अवैध कारोबार को रोका गया है। इसलिए, मंत्री श्री हरिचंदन ने कहा कि अधिकारियों को विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करना चाहिए और आबकारी कानूनों के उचित अनुपालन और अवैध मादक पदार्थों व्यापार की रोकथाम की दिशा में काम करना चाहिए। बैठक में आबकारी विभाग की आयुक्त एवं प्रशासनिक सचिव श्रीमती गुहापुनम तापस कुमार ने अवैध नशीली दवाओं के कारोबार और अवैध शराब पर नियमित रूप से कार्रवाई करने और एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस) अधिनियम के उचित अनुपालन, अधिकारियों और कर्मचारीयों की क्षमता बढ़ाने के लिए नियमित प्रशिक्षण पर जोर दिया। इसी तरह, आबकारी आयुक्त नरसिंह भोल ने विभागीय कार्यों और उठाये गये विभिन्न कदमों के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों की संख्या, जिला ब्लॉक स्तर के कार्यालय का बुनियादी ढांचा, अवैध नशीली दवाओं के कारोबार के खिलाफ उठाये गये कदम, अधिकारियों और कर्मचारियों की दक्षता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, नयी भर्तियां और पुराने कानूनों में संशोधन, जिसमें 2023-24 में विफल रहने वाले विदेशी और घरेलू शराब दुकानदारों के 2024-25 वर्षों के नवीनीकरण को निरस्त करने पर बैठक में चर्चा हुई।

# आयुर्वेद कॉलेज की हीरक जयंती चार को, राष्ट्रपति होंगी मुख्य अतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पुरी गोपबंधु आयुर्वेद महाविद्यालय की हीरक जयंती चार से छी तारीख तक मनायी जायेगी। इस को लेकर महाविद्यालय की ओर से जोरदार तैयारी शुरू कर दी गयी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू समारोह में मुख्य अतिथि होंगी और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आयुर्वेद के योगदान पर बोलेंगी। तीन दिवसीय आयुर्वेद महोत्सव का आयोजन आयुष मंत्रालय द्वारा किया जायेगा। आयुर्वेदिक विशेषज्ञ भाग लेंगे और सार्वजनिक स्वास्थ्य में आयुर्वेदिक उपचार पर चर्चा करेंगे। अध्यक्ष अरुण कुमार दास ने कहा कि महाविद्यालय परिसर में तीन दिनों तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसके अलावा, 'शब्दावली' कार्यक्रम का संचालन शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जायेगा। शिक्षाविद आयुर्वेद, होम्योपैथी, योग, प्राणायाम चिकित्सा पर आलोक पात करेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल रघुवर दास, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग, पुरी के सांसद डॉ संवित कुमार पात्र और विधायक सुनील कुमार महांति अतिथि के रूप में शामिल होने वाले हैं। इस कार्यक्रम में देश और विदेश के लगभग 1500 आयुर्वेद चिकित्सक, महाविद्यालयों के पूर्व छात्र, अध्यक्ष और संकाय भाग लेंगे।

# केंदुआपदा रेलवे स्टेशन पर आपदा प्रबंधन के मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**केंदुआपदा।** रेलगाड़ी के पटरी से उतरने या दुर्घटना जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में मंडल के सभी विभागों की तैयारियों की जांच करने के लिए खोरधा रोड मंडल द्वारा केंदुआपदा रेलवे स्टेशन पर आपदा प्रबंधन पर एक मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। राहत अभियान वास्तविक समय के आधार पर लोगों और सामग्री के साथ संचालित किये गये। केंदुआपदा रेलवे स्टेशन पर एक तीर्थयात्री स्पेशल के दो डिब्बों के पटरी से उतरने के दौरान मंडल द्वारा किये गये बचाव और बहाली कार्यों पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। तीर्थयात्री स्पेशल के पटरी से उतरने के तुरंत बाद, भद्रक रेलवे स्टेशन से दुर्घटना राहत ट्रेन और मेडिकल वैन बचाव कार्यों के लिए मौके पर पहुंच गयी। मॉक ड्रिल में बचाव और राहत कार्य जैसे मलबा हटाना, प्रभावित डिब्बों से घायल और फंसे हुए यात्रियों को निकालना, चिकित्सा उपचार, घायलों को अस्पताल पहुंचाना, यात्रियों को खाद्य पदार्थों की आपूर्ति, अनुग्रह राशि का भुगतान, यात्रियों के सामान और सामान की सुरक्षा, भीड़ को नियंत्रित करना आदि शामिल थे।

मॉक-ड्रिल में भाग ले रहे खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक श्री एच.एस.बाजवा ने कहा कि यह अभ्यास ऐसी वास्तविक घटनाओं के समय किये गये वास्तविक ऑपरेशनों की प्रतिकृति है। मॉक ड्रिल में खोरधा रोड मंडल की मेडिकल टीम, मुंडली/कटक से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) टीम, ओडिशा आपदा त्वरित कार्रवाई बल (ओडीआरएएफ) /कलिंग नगर/जाजपुर, केंदुआपदा पुलिस स्टेशन से स्थानीय पुलिस, जीआरपी, आरपीएफ, नागरिक सुरक्षा अधिकारी, खोरधा रोड स्काउट-गाइड और सभी शाखा अधिकारियों ने अपनी टीमों के साथ भाग लिया। यह मॉक ड्रिल खोरधारोड मंडल के वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री नमोनारायण मीना के मार्गदर्शन में आयोजित की गयी।

# मालकानगिरी में एनकाउंटर में एक माओवादी की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही) । डीवीएफ के जवानों और माओवादियों के बीच कथित तौर पर गोलीबारी तब हुई। जानकारी के मुताबिक, जिले के कालीमेला ब्लॉक के जिनेलगुड़ा जंगल के रास्ते कुछ माओवादि जिले में घुसने की कोशिश कर रहे थे, इसकी सूचना मिलने के बाद डीवीएफ जवानों ने इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। हालांकि, देर रात जवान और माओवादियों के बीच गोलीबारी हुई। जिसमें एक माओवादि के मारे जाने की खबर है। इसी तरह इस गोलीबारी में डीवीएफ का एक जवान घायल हो गया है। दो माओवादियों को भी कथित तौर पर जवानों ने गिरफ्तार कर लिया और इलाके में तलाशी अभियान अभी भी जारी है।**

# अच्युत सामंत 43वें विश्व कवि सम्मेलन में लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** किट, किस और किम्स के संस्थापक प्रो अच्युत सामंत को समाज में उनके परिवर्तनकारी योगदान के लिए वर्ल्ड एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर (डब्ल्यूएएसी) द्वारा प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार मदुरै में 43वें विश्व कवि सम्मेलन (डब्ल्यूसीपी) के उद्घाटन समारोह के दौरान 30 से अधिक देशों के कवियों की उपस्थिति में आध्यात्मिक नेता परमपावन थावाथिरु कुंद्राकुडी पोन्नमबाला आदिगलर द्वारा प्रदान किया गया। डॉ सामंत को कला, संस्कृति और साहित्य को बढ़ावा देने के लिए रवींद्रनाथ टैगोर पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। यह पुरस्कार सेतु भासकरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अध्यक्ष, परोपकारी और शिक्षाविद् डॉ सेतु कुमानन द्वारा प्रदान किया गया था। विश्व कवि सम्मेलन की विशेष सिफारिश पर, प्रो अच्युत सामंत को कला, संस्कृति और साहित्य को बढ़ावा देने के लिए उनकी प्रतिबद्धता को मान्यता देते हुए इसके कार्यकारी बोर्ड के सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह मान्यता परिवर्तन को प्रेरित करने और समुदायों में एकता को बढ़ावा देने के लिए कला, साहित्य और संस्कृति का लाभ उठाने की मेरी प्रतिबद्धता को मजबूत करती है जो मैं तीन दशकों से कर रहा हूं।

# आम आदमी पार्टी की सूची में 11 उम्मीदवारों का नाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** फरवरी में दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों पर चुनाव होना है। जिसको लेकर आम आदमी पार्टी तैयारी में जुटी हुई है। आज आम आदमी पार्टी ने पीएसी की बैठक बुलायी है। पीएसी की बैठक में दिल्ली विधानसभा 2025 चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई। पीएसी की बैठक में दिल्ली विधानसभा 2025 चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई, इस लिस्ट में 11 नाम शामिल हैं। 2020 में हुए चुनाव में आम आदमी पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था और 70 में से 62 सीटें जीती थीं। भाजपा के खाते में 8 सीटें गयी थीं, जबकि कांग्रेस के हाथ खाली रहे थे। अभी दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान अभी हुआ नहीं है।

## पहली लिस्ट में 11 उम्मीदवारों के नाम

| निर्वाचन क्षेत्र | उम्मीदवार का नाम |
|---|---|
| छतरपुर | ब्रह्मा सिंह तंवर |
| किराड़ी | अनिल झा |
| विश्वास नगर | दीपक सिंघला |
| रोहतास नगर | सरिता सिंह |
| लक्ष्मी नगर | बीबी त्यागी |
| बदरपुर | राम सिंह नेता |
| सीलमपुर | जुबैर चौधरी |
| सीमापुरी | वीर सिंह धींगान |
| घोंडा | गौरव शर्मा |
| करावल नगर | मनोज त्यागी |
| मटियाला | सोमेश शौकीन |

# राजनाथ सिंह ने विश्व को दिया शांति का संदेश, बुद्ध के सिद्धांतों से निकलेगा युद्ध का समाधान

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विभिन्न देशों के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए गुरुवार को कहा कि विश्व को जारी युद्धों और अंतरराष्ट्रीय क्रम की चुनौतियों के समाधान के लिए बुद्ध के सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को सुलझाने के लिए भारत ने हमेशा से बातचीत का रास्ता अपनाया है और इसकी वकालत भी करता है। लाओस दौरे पर गये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 11वें आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक और (एडीएमएम प्लस) में चीन के डोंग जून समेत अपने समकक्षों को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विश्व का तेजी से विभिन्न क्षेत्रों और खेमों में ध्रुवीकरण हो रहा है। इससे स्थापित वर्ल्ड आर्डर में तनाव पैदा हो रहा है। दस देशों का आसियान सम्मेलन लाओस की राजधानी वियनतियाने में आयोजित हुआ।

**भारत ने हमेशा बातचीत का रास्ता चुना**

इन सिद्धांतों का पालन करते हुए ही भारत ने जटिल अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को बातचीत से सुलझाया है। भारत हमेशा से स्पष्ट बातचीत और शांतिपूर्ण समझौते के लिए प्रतिबद्ध रहा है। खुलकर बातचीत करने से विश्वास, आपसी समझ और सहयोग की नींव रखी जाती है जो स्थायी साझेदारी के लिए जरूरी है। बातचीत की ताकत हमेशा प्रभावी और सकारात्मक नतीजे देने वाली होती है। इससे वैश्विक मंच पर तालमेल और स्थिरता बढ़ती है।

**हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर भारत का रुख**

हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर भारत के रुख को स्पष्ट करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत आसियान के दस देशों की भूमिका को क्षेत्रीय शांति और समृद्धि के लिए अच्छी तरह समझता है। इस संबंध में भारत आचार-संहिता के निर्धारण पर ऐसे मानक देखना चाहता है जो किसी पूर्वाग्रह से वैधानिक अधिकार निर्धारित नहीं करें। उन्होंने दक्षिण चीन सागर के लिए भी आचार संहिता होने पर जोर देते हुए कहा कि इस क्षेत्र के विभिन्न देश चीन की बढ़ती सैन्य मौजूदगी के दबाव को झेल रहे हैं। ध्यान रहे, चीन आचार संहिता का कड़ा विरोध करता है।


# जेएसपी उद्योग और कोयला खानों के लिए आरपीडीएसी की बैठक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** अंगुल जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) उत्कल बी1, बी2 और सी कोयला खानों की दूसरी पुनर्वास और परिधीय विकास सलाहकार समिति (आरपीडीएसी) और जेएसपी उद्योग की सातवीं आरपीडीएसी बैठक केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और माननीय विधायक अगस्ती बेहेरा की उपस्थिति में सचिन रामचंद्र यादव, राजस्व मंडल आयुक्त (उत्तरी प्रभाग) की अध्यक्षता में अंगुल के सर्किट हाउस में सफलतापूर्वक आयोजित की गयी। बैठक में अंगुल कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट अबदाल एम अख्तर, आइजी पुलिस सत्यब्रत भोई, पुलिस अधीक्षक राहुल जैन, भूमि अधिग्रहण अधिकारी श्री जयकृष्ण पात्र, उप-कलेक्टर नरेंद्र महांति और कई अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारी शामिल हुए। सत्र में भाग लेने वाले परिधि गांवों के प्रतिनिधियों ने जेएसपी द्वारा खनन और संयंत्र संचालन के लिए अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हुए उचित मुआवजे के साथ पुनर्वास उपायों के त्वरित कार्यान्वयन की आवश्यकता व्यक्त की।

जेएसपी ने 2030 तक इस्पात संयंत्र को दुनिया के सबसे बड़े एकल-स्थान इस्पात संयंत्र में बदलने और साथ ही स्थानीय समृद्धि और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के अपने प्रयासों में स्थानीय समुदाय से पूर्ण सहयोग का आग्रह किया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, जिन्होंने संबलपुर के सांसद के रूप में आरपीडीएसी की बैठक में भाग लिया, जिला प्रशासन और कंपनी के अधिकारियों को निरंतर बातचीत और सर्वसम्मति के माध्यम से चल रही विकास पहलों में तालमेल जोड़ने की सलाह दी। जेएसपी के कार्यकारी निदेशक पंकज मल्हान ने कहा, उद्योग के नेतृत्व में सामाजिक विकास को गति देने में जेएसपी को उनके निरंतर समर्थन के लिए हम अंगुल के लोगों के आभारी हैं।

















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**